54वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2015-16

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद
Indian Institute of Management Ahmedabad

विद्याविनियोगाद्विकासः
IIM AHMEDABAD

संस्थापक प्रणेता

डॉ. जीवराज एन. मेहता

कस्तूरभाई लालभाई

डॉ. विक्रम ए. साराभाई

पूर्व अध्यक्ष

डॉ. जीवराज एन. मेहता

श्री प्रकाश टंडन

श्री एस.एल. किर्लोस्कर

श्री केशव महिन्द्रा

श्री वी. कृष्णमूर्ति

श्री ए.पी. वेंकटेश्वरन

प्रोफेसर एस.के. खन्ना

डॉ. आई. जी. पटेल

श्री एन.आर. नारायण मूर्ति

डॉ.विजयपत सिंघानिया

श्री ए. एम. नायक

वर्तमान अध्यक्ष

श्री पंकज पटेल

वर्तमान निदेशक

प्रोफेसर आशीष नन्दा

पूर्व निदेशक

डॉ. विक्रम ए. साराभाई

प्रोफेसर रवि जे. मथाई

डॉ. सैम्युअल पॉल

प्रोफेसर वी. एस. व्यास

डॉ. आई. जी. पटेल

प्रोफेसर एन. आर. शेठ

प्रोफेसर पी. एन. खांडवाला

प्रोफेसर जहर साहा


प्रोफेसर बकुल एच. धोलकिया

प्रोफेसर समीर के. बरुआ

विद्याविनियोगाद्विकासः

IIM AHMEDABAD

54वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT

2015-16

वर्ष का सिंहावलोकन एवं भावी योजना 5

शैक्षणिक कार्यक्रम 8

1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) 8

2. खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एफएबीएम) 12

3. कार्यपालकों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) 13

4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम 14

स्थानन 15

दीक्षांत समारोह 18

प्रबंधन में संकाय विकास कार्यक्रम 19

अनुसंधान और प्रकाशन 20

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम 22

केस केन्द्र 23

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह 24

1. लिंग समानता, विविधता और समावेशिता केंद्र 24

2. अवसंरचना नीति और विनियमन केंद्र (सीआईपीआर) 25

3. नवाचार, उद्यमायन और उद्यमिता केंद्र 26

4. कृषि प्रबंध केंद्र 31

5. स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र (सीएमएचएस) 31

6. खुदरा बिक्री केन्द्र 32

7. सार्वजनिक प्रणाली समूह 32

8. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवप्रवर्तन केन्द्र 33



अनुक्रमणिका

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह 33

1. व्यापार नीति 35
2. संचार 36
3. अर्थशास्त्र 36
4. वित्त और लेखाकरण 37
5. मानव संसाधन प्रबंधन 38
6. सूचना प्रणालियाँ 39
7. विपणन 39
8. संगठनात्मक व्यवहार 40
9. उत्पादन और मात्रात्मक तरीके 41

पूर्वछात्र गतिविधियाँ 43

सामुदायिक सेवा सहायता 46

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले 48

भारतीय स्वर्ण नीति केंद्र 55

विभिन्न स्वर्ण उद्योग कार्यक्रमों में भागीदारी 55

बुनियादी ढाँचे का विकास 56

राजभाषा कार्यान्वयन 57

कार्मिक 58

छात्र गतिविधियाँ 59

विक्रम साराभाई पुस्तकालय 72

कल्याण गतिविधियाँ 74

परिशिष्ट 77

दृष्टि

उद्यमों के अग्रणियों को शिक्षण

लक्ष्य

भारत और अन्य देशों को बदलने के लिए अनुसंधान एवं निर्माण पर आधारित वैश्विक महत्त्व के नए विचारों को उत्पन्न करने तथा प्रचार के माध्यम से जोखिम उठाने वाले ऐसे अग्रणी-प्रबंधक तैयार करना जो संगठनों के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक प्रथाओं को बदल सकें।

उद्देश्य

- प्रबंधन और उसके अंतर्निहित विषयों के लिए जो प्रासंगिक है ऐसे अनुप्रयुक्त और संकल्पनात्मक अनुसंधान के माध्यम से ज्ञान का सृजन करना, और इस ज्ञान का प्रकाशनों के माध्यम से प्रसार करना।
- संगठनों के सभी प्रकारों में प्रबंधन में कैरियर और संबंधित क्षेत्रों के लिए युवा पुरूषों एवं महिलाओं को तैयार करने के लिए शैक्षणिक सुविधाएँ स्थापित करना।
- प्रबंधन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन शिक्षकों और शोधकर्ताओं को विकसित करना।
- नवाचार और अत्याधुनिक प्रबंधन शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से अभ्यासरत प्रबंधकों के निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रशासनिक क्षमता में सुधार करना और शिक्षा जारी रखने के लिए अवसर उपलब्ध कराना।
- परामर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना ताकि – क) संगठनों में निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रक्रियाओं को, और ख) सार्वजनिक नीतियों की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके।
- सार्थक सहयोग के माध्यम से अपनी क्षमताओं के निर्माण द्वारा अन्य प्रबंधन स्कूलों में प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाना।
- उपरोक्त उद्देश्यों में से किसी एक अथवा सभी के संदर्भ में संस्थान का संचालन और संबंधों का वैश्विकीकरण करना ताकि वैश्विक स्तर पर सम्मानित भारत में पूर्व-प्रख्यात प्रबंधन स्कूल के रूप में उभर सके।

वर्ष का सिंहावलोकन एवं भावी योजना

अपने सर्वोत्तम रूप में, आईआईएमए एक परिवर्तनकारी अनुभव है। यह उन लोगों पर स्थायी प्रभाव छोड़ता है जो इसे अनुभव करते हैं। यह प्रभाव जिस तरह से महसूस हुआ, उसे शायद यह देखकर समझा जा सकता है कि हमारे पूर्व छात्रों (एल्युमिनी) ने खुद कैसे आचरण किया है और उन्होंने जीवन में क्या हासिल किया है। हमारे पूर्व छात्रों ने खुद को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निगमों, उद्यमियों, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षाविदों के अग्रणी, और सामाजिक क्षेत्र के अग्रणियों के रूप में प्रतिष्ठित किया है। जीवन पथ में वे भले ही पारंपरिक रहे हैं, लेकिन हमारे पूर्व छात्र उत्प्रेरक रहे हैं। सामान्य तौर पर और असामान्य तरीके से, उन्होंने अपने आस-पास की दुनिया में बेहतर बदलाव का नेतृत्व किया है।

यह हमारे संस्थान का उत्कृष्ट उद्देश्य है : हम उद्यमों के अग्रणियों को प्रशिक्षित करते हैं।

इस उद्देश्य के लिए, संस्थान ने तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया है जोड़ना, शिक्षित (पोषित) करना और विकसित करना। मैं उन गतिविधियों पर प्रकाश डालता हूँ जिनमें इन प्राथमिकताओं में से प्रत्येक में कुछ तो संपन्न हो गई हैं और कुछ की योजना बनाई गई है।

हमारा उद्देश्य पांच कार्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करना है पूर्व छात्र, अनुसंधान, अभ्यास, नीति और समुदाय। पिछले साल, 450 से अधिक पूर्व छात्रों और उनके परिवारों ने आईआईएमए में आयोजित सात पुनर्मिलनों में भाग लिया। हमारे डीन (पूर्व छात्र और बाहरी संबंध) और मैंने भारत और विदेशों में सात एल्युमिनी चैप्टर का दौरा किया। हमारे पूर्व छात्रों और संस्थान के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए हम एक वैश्विक पूर्व छात्र परिषद की स्थापना करने जा रहे हैं।

अनुसंधान को जोड़ने के साथ मजबूत करने के लिए, हम अनुसंधान वित्त पोषण में काफी वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं ताकि साहसी और उत्पादक परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया जा सके और उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देना जारी रहे।

हम कार्यकारी शिक्षण को एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में देखते हैं जो संस्थान को अभ्यास की दुनिया से जोड़ता है और इस वर्ष भी इस सेतु को मजबूत करना जारी रखने की उम्मीद है। अभ्यास की दुनिया के साथ एक और महत्वपूर्ण सेतु जिसका हम समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वह केस अनुसंधान है।

आईआईएमए में जेएसडब्ल्यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी की स्थापना के साथ, हम पॉलिसी की दुनिया के साथ अधिक निकटता से संबंधित संस्थान के प्रयासों का एक केन्द्र विकसित करने की उम्मीद करते हैं।

यह संस्थान, स्थानीय समुदाय के बच्चों के साथ, छात्रों की अगुवाई वाली पहल प्रयास, और स्थानीय उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों के साथ ए-लीग के माध्यम से जुड़ा है। इस वर्ष, हमें स्थानीय बच्चों को सेवा सहायता की पहल को जारी रखने और अहमदाबाद/ गाँधीनगर समूह में अन्य शैक्षिक संस्थानों के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए ए-लीग की सफलता पर काम करने की आशा है।

उच्च-निष्पादन वाले काम के माहौल को विकसित करने के लिए, हम अपने छात्रों को शैक्षिक गतिविधियों से जोडने के साथ-साथ शैक्षिक से अलग गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्र लगातार तीसरे वर्ष भी इंटर-आईआईएम मीट 'संघर्ष' में विजयी रहे हैं। 40 ऑड स्टूडेंट्स क्लब त्यौहारों, मेलों, सम्मेलनों और कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, क्योंकि वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में सम्मिलित होते हैं बल्कि जीवन की संपूर्ण खोज करते हैं।

एक उच्च-निष्पादन वाले कार्य वातावरण ने पूरे समुदाय की शिक्षा को समृद्ध करने के लिए पृष्ठभूमि और अनुभवों की विविधता का लाभ उठाया है। हम उम्मीदवारों के लिए समृद्ध मिश्रण को प्रोत्साहित करना चाहते हैं जो प्रवेश के दौरान संपूर्ण मूल्यांकन के द्वारा हमारे कार्यक्रमों में प्रवेश कर सकते हैं और जिन उम्मीदवारों के लिए स्थगित प्रवेश की पेशकश कर रहे हैं वे कुछ कार्य अनुभव से लाभान्वित हो सकते हैं। हम अपने विनिमय कार्यक्रम का समर्थन करना जारी रखेंगे, जिनमें अपने सीखने के अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से हमारे 140 पीजीपी छात्रों ने पिछले साल, दोहरी डिग्री के अवसरों और अंतरराष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम में भाग लिया था।

एक शैक्षणिक व्यवस्था में, उच्च निष्पादन को उच्च उम्मीदों के साथ स्वायत्तता के संयोजन के द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है। हम अपने छात्रों को उन विषयों और क्षेत्रों के चयन में छूट देते हैं जिनमें वे विशेषज्ञता चाहते हैं, और जो भी विशेषज्ञता क्षेत्र चुनते हैं, हम उनसे उनमें उत्कृष्टता की उम्मीद करते हैं। वैकल्पिक पाठ्यक्रमों का एक जीवंत मिश्रण, क्षेत्रों के व्यापक क्षेत्र में इंटर्नशिप का अनुभव करने की क्षमता, उद्यमशीलता सोच वाले छात्रों को समर्थन करने के लिए उन्हें अपने पंख फैलाने और दिशा में उड़ने की सुविधा प्रदान की जाती है, जिसके लिए वे अपने को सबसे अधिक प्रतिबद्ध मानते हैं।

इसके समानांतर, संस्थान अपनी पसंद के विषयों और विषयों पर कार्य करने में शामिल होने के लिए हमारे संकाय को स्वतंत्रता प्रदान करता है, और जिस भी अनुसंधान क्षेत्र में वे शामिल होते हैं उनसे उत्कृष्टता की उम्मीद करते हैं। हमारे संकाय द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को परिपोषित करने के लिए, अनुसंधान वित्तपोषण में काफी वृद्धि करने की योजना को अलावा, हम उच्च गुणवत्ता वाले संकायों को उन्हें प्रोफेसरशिप की पेशकश करके मान्यता देते हैं।

संस्थान की समाज के प्रति भी समान प्रतिबद्धता है। वहनीय स्वायत्तता का हम यही बेहतरीन इस्तेमाल कर सकते हैं, कि हम अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन के लिए प्रयास करने का वादा करते हैं। माननीय अध्यक्ष और बोर्ड संस्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने उत्कृष्टता की खोज में हमें प्रोत्साहित और समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। उच्च उम्मीदों को बनाए रखते हुए बोर्ड ने प्रबंधन स्वायत्तता को बढ़ावा देने के शक्तिशाली रसायन विद्या का प्रदर्शन किया है।

शैक्षणिक उत्कृष्टता की संस्था के रूप में, हम समाज में व्यापक शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे डॉक्टरेट कार्यक्रम न केवल संस्थान में एक रोमांचक अनुसंधान वातावरण बनाए रखते हैं बल्कि वे फेलो भी तैयार करते हैं जो भारत और विदेशों में अन्य प्रबंधन संस्थानों में संकायों के रूप में योगदान कर सकते हैं। लगभग तीन दशकों से, हमने हमारे संकाय विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रबंधन विद्यार्थियों की शिक्षा में योगदान दिया है। देश में क्षमता निर्माण के लिए अर्थपूर्ण ढंग से योगदान करने के लिए, हम सक्रिय रूप से आईआईएम नागपुर का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

हमारा उद्देश्य रणनीतिक रूप से विकसित होना, हमारा फोकस बनाए रखना, समुदाय की भावना और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता है। हमारे आदर्श वाक्य विद्या विनियोगात् विकासः - ज्ञान के उपयोग के माध्यम से विकास करना है। शून्य में सीखना पर्याप्त नहीं है, न ही ज्ञान से असमर्थित प्रयास है। हम अपने छात्रों को अभ्यास के साथ ज्ञान को जोडने के लिए शिक्षित करते हैं। जैसे-जैसे हम अपने क्षेत्र का विस्तार करते हैं, वैसे-वैसे हम ज्ञान और अभ्यास के अंतःक्षेपण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

जब हम विकास पर ध्यान देते हैं, तब हम एक बाध्यकारी बाधा का सामना करते हैं, वह है भौतिक आधारभूत संरचना। हम संकाय और छात्र आवास के निर्माण के लिए नई परियोजनाओं और एक नए शैक्षणिक ब्लॉक की शुरूआत कर रहे हैं। हम स्विमिंग पूल के साथ मनोरंजन परिसर का निर्माण कर रहे हैं। हम आईआईएमए में जेएसडब्ल्यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के लिए एक इमारत का निर्माण कर रहे हैं।

ये सभी नए निर्माण हमारे सुंदर परिसर के विकास और नवीनीकरण को सुनिश्चित करने के लिए 25 वर्षीय विकास योजना का पहला चरण होगा। इस परिसर की विरासत और समग्रता को बनाए रखते हुए नया निर्माण हमारे रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा। जैसे-जैसे हम विकसित होते हैं, वैसे-वैसे हमें अपने प्रिय लेकिन पुराने, विरासती परिसर को बचाना और बहाल करना होगा । इस वर्ष हमारे पुस्तकालय और विरासती परिसर के लिए एक बहुवर्षीय संरक्षण परियोजना की शुरूआत होगी।

हम सार्वजनिक नीति में कार्यक्रमों को शामिल करने के लिए चुनिंदा कार्यक्रमों का विस्तार भी दूरस्थ शिक्षा तकनीक का लाभ उठाने वाले मिश्रित शिक्षण कार्यक्रम, और व्यापक कार्यकारी शिक्षा की विस्तृत श्रेणी से करेंगे।

हमने साथ मिलकर पिछले एक साल में काफी प्रगति की है, और हम इस आने वाले वर्ष की हमारी प्राथमिकताओं पर भी मिलकर आगे बढ़ने की योजना बना रहे हैं। जो भी हमने हासिल किया है, और जो कुछ भी हम करने का प्रयास कर रहे हैं, वह पूरे समुदाय के साथ मिलकर कार्य करने पर ही कामयाब हो सकता है और तभी हम उद्यमों के अग्रणियों को शिक्षित करने के हमारे अग्रणी संस्थान होने के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

आशीष नंदा

शैक्षणिक कार्यक्रम

वर्तमान में, संस्थान अलग-अलग अवधियों के पाँच शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) (एमबीए के समकक्ष); खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एफ़एबीएम) (एमबीए के समकक्ष); कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स); प्रबंधन में फैलो कार्यक्रम (एफ़पीएम) (पीएच.डी. के समकक्ष); और प्रबंधन शिक्षकों और प्रशिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)।

1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)

प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) का 52वां बैच 396 छात्रों के साथ 15 जून, 2015 को शुरु हुआ। साल के अंत में, 396 छात्र दूसरे वर्ष में आगे बढे।

कार्यक्रम का दूसरा वर्ष 395 छात्रों के साथ, 10 जून, 2015 को शुरू किया गया। दूसरे वर्ष के अंत में, (डबल डिग्री सहित) 403 छात्र संतोषजनक शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करके स्नातक हुए।

विवरण **परिशिष्ट क1** में दिये गये हैं।

श्रेणी के अनुसार छात्रों के विवरण

छात्र	सामान्य	एनसी-ओबीसी	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	विकलांग	कुल
प्रथम वर्ष	188	107	58	28	15	396
द्वितीय वर्ष	186	105	62	28	14	395

पूर्व-तैयारी (प्रीपरेटरी) कार्यक्रम

पूर्व-तैयारी कार्यक्रम को उन नए प्रविष्ट छात्रों के मतलब से तैयार किया गया है, जो संचार एवं गणितीय कौशलों में अपेक्षाकृत कमजोर हैं। नियमित सत्र के शुरू होने से पहले, 01 जून से 13 जून, 2015 के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में 99 छात्रों ने भाग लिया।

भिविन्यास कार्यक्रम

नए छात्रों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम 17 से 19 जून, 2015 के दौरान आयोजित किया गया था। इसमें डीन और पीजीपी अध्यक्ष के द्वारा संबोधन के उपरांत, पीजीपी कार्यकारी समिति और कंप्यूटर तथा पुस्तकालय की सुविधा के साथ ही उनके उपयोग से संबंधित जानकारी का उन्मुखीकरण कार्यक्रम रखा गया था। केस तैयारी तथा केस पद्धति पर एक विस्तृत सत्र का भी आयोजन नए छात्रों के लिए किया गया था जिससे छात्र केसों से परिचित हो सकें जो उनके लिए एक प्रमुख शैक्षणिक साधन है। संगठनात्मक व्यवहार विषय-क्षेत्र द्वारा स्वयं की और टीम की प्रक्रियाओं की समझ के लिए व्यवहारात्मक प्रतिबिंब पर एक दो-दिवसीय प्रेरण मॉड्यूल भी प्रस्तुत किया गया था।

ट्यूटोरियल

प्रथम वर्ष के कुछ पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षकों द्वारा ट्यूटोरियल की पेशकश की गई थी जिससे छात्रों को इस कार्यक्रम की आवश्यकताओं में मदद मिल सके।

पाठ्यचर्या

पीजीपी समीक्षा समिति द्वारा नवीनतम अनुसंधान के साथ तालमेल रखने के लिए समय-समय पर पाठ्यक्रम को संशोधित किया जाता है।

इस साल, प्रथम वर्ष के छात्रों ने तीन सत्रों से अधिक में फैले 30 अनिवार्य पाठ्यक्रम (2 नम्य मुख्य पाठ्यक्रम सहित) (22 केडिट) लिए। दूसरे वर्ष में, छात्रों को वैकल्पिक पाठ्यक्रम के न्यूनतम 17 केडिट और अधिकतम 20 केडिट पूरे करने थे।

दूसरे वर्ष के दौरान, कुल 136 पाठ्यक्रमों को वैकल्पिक रूप में पेश किया गया जिनमें से 22 वैकल्पिक पाठ्यक्रमों को पहली बार पेश किया गया था। पन्द्रह पाठ्यक्रमों को दो अनुभागों में पेश किया गया, तीन पाठ्यक्रमों को तीन अनुभागों में, और एक पाठ्यक्रम को चार अनुभागों में पेश किया गया था। इसके अलावा, 129 परियोजना पाठ्यक्रम पेश किए गए।

नए पाठ्यक्रम

दूसरे वर्ष में पेश किए गए नए वैकल्पिक पाठ्यक्रम इस प्रकार थे

- विमानन नीतियाँ और पीपीपी
- डेटा विश्लेषण के लिए बेएसियन तरीके
- बड़े डेटा विश्लेषक
- अभिनव व्यापार डिजाइन के लिए डिजाइन सोच
- वित्तीय मॉडलिंग
- एक प्रशिक्षु के लिए तकनीक पूर्वानुमान
- लोग खेल खेलते हैं : मानव संसाधन प्रबंधन का मनोविज्ञान
- वैश्विक नेतृत्व और प्रभावी लोक प्रबंधन
- प्रबंधकों के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मुद्दे
- भारत का समष्टि अर्थशास्त्र एक व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य
- विविध संगठनों का प्रबंधन
- बड़े पैमाने पर परिवर्तन अर्थशास्त्र और वित्त
- मोबाइल विपणन की आवश्यकताएँ
- वित्त में अनुकूलन के तरीके
- प्रबंधन के लिए गुणात्मक अनुसंधान
- रेल परिवहन योजना और प्रबंधन
- डिजिटल युग में सामरिक संचार
- प्रौद्योगिकी और नवाचार के सामरिक प्रबंधन
- आपूर्ति श्रृंखला की रणनीति
- स्थिरता और पर्यावरण प्रबंधन
- निर्णय लेने की कला औप शिल्प
- परियोजनाएँ क्यों असफल होती हैं? परियोजनाओं में अनिश्चितता, जटिलता, और जोखिम

दोहरी डिग्री विनिमय कार्यक्रम और एकसत्रीय विनिमय कार्यक्रम

दोहरी डिग्री विनिमय कार्यक्रम

शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को विकसित करने के उद्देश्य से, संस्थान स्नातकोत्तर स्तर पर दोहरी डिग्री कार्यक्रम के लिए निम्नलिखित विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग कर रहा है

- ईएसएसईसी
- बोक्कोनी विश्वविद्यालय
- एचईसी प्रबंध स्कूल
- यूरोपीय बिज़नेस स्कूल
- कोलोन विश्वविद्यालय
- ईएससीपी-यूरोप बिजनेस स्कूल

इस वर्ष के दौरान नौ द्वितीय वर्ष के छात्रों ने ईएसएसईसी बिजनेस स्कूल, बोकोनी विश्वविद्यालय, और एचईसी के दोहरी डिग्री कार्यक्रमों में भाग लिया। वर्ष के दौरान, बोकोनी विश्वविद्यालय से और एचईसी के सात छात्रों ने पीजीपी के दूसरे वर्ष में दोहरी डिग्री विनिमय कार्यक्रम में भाग लिया।

एक सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

पीजीपी छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन उपलब्ध कराने की दृष्टि से संस्थान ने एक सत्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रम के लिए कई अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों के साथ सहयोग किया।

इसके तहत, 131 छात्रों को भागीदार विदेशी विश्वविद्यालयों में भेजा गया, जबकि 81 विदेशी छात्र संस्थान में आए। इसके विवरण **परिशिष्ट क2 और क3** में दिए गए हैं।

छात्रवृत्ति

संस्थान ने शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियाँ प्रदान की हैं। संस्थान जरूरत के आधार पर भी छात्रवृत्तियाँ प्रदान करता है।

उद्योग छात्रवृत्ति

चालीस छात्रों को शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर उद्योग छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

आदित्य बिड़ला छात्रवृत्ति

आदित्य बिड़ला ग्रुप ने 10 छात्रों को प्रत्येक को 1,75,000/ रुपए की छात्रवृत्ति राशि के लिए चुना।

भा. प्र. संस्थान अहमदाबाद की विशेष आवश्यकता आधारित छात्रवृत्तियाँ (एसएनबीएस)

संस्थान ने इस वर्ष के दौरान आवश्यकता आधारित विशेष छात्रवृत्ति लगभग 4,80,14,000 रुपए की छात्रवृत्तियां दी। यह छात्रवृत्ति 50,000/ रुपए से लेकर 6,09,000/ रुपए तक थी। कुल पाठ्यक्रम फीस का अधिकतम 70 प्रतिशत समर्थन 76 छात्रों को दिया गया। इन छात्रवृत्तियों को प्राप्त करने वाले छात्रों का विवरण पाठ्यक्रम के अनुसार निम्न प्रकार है :-

	छात्रों की संख्या	राशि (रु.)
पीजीपी-द्वितीय	56	1,85,31,000
पीजीपी-एफ़एबीएम-द्वितीय	20	73,08,000
पीजीपी-प्रथम	134	1,69,05,000
पीजीपी-एफ़एबीएम-प्रथम	29	52,70,000
कुल	**239**	**4,80,14,000**

भारत सरकार - शीर्ष स्तर की शिक्षा के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना

अनुसूचित जाति : प्रथम वर्ष के छात्रों से प्राप्त पाँच आवेदनों को छह नवीकरण आवेदन पत्रों के साथ-साथ मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजा गया था। इस वर्ष के दौरान नवीकरण की गई छात्रवृत्तियों के लिए अनुदान प्राप्त हुआ और वितरित किया गया। प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अनुदान की प्रतीक्षा है।

अनुसूचित जनजाति : प्रथम वर्ष के छात्रों से प्राप्त पाँच आवेदनों को चार नवीकरण आवेदन पत्रों के साथ-साथ मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजा गया था। नवीकरण की गई छात्रवृत्तियों

के लिए अनुदान प्राप्त हुआ और इस वर्ष के दौरान वितरित किया गया। प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अनुदान की प्रतीक्षा है।

आईआईएमए अनुसूचित जाति / जनजाति छात्रवृत्ति

वर्ष के दौरान, 182 छात्रों को प्रत्येक को 1500 रुपए के हिसाब से अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

अन्य एजेंसियों द्वारा संस्थापित छात्रवृत्तियाँ

- पीजीपी द्वितीय वर्ष के रक्षित गुप्ता को 1,00,000/ रुपए की टी. थॉमस छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
- शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए प्रति छात्र 1,00,000/ रु की दुनिया वित्त छात्रवृत्ति निम्नलिखित पाँच छात्रों को प्रदान की गई:-
  - अनुराग अग्रवाल
  - आयुष अग्रवाल
  - अवनि जैन
  - अनिरुद्ध जैन
  - उज्ज्वल कालराध
- कई पीजीपी पूर्वछात्रों ने उदारता से जरूरतमंद छात्रों का समर्थन करने के लिए संस्थान में आर्थिक योगदान दिया है। जबकि निधि में से कुछ पूँजी का उपयोग एसएनबीएस के लिए तथा कुछ पूँजी का उपयोग वापसी योग्य आधार पर एसएनबीएस पुरस्कृतों के लिए टॉप-अप के रूप में किया गया।

राज्य सरकार से छात्रवृत्तियाँ

कर्नाटक सरकार द्वारा प्रायोजित छात्रवृत्ति जी.वी. चंदन कुमार को प्रदान की गई थी। छात्रवृत्ति की राशि 8,16,000 रू थी।

छात्रवृत्तियों का विवरण **परिशिष्ट क4** में दिया गया है।

अन्य पुरस्कार

श्री एस. के. शेठ स्मारक पुरस्कार

यह पुरस्कार श्रीमती शांति शेठ द्वारा संस्थापित अपने पति स्व. श्री एस.के. शेठ, संस्थान के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष की स्मृति में पीजीपी कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में उच्चतम ग्रेड अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार आयुष अग्रवाल को दिया गया।

एस. उमापति पुरस्कार

यह पुरस्कार स्वर्गीय एस. उमापति के भाई द्वारा, किसी एक छात्र की शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए संस्थापित है, और संस्थान के साथ सहयोग की उनकी स्मृति में पीजीपी प्रथम वर्ष के श्रेष्ठ छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार आयुष अग्रवाल को दिया गया।

सर्वोत्तम पीजीपी ऑल राउंडर के लिए कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार

कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार, स्वर्गीय श्री कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास के माता-पिता द्वारा किसी असाधारण छात्र के बहुमुखी प्रदर्शन को पहचान दिलाने एवं संस्थान के साथ श्रीनिवास की स्मृति में सम्मान के लिए स्थापित किया गया था। इस वर्ष, यह पुरस्कार अर्जुन बनर्जी को दिया गया।

प्रायोजक	राशि (रु.)	प्राप्तकर्ता	कक्षा / बैच
पीजीपी 1969 कक्षा बंदोबस्ती कोष	2,00,000	करिकलन डी.	पीजीपी-प्रथम / 2014-16
	2,00,000	बीवीएस फणीन्द्र	पीजीपी-प्रथम / 2014-16
	2,00,000	नायडू वेंकटरमण राव	पीजीपी-प्रथम / 2014-16
तेग इंडस्ट्रीज (श्री मदन मोहन्का)	1,00,000	मोनीष बख्शा	पीजीपी-द्वितीय/ 2014-16
श्री बी.वी. दोशी	3,00,000	अमृता डोकनिया	पीजीपी-द्वितीय/ 2014-16
श्री दीपक गुप्ता	3,00,000	करिकालन डी.	पीजीपी-द्वितीय/ 2014-16
	3,00,000	रयान जूड मोन्तेरियो	पीजीपी-द्वितीय/ 2014-16
पेरी विश्वनाथ छात्रवृत्ति, 2001कक्षा	4,00,000	गुलसार अहमद	पीजीपी-द्वितीय/ 2014-16 (दो साल के लिए)
तारावती ट्रस्ट (एमसीएम)	80,000	एंड्रयू जॉन विन्नी	पीजीपी-प्रथम/ 2015-17
एसएनबीएस के साथ विलय की गई छात्रवृत्तियाँ			
वारबर्ग पिंकस	16,80,000		पीजीपी-प्रथम / पीजीपी-द्वितीय एवं एफ़एबीएम-प्रथम /एबीएम-द्वितीय
श्री अर्जुन नंदा	16,50,000		पीजीपी-प्रथम / पीजीपी-द्वितीय एवं एफ़एबीएम-प्रथम / एबीएम-द्वितीय
श्री दीप कालरा	2,50,000		पीजीपी-प्रथम / पीजीपी-द्वितीय एवं एफ़एबीएम-प्रथम / एबीएम-द्वितीय
उद्योग एनबीएस फंड	10,000		पीजीपी-प्रथम / पीजीपी-द्वितीय एवं एफ़एबीएम-प्रथम / एबीएम-द्वितीय

शैक्षिक प्रदर्शन के लिए देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वर्ण पदक

यह पुरस्कार, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में कामधेनु फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है। यह उस छात्र को दिया जाता है जो कार्यक्रम के दोनों वर्षों में सर्वोच्च ग्रेड अंक प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार आयुष अग्रवाल को दिया गया था।

महिला ऑल राउंडर पुरस्कार

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता पुरस्कार, इस संस्थान के पूर्वछात्र श्री अरुण दुग्गल की पत्नी सुश्री रीता दुग्गल द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को पहचान देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री अर्पिता शेट्टी को दिया गया।

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता स्वर्ण पदक क्वेजल फाउंडेशन द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑल राउंड निष्पादन को मान्यता देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री अर्पिता शेट्टी को दिया गया।

सजीव सिरपाल शैक्षणिक एवं सृजनात्मकता उत्कृष्टता पुरस्कार

सुश्री कनक सिरपाल (1984) एवं मित्रों द्वारा संस्थापित यह पुरस्कार श्री सजीव सिरपाल (पीजीपी 1984) की स्मृति में छात्रों में शिक्षाविदों एवं सृजनात्मकता की पहचान करने के लिए दिया जाता है। इस वर्ष, ये पुरस्कार अनुराग अग्रवाल और शैली अनंत राणे को दिए गए।

श्रीमती जे. नगम्मा स्मारक पुरस्कार

यह पुरस्कार श्रीमती जे. नगम्मा की स्मृति में उनके पुत्र श्री प्रमोद कुंजू (पीजीपी 1999) द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए स्थापित किया गया है। यह उस छात्र को दिया जाता है जो पीजीपी प्रथम वर्ष के कार्यक्रम में सर्वोच्च सीजीपीए (संचयी ग्रेड बिंदु औसत) प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार आयुष अग्रवाल को दिया गया था।

श्री जी.सी. मित्तल उद्यमिता आर्थिक सहायता

यह पुरस्कार श्री अंकित मित्तल (पीजीपी 2005) द्वारा उन छात्रों के लिए स्थापित किया गया है जो स्वयं का उद्यम शुरू करना चाहते हैं। इस वर्ष, यह सहायता पूजा मेहरा को दी गई थी।

उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार

यह पुरस्कार श्री सुनील चैनानी (पीजीपी 1980) द्वारा स्थापित किया गया है। यह खेल में सर्वांगीण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री अजीता बनर्जी और श्री वरुण यादव (एफ़एबीएम) को दिए गए थे।

प्रवेश

पीजीपी 20152017 बैच में शामिल हुए उम्मीदवारों को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है :

	पुरुष	महिला	कुल
सामान्य	161	27	188
नॉन-क्रीमी ओबीसी	93	14	107
अनुसूचित जाति	48	10	58
अनुसूचित जनजाति	24	4	28
विकलांग	13	2	15
कुल	**339**	**57**	**396**

कैट 2015 का आयोजन 29 नवंबर 2015 को एक कंप्यूटर आधारित परीक्षा के रूप में किया गया था।

जून 2016 से शुरू होने वाले स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए 1,66,596 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें विदेशी उम्मीदवार भी शामिल थे। तुलनात्मक आंकड़े इस प्रकार हैं :

	बैच 2015-2017			बैच 2016-2018			
वर्ग	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	ट्रांस जेंडर	कुल
सामान्य	84939	38350	123322	86150	43087		129237
नॉन-क्रीमी ओबीसी	15305	4695	20000	16406	5510	37	21953
अनुसूचित जाति	7967	2749	10716	8497	3163		11660
अनुसूचित जनजाति	2008	839	2847	2157	892		3049
विकलांग	500	97	597	577	90		667
जीमैट / विदेशी भारतीय	20	7	27	17	2		19
एसएनक्यू (अधिसंख्य कोटा)	4	2	6	9	2		11
कुल	**110743**	**46739**	**157482**	**113813**	**52746**	**37**	**166596**
	70.32	**29.68**	**100.00**	**68.32**	**31.66**	**0.02**	**100.00**

पीजीपी 2016-2018 बेच के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या, अकादमिक लेखन परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों (एडब्लूटी एवं पीआई) की संख्या के विवरण **परिशिष्ट क5** में दिए गए हैं।

2. खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एफएबीएम)

खाद्य, कृषि-व्यवसाय, ग्रामीण, तथा संबद्ध क्षेत्रों में संगठनों की चुनौतियों से निपटने के लिए युवा महिलाओं एवं पुरुषों को गतिशील व्यावसायिक प्रबंधकों, अग्रणियों, तथा उद्यमियों के रूप में तैयार करने के लिए खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम बनायागया है। शुरूआत से ही संस्थान ने अपने महत्त्वपूर्ण हिस्से के रूप में कृषि, खाद्य, तथा अन्य विकासात्मक क्षेत्रों से संबंधित प्रबंधकीय मुद्दों को स्वीकार किया है।

उद्देश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पुरुषों और महिलाओं को खाद्य और कृषि व्यवसाय, ग्रामीण और संबंधित क्षेत्रों के लिए सक्षम व्यवसायी प्रबंधकों के रूप में विकसित करना है। बढ़ती हुई पर्यावरणीय चिंताओं एवं उच्चतम बाजारोन्मुख वातावरण में चुनौतियाँ बढ़ने से कृषि खाद्य उद्योग नीतियों में परिवर्तन करने और उन परिवर्तनों का प्रबंध करने के लिए जोशीले ढंग से प्रतिक्रिया करने की आवश्यकता है। अभिनव कौशलों के साथसाथ जो लोग इस उद्योग में कार्यरत हैं उन्हें प्रबंधकीय कौशलों की विभिन्नता की, नीति पर्यावरण से परिचित होने की, और एक रणनीतिक परिप्रेक्ष्य की जरूरत है। इन बदलावों की प्रक्रिया को प्रबंधित और नेतृत्व करने के इस कठिन कार्य के लिए इस कार्यक्रम द्वारा छात्रों को तैयार किया जाता है। इस कार्यक्रम के उद्देश्य इस प्रकार से हैं :

- कृषि व्यवसाय के विशिष्ट संदर्भ में प्रबंधकीय निर्णय लेने और लागू करने के लिए एक सामाजिक उद्देश्य की भावना के साथ-साथ छात्रों को वैचारिक और पारस्परिक कौशल के साथ तैयार करना।
- कृषि व्यवसाय के क्षेत्र छात्रों को सफल व्यावसायियों में परिवर्तित करने के लिए कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देना।
- छात्रों को परिवर्तन के अनुकूल बनने में सक्षम बनाते हुए उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना और जिन संगठनों में वे काम करते हैं वहाँ काम करने के लिए प्रेरित करना।
- छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाना और उनमें व्यावसायिकता, अखंडता, नैतिकता, और सामाजिक प्रतिबद्धता के मूल्यों को बढ़ाना।

प्रवेश

छात्र समुदाय द्वारा इस कार्यक्रम को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। वर्ष 2015-16 में संस्थान को 1,13,973 आवेदन प्राप्त हुए। इसके विवरण **परिशिष्ट ख1 और ख2** में दिए गए हैं। एक कठिन चयन प्रक्रिया के बाद, जिसमें सामान्य प्रवेश परीक्षा (कैट), समूह चर्चा, एवं साक्षात्कार शामिल थे, इस कार्यक्रम में 46 छात्रों को दाखिला मिला।

तैयारी कार्यक्रम

सभी नए छात्रों को उनके गणित, संचार एवं कंप्यूटर कौशलों को मजबूत करने हेतु 1 जून से 13 जून, 2015 तक चलाए गए प्रारंभिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा गया। इस बार कृषि से परिचय नाम के एक नए मॉड्यूल की शुरूआत की गई जो ऐसे छात्रों के लिए था जो कृषि क्षेत्र की औपचारिक शैक्षिक पृष्ठभूमि से नहीं थे।

अभिविन्यास कार्यक्रम

नए बैच के लिए 17 से19 जून, 2015 के दौरान एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पीजीपी-एफ़एबीएम कार्यकारी समिति के साथ बातचीत हुई और संस्थान की कंप्यूटर एवं पुस्तकालय सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को केस पद्धति शिक्षण से परिचित कराने के लिए केस तैयारी तथा केस चर्चा पर एक सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का दूसरा वर्ष 45 छात्रों के साथ, 10 जून, 2015 को शुरुहुआ। प्रथम वर्ष (2015-16) के अंत में, 46 छात्र प्रथम वर्ष से दूसरे वर्ष में पदोन्नत हुए।

इसके विवरण **परिशिष्ट ख3** में दिए गए हैं।

पाठ्यक्रम

इस कार्यक्रम का प्रथम वर्ष पीजीपी के साथ समान ही रहता है। छात्रों ने 30 अनिवार्य पाठ्यक्रम (22.50 केडिट्स) लिए जो छह स्लॉटों में थे। एक नया अनिवार्य पाठ्यक्रम ग्रामीण, सामाजिक और संस्थागत परिवेश की शुरुआत इस वर्ष विशेष रूप से एफ़एबीएम छात्रों के लिए की गई।

द्वितीय वर्ष में कृषि व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं को समाहित करते हुए चार क्षेत्रविशेष अनिवार्य पाठ्यक्रम और 27 ऐच्छिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दो नए ऐच्छिक पाठ्यक्रम कृषि भंडारण और कृषि बाजार एवं मूल्य निर्धारण प्रस्तुत किए गए। दूसरे वर्ष के छात्रों को न्यूनतम 17 केडिट और अधिकतम 20 केडिट के लिए पंजीयन करना जरूरी था। उन्हें अन्य कार्यक्रमों से भी 3.5 केडिट के लिए पंजीयन करने के लिए अनुमति मिली थी।

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल का उद्देश्य छात्रों को ग्रामीणों के जीवन से संपर्क कराना, ग्रामीणों के साथ बातचीत से सीखना और

ग्रामीण परिवेश, समाज, संस्थानों, एवं अर्थव्यवस्था से परिचित होने का एक मौका प्रदान कराना है। 30 मार्च से 9 अप्रैल, 2015 के दौरान इस ग्रामीण मॉड्यूल का पहला चरण आयोजित किया गया। छात्रों को नौ समूहों में विभाजित किया गया। भारत की श्रेष्ठ एनजीओ गैर-सरकारी संगठन में से एक ऐसे बीएआईएफ़, पुणे में छह समूहों को रखा गया। अन्य तीन समूहों को मेहसाणा, बारडोली, और अमलसाड में रखा गया। दूसरा चरण इन्हीं स्थानों पर, 12 से 22 दिसंबर, 2015 के दौरान आयोजित किया गया था।

छात्रवृत्तियाँ

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सभी छात्रों को भारत सरकार की अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की मदद करने के लिए, संस्थान ने आवश्यकता के आधार पर छात्रवृत्तियाँ प्रदान की।

पुरस्कार

श्री आर.सी. माथुर (आईआईएम अहमदाबाद के पीएमए 1072 बैच) पुरस्कार सर्वोत्तम आल राउंडर पीजीपी-एबीएम छात्रा सुश्री अमृता डोकानिया को दिया गया।

विनिमय कार्यक्रम

पीजीपी-एफ़एबीएम में द्वितीय वर्ष के पांच छात्रों को ईएसएसईसी एमएस एग्रीबिजनेस स्कूल भेजा गया और दो छात्रों को ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय भेजा गया और इन सभी ने वहाँ सितंबर से दिसंबर 2015 तक का एक सत्र बिताया।

3. कार्यपालकों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स)

पीजीपीएक्स कार्यक्रम की शुरूआत 9 अप्रैल, 2016 से हुई जिसमें 16 छात्राओं सहित कुल 85 छात्र शामिल थे। प्रतिभागियों की औसत उम्र 33 वर्ष थी और कार्यानुभव 9 वर्ष था जिसमें अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी शामिल था। इस बैच का प्रोफ़ाइल **परिशिष्ट ग1** में दिया गया है।

कार्यक्रम संरचना और पाठ्यक्रम

पाँच शैक्षणिक सत्रों में विस्तारित पीजीपीएक्स कार्यक्रम की संरचना छह खंडों में की गई है प्रेरण, घटकों का निर्माण, शीर्ष प्रबंधन की तैयारी, अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन, ऐच्छिक, और कैपस्टोन। सात नए पाठ्यक्रम सहित चौबीस मुख्य / अनिवार्य तथा बहत्तर ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की पेशकश इस अकादमिक वर्ष के दौरान की गई जिनमें 7 नए पाठ्यक्रमों सहित 40 पाठ्यक्रम चलाए गए।

इस वर्ष के दौरान पेश किए गए नए पाठ्यक्रमों की सूची **परिशिष्ट ग2** में दी गई है।

अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम 6 से 18 सितंबर, 2015 के दौरान आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने तीन समूहों में इस प्रकार यात्रा की :-

- चाइनीज़ युनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग, चाइना (30 छात्र)
- वारविक बिजनेस स्कूल (17 छात्र)
- एकोल सुपरियरेद कॉमर्स पेरिस, पेरिस (38 छात्र)

भारत में कारोबार करना

वारविक बिजनेस स्कूल से आए विनिमय छात्रों के लिए इस मॉड्यूल का आयोजन किया गया था। इसमें निम्नलिखित विषयों को समाहित किया गया :

- भारत में व्यापार
- भारत में व्यापार मध्यस्थता
- संकट संचार
- हितधारकों के साथ सहभागिता
- समावेशी नवाचार
- भारतीय अर्थव्यवस्था और विश्व व्यापार संगठन
- भारतीय अर्थव्यवस्था सूक्ष्म आर्थिक परिप्रेक्ष्य
- भारतीय वित्तीय प्रणाली
- भारतीय ग्राहकों के लिए विपणन
- भारत में पेटेंट संरक्षण
- भारत में पीपीपी (सार्वजनिक निजी सहकारिता)
- दुकान का स्थापन और भारत में व्यापार को बढ़ाना
- भारत में व्यापार रहस्य और संरक्षण
- भारत और भारतीय ग्राहकों को समझना

कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों ने अहमदाबाद में मोटिफ़ एटरप्राइज़ेस (केपीओ) और जीवीके ईएमआरआई (108 एम्बुलेंस सेवा) केंद्र का दौरा किया।

ईएससीपी छात्रों के लिए मॉड्यूल

एक अन्य मॉड्यूल ईएससीपी, पेरिस से आए विनिमय छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस मॉड्यूल में निम्नलिखित विषय शामिल हैं :

- भारत में व्यापार
- आर्थिक नीति सुधार
- भारत में विकास का इतिहास
- भारत देश, इसकी संस्कृति, राष्ट्रीयता, इतिहास और उपभोक्ताओं का एक संक्षिप्त अवलोकन

- बौद्धिक संपदा अधिकारों सहित विधिक परिवेश
- भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएँ
- भारतीय वितरण प्रणाली से निपटना
- भारतीय उपभोक्ता को समझना

कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों ने गुजरात चाय प्रोसेसर (वाघ बकरी चाय कंपनी), अटीरा (अहमदाबाद वस्त्र उद्योग अनुसंधान संघ), और संस्थान में नवाचार उन्मायन एवं उद्यमिता केंद्र का दौरा किया।

अकादमिक प्रदर्शन और छात्रवृत्तियाँ

सभी 85 छात्र सफलतापूर्वक स्नातक हुए। उन्हें निम्नलिखित प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया :

- पीजीपीएक्स टॉपर को स्वर्ण पदक श्री प्रसन्न वेंकटेशन श्रीनिवासन आय्यंगर
- शीर्ष पाँच छात्रों को प्रत्येक के लिए 30,000/ रु का नकद अकामदिक मेरिट पुरस्कार श्री प्रसन्ना वेंकटेशन श्रीनिवासन अय्यंगार, श्री विनोद शशिकांत कुलकर्णी, श्री शालीन मनीष पटेल, श्री अतुल कुमार, और श्री जयपाल सिंह यादव।
- श्री अरुण दुग्गल (अध्यक्ष श्री राम कैपिटल लिमिटेड, आईआईएमए के आकगंतुक संकाय और 1974 बैच के पूर्वछात्र) द्वारा प्रायोजित 1,00,000/ रु का सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्टता पुरस्कार श्री विनोद शशिकांत कुलकर्णी
- शापूरजी पालोनजी उभरते सितारे शैक्षणिक योग्यता पुरस्कार श्री अंशुल श्रीवास्तव।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान

पीजीपीएक्स कार्यक्रम ने फाइनेंशियल टाइम्स एफटी ग्लोबल एमबीए रैंकिंग2016 में विश्व स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान बनाए रखा। यह कार्यक्रम कैरियर प्रगति में प्रथम स्थान पर तथा समग्र दृष्टि से 24वें स्थान पर रहा।

पीजीपीएक्स छात्र गतिविधियाँ

कोनेक्सियन 2015

कोनेक्सियन 2015, वार्षिक व्यापार सम्मेलन 8 से 9 अक्टूबर 2015 के दौरान आयोजित किया गया। व्यापार जगत के लगभग 30 व्यावसायिक अग्रणियों ने विज़न 2025 भारत को वैश्विक नवाचार नक्शे पर स्थापित करना मुख्य विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए इस समारोह में भाग लिया। इसके उप-विषयों में स्मार्ट सिटीज़ में आईओटी (इंटरनेट ऑफ़ थिंग्सचीज़ों का इंटरनेट), नवोन्मेष को बढ़ावा देने में वित्त की भूमिका, मीडिया में नवाचार तथा मनोरंजन उद्योग, भारतीय विनिर्माण उद्योग में नवाचार की प्रासंगिकता, आत्मनिर्भर डिजिटल भारत का निर्माण, ग्राम्य खेलों में नवाचार तथा समाज के उत्थान में उसकी भूमिका आदि शामिल थे। मुख्य वक्ता और वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों तथा शिक्षकों के साथ अपने विचार साझा किए।

पीजीपीएक्स पूर्वछात्र मिलन

पीजीपीएक्स 2016 के बैच ने कोनेक्सियन 2015 के दौरान अपने अतिरिक्त कार्य के रूप में पूर्वछात्र मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मिलन समारोह में पचहत्तर पूर्वछात्र उपस्थित रहे और पीजीपीएक्स द्वारा व्यवसाय प्रबंधन की उनकी समझ को कैसे बढ़ावा मिला उस पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने उद्योग की अपेक्षाओं पर भी अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

पीजीपीएक्स वक्ता श्रृंखला

वक्ता श्रृंखला एक पीजीपीएक्स छात्रों की एक पहल है जहाँ वरिष्ठ कंपनी अग्रणियों और प्रख्यात नागरिकों को छात्रों के साथ अपने अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष सोलह वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किये। इसके विवरण **परिशिष्ट ग3** में दिए गए हैं।

प्रवेश

इस कार्यक्रम के लिए 923 आवेदन प्राप्त हुए और इनमें से साक्षात्कार के लिए 409 आवेदनों को लघुसूचीकृत किया गया। 100 उम्मीदवारों को अंतिम प्रस्ताव दिए गए और 10 को प्रतीक्षा सूची में रखा गया जिनमें से 9 को आगे बढ़ाया गया। अंततः, 90 उम्मीदवार (इसमें पिछले वर्ष के स्थगित 3 शामिल किए गए) कार्यक्रम से जुड़े जिनमें 20 छात्राएँ हैं। चार उम्मीदवारों ने अपने प्रवेश को स्थगित करते हुए आगामी अप्रैल 2017 में शुरू होने वाले बैच में शामिल होने का निर्णय लिया।

4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम

वर्ष 2016 में स्नातक हुए 12 छात्रों सहित इस वर्ष तक 319 छात्रों ने भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद फेलो की उपाधि प्राप्त की है। 41 छात्र शोध प्रबंध चरण में हैं और 39 छात्र पाठ्यक्रम कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2015-16 में स्नातक हुए छात्रों के नाम **परिशिष्ट घ** में दिए गए हैं।

पुरस्कार

आईएफसीआई शोध-प्रबंध पुरस्कार

	शोध-प्रबंध का शीर्षक	पुरस्कार
प्रंतोश जे. बनर्जी (विपणन)	बंडल घटकों के लिए उपभोक्ताओं की आईआरपी में परिवर्तन पर बंडल रूप का प्रभाव	50,000 रु
अमित के. वत्स (उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके)	अनिश्चित सर्वर की संख्या के साथ बहुअवधि सुविधा स्थान की समस्या	50,000 रु

प्रोफ़ेसर तीरथ गुप्ता स्मारक पुरस्कार

	शोध-प्रबंध का शीर्षक	पुरस्कार
हर्ष दाधीच (विपणन)	ब्रांड के विदेशीपन की धारणा उपभोक्ताओं के वर्गीकृत मनसूबे की एक जाँच और ब्रांड मूल्यांकन पर इसके प्रभाव	33,000 रु
कमल शर्मा (व्यापार नीति)	बड़ी भारतीय फर्मों में सामरिक परिवर्तन पर सीईओ के उत्तराधिकार का प्रभाव	33,000 रु
खान्डेपरकर कपिल लक्ष्मण (विपणन)	चलो उस चेहरे पर एक मुस्कान लाएँ विनोदी विज्ञापनों की असंबद्धता पर एक अध्ययन	33,000 रु

प्रथम वर्ष में सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन के लिए चौधरी-पद्मनाभन पंत पुरस्कार

- अर्पित शाह 10,000 रु

सम्मेलन / डॉक्टरल वार्ता / कंसोर्टियम में छात्रों की प्रतिभागिता / आधार पत्र प्रकाशन

सम्मेलन	
अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	13
घरेलू सम्मेलन	13
कुल सम्मेलन	26
कुल छात्रों ने भाग लिया	21
डॉक्टरल वार्ता / कंसोर्टियम	
अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टरल वार्ता	1
घरेलू डॉक्टरल वार्ता	1
कुल डॉक्टरल वार्ता	2
कुल छात्रों ने भाग लिया	2
आधार पत्र प्रकाशन	
कुल प्रकाशित आधारपत्र	20
शामिल छात्रों की कुल संख्या	10

पिछले 10 वर्षों की पीजीपी, पीजीपी-एफ़एबीएम, पीजीपीएक्स, और एफ़पीएम छात्रों की संख्या के विवरण **परिशिष्ट ङ** में दिए गए हैं।

स्थानन

पीजीपी

पीजीपी के लिए अंतिम स्थानन प्रक्रिया सफलतापूर्वक तीन समूहों के भीतर पूरी कर ली गई जिनमें छात्रों को 13 क्षेत्रों और उनकी पसंद के कार्यों के लिए स्थानन किया गया।

स्थानन प्रक्रिया

कंपनियों को प्रस्तावित प्रोफ़ाइल के आधार पर सहकर्मी-समूहों में बाँटा गया और इन सहकर्मी समूहों को विभिन्न समूहों में परिसर पर आमंत्रित किया गया था। पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष भी छात्रों को उनके सपनों के अनुरूप, स्थानन के प्रस्ताव मिलने के बावजूद बाद वाले समूहों में अपनी पसंद की कंपनी में आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करायी गई। इस वर्ष 100 से अधिक छात्रों नें अपने सपनों के लिए आवेदन किया था। इससे छात्रों को अपनी पसंद के क्षेत्रों में करियर बनाने के अवसर और विकल्प मिले। छात्रों को नवाचार एवं उद्यमायन उद्यमिता केन्द्र सीआईआईई के मार्गदर्शन के तहत अपने उद्यमशील विचारों पर काम करने का भी अवसर मिला।

क्षेत्रीय अवलोकन

विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक प्रदेशों से कंपनियाँ स्थानन प्रक्रिया में उपस्थित रही। प्रबंधन और आला परामर्श डोमेन में भर्तीकर्ता के रूप में अन्य सभी कंपनियों में एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, अल्वारेज़ एंड मार्सल, ए.टी. कर्नी, बैन एंड कंपनी, मैकिन्से एंड कंपनी, मॉनिटर डेलॉइट, रोलाण्ड बर्गर, और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप शामिल थीं। निवेश बैंकिंग और बाजार स्थानों में प्रमुख नियोक्ताओं में बैंक ऑफ अमेरिका, मेरिल लिंच, सिटी बैंक, ड्यूश बैंक, गोल्डमैन सैक्स, जे. पी. मॉर्गन, कोटक आई. बी. और स्टैंडर्ड चार्टर्ड शामिल थे। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा नियोक्ताओं में से एक्सिस बैंक, भारती एक्सा, और यस बैंक ने अपने प्रस्तावों को विस्तारित किया।

बिक्री और विपणन के कार्यभार के लिए अन्य कंपनियों में एयरटेल, डिज्नी, एचयूएल, जॉनसन और जॉनसन, पी एंड जी,

रेकिट बेंकिजर, स्टार इंडिया, वोडाफोन, और विप्रो जैसे नियोक्ताओं द्वारा पेशकश की गई थी। सामान्य प्रबंधन सहकर्मी में आदित्य बिड़ला समूह, टाटा एड्मिनिस्ट्रेटिव सर्विसीज़, सी.के. बिड़ला, महिंद्रा एंड महिंद्रा, और विप्रो ने भाग लिया। इंटरनेट और ईकॉमर्स में अमेज़न, फ्लिपकार्ट, ओला कैब्स, और स्प्रिंकलर जैसे नियोक्ता थे। प्रौद्योगिकी सहयोगियों में गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों में कार्यभार के लिए पेशकश की गई थी।

शीर्ष नियोक्ता

सन् 2016 में 110 से अधिक कंपनियों ने अंतिम स्थानन प्रक्रिया में भाग लिया। जिन कंपनियों ने परिसर में आकर सबसे अधिक पेशकश रखीं उनमें एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, अमेज़न, बैन एंड कंपनी, फ्लिपकार्ट, मैकिन्से एंड कंपनी और बोस्टन कंसल्टिंग समूह शामिल थीं। एक्सेंचर स्ट्रेटेजी ने सर्वाधिक 18 पेशकश रखीं। वैश्विक बैंकों में गोल्डमैन सैक्स सबसे बड़ा भर्तीकर्ता बना जिसने 7 छात्रों को चुना। बिक्री और विपणन के डोमेन में, स्टार इंडिया ने 9, और प्रोक्टर एंड गैंबल ने 8 पदों के लिए पेशकश रखीं। 7 पेशकशों के साथ आदित्य बिड़ला समूह जनरल प्रबंधन सहकर्मी में सबसे बड़ा भर्तीकर्ता रहा। इंटरनेट और ईकॉमर्स के क्षेत्र में, फ्लिपकार्ट ने विपणन, संचालन, उत्पाद विपणन और उत्पाद प्रबंधन में पदों के लिए छात्रों के समक्ष 17 प्रस्ताव प्रस्तुत करके सबसे बड़ा नियोक्ता रहा।

पुराने संबंधों को मजबूत करना और नए लोगों के साथ नए संबंध बनाना

स्थानन प्रक्रिया को उद्योग जगत के साथ संबंध निर्माण और एक सहजीवी संघ बनाने के एक अवसर के रूप में देखा जाता है। मौजूदा नियोक्ताओं ने बड़ी संख्या में भर्ती के द्वारा ना केवल संस्थान के साथ संबंध निभाए हैं बल्कि, कई नई कंपनियों को भी भर्ती के लिए जोड़ा है। जैसे कि देखा जा सकता है, निम्नलिखित सूचीबद्ध कंपनियाँ राष्ट्रीय और / या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने संचालन क्षेत्रों का नेतृत्व कर रही हैं

- वीयूक्लिप
- टॉपर
- बुक माय शॉ
- मुरुगप्पा
- मैत्रा ऐनर्जी
- स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज
- कुमार बिल्डर्स
- रेकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर
- एसकेएपीएस इंडस्ट्रीज
- रोपोसो
- पुणे सिटी कनेक्ट
- 5एफ़ वर्ल्ड
- टाटा कम्युनिकेशंस
- एडीसीजी
- अर्गा इन्वेस्टमेंट्स
- ब्रिजस्पान
- ल्यूसिडियस टेक
- सीईएससी
- ईज़ेडडीआई
- बीएमजीआई
- स्टेडव्यू कैपिटल
- बर्नेत्ता इंटरनेशनल
- टिपसन्स
- एससी जॉनसन
- एफ़एफ़सी
- स्प्रिंकलर

पीपीओ स्थानन (पूर्व-नियुक्ति प्रस्ताव)

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर, 108 छात्रों ने पूर्वस्थानन प्रस्ताव (पीपीओ) स्वीकार किया।

पार्श्व स्थानन

बैच के लगभग 50 प्रतिशत छात्र पार्श्व स्थानन के लिए पात्र थे और प्रौद्योगिकी, परामर्श, फार्मास्यूटिकल्स तथा विश्लेषिकी जैसे विविध क्षेत्रों से आई 30 से अधिक कंपनियों ने नियुक्ति की। पार्श्व स्थानन के माध्यम पैसठ छात्रों को नियुक्त किया गया।

उद्यमिता

हाल के वर्षों में छात्रों में अपने उद्यम शुरूकरने की प्राथमिकता बढ़ती दिखाई दे रही है। इस वर्ष लगभग 8 छात्रों ने अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने के लिए स्थानन प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना।

ऐसे उद्यमियों के उत्साह के जवाब में स्थानन समिति ऐसे छात्रों को दो वर्ष का स्थानन अवकाश दे रही है। जिन छात्रों ने उद्यमिता के आधार पर स्थानन प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना है वे आगामी दो वर्षों में स्थानन में भाग लेने के लिए पात्र रहेंगे।

पीजीपी-एफ़एबीएम

45 छात्रों के लिए खाद्य, कृषि व्यवसाय, और संबद्ध क्षेत्रों में कैरियर के अवसरों सहित अंतिम स्थानन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मजबूत स्थानन प्रक्रिया का प्रतिभाओं से मेल खाते अवसरों को देखकर प्रभावी रूप से नियोक्ताओं और छात्रों दोनों के तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

एफ.एम.सी.जी., कृषि आदानों, बी.एफ.एस.आई., परामर्श, और खुदरा जैसी विस्तारित कुल 33 कंपनियों ने इसमें भाग लिया और 56 प्रस्ताव दिये। गोदरेज समूह कंपनी और फ्यूचर ग्रुप शीर्ष नियोक्ता रहे जिन्होंने क्रमश छह और चार छात्रों की नियुक्ति की। इस प्रक्रिया में रेकिट बेंकिजर, एचडीएफसी, अमेज़नक्लाउडटेल, एडीएम, स्पान डाइवर्जेंट तथा ओम्नीएक्टिव्स जैसी नियोक्ता कंपनियों ने पहली बार भाग लिया। यस बैंक, राबो बैंक, सिंजेंटा, मोनसेंटो और टैफे जैसे नियमित नियोक्ताओं ने अनेक प्रस्ताव देकर इस कार्यक्रम में अपने आत्मविश्वास की पुष्टि की। इस कार्यक्रम की पहुंच को आगे अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से, विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली नई कंपनियों को स्थानन के लिए आमंत्रित किया गया था। कुछ नई नियोक्ता कंपनियों में से थीं पीडब्ल्यूसी, फ़्लोरिश फूड्स, एडीएम,अमेज़नक्लाउडटेल, स्पान डाइवर्जेंट, एडएलिमेंट्स, रेकिट बेंकिजर, ओमनी एक्टिव्स, और एचडीएफसी।

पीपीओ स्थानन

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर, पाँच कंपनियों द्वारा नौ पूर्व-स्थानन प्रस्ताव दिये गए, जिनमें से आठ प्रस्ताव स्वीकार किये गए।

नए रिश्तों का निर्माण

उद्योग में कार्यक्रम की पहुंच को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली नई कंपनियों को स्थानन के लिए आमंत्रित किया गया।

नए भर्तीकर्ता

- पीडब्ल्यूसी
- फ़्लोरिश फूड्स
- एडीएम
- अमेज़न-क्लाउडटेल
- स्पैन डाइवर्जेंट
- एडएलिमेंट्स
- रेकिट बेंकिजर
- ओम्नीएक्टिव्स
- एचडीएफसी

पीजीपीएक्स

पीजीपीएक्स की स्थानन प्रक्रिया दिसंबर, 2015 में शुरू हुई और प्रतिभागियों को मध्यम से लेकर वरिष्ठ स्तर के पदों के लिए चुना गया। पीजीपीएक्स स्थानन में प्रतिभागियों और संभावित नौकरी / भूमिका के बीच एक अच्छी उपयुक्तता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

जो कंपनियाँ स्थानन के लिए आई थी उनमें शामिल हैं भारती एयरटेल, एक्सेंचर, परसिस्टेंट सिस्टम्स, जेनपैक्ट, सिंटेल, एन्जेन ग्लोबल, एरिक्सन और माइक्रोसॉफ्ट। भारती एयरटेल ने सर्वाधिक संख्या में प्रस्ताव दिये।

एफपीएम

एफपीएम स्थानन प्रक्रिया अब नियत स्थानन से आगे बढ़कर के आवर्ती स्थानन तक पहुँच गई है। चार उम्मीदवारों ने एफपीएम स्थानन प्रक्रिया का उपयोग किया। अब तक, दो उम्मीदवारों ने शैक्षणिक कार्यभार के पद प्राप्त किये हैं और शेष अभी भी नियुक्ति की प्रक्रिया में हैं।

ग्रीष्मकालीन स्थानन के बारे में प्रश्नोत्तर

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रश्नोत्तर सत्रों का आयोजन प्रथम वर्ष के छात्रों को डोमेन के प्रकार तथा पदभारों के बारे में एक संक्षिप्त परिचय देने के लिए किया गया जिनमें छात्र ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान शामिल होने वाले हैं, जो कि एक शैक्षिक आवश्यकता है। पीजीपी-द्वितीय वर्ष के छात्रों ने पीजीपी प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ अपने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप अनुभवों को साझा किया। छात्रों को ये सत्र अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक लगे।

स्थानन के विवरण **परिशिष्ट च** में दिए गए हैं।

दीक्षांत समारोह

इक्यावनवाँ दीक्षांत समारोह 19 मार्च, 2016 को आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में, 12 एफपीएम छात्रों को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद के फेलो के पद से सम्मानित किया गया; 403 छात्रों को प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया; 46 छात्रों को खाद्य एवं कृषि-व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया; और 85 छात्रों को कार्यपालकों के लिए प्रबंधन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया।

निम्नलिखित छात्रों को शैक्षिक प्रदर्शन के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद पदक से सम्मानित किया गया :

पीजीपी

- आयुष अग्रवाल
- शाह आशय सुभाष
- अनुराग अग्रवाल

पीजीपीएक्स

- प्रसन्ना वेंकटेशन श्रीनिवासन अय्यंगर

स्वर्ण पदक विजेता

आयुष अग्रवाल

शाह आशय सुभाष

अनुराग अग्रवाल

प्रसन्ना वेंकटेशन श्रीनिवासन अय्यंगर

प्रबंधन में संकाय विकास कार्यक्रम

संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) एक 15 सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है, जो विशेष रूप से प्रबंधन शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए बनाया गया है। संस्थान ने एक विश्वविद्यालय शिक्षक श्रृंखला शुरू की उसके बाद सबसे पहला एफडीपी कार्यक्रम 1979 में प्रस्तुत किया गया। पिछले कई वर्षों में एफडीपी की संरचना और पाठ्यक्रम में प्रबंधन शिक्षकों के विकास की उभरती हुई आवश्यकताओं को देखते हुए, इसे फिर से रचा गया है।



37वाँ एफडीपी 8 जून से 26 सितंबर, 2015 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेपाल के चार शिक्षकों सहित कुल बयालीस प्रबंधन शिक्षकों ने भाग लिया। चौदह महिला संकाय सदस्य थीं, बारह लोगों के पास प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों में डॉक्टरेट उपाधि थी, और उन्नीस स्वप्रायोजित थे। कुल 47,500 रु. की फैलोशिप उन्नीस स्वप्रायोजित प्रतिभागियों के लिए प्रदान की गई थी। क्षेत्रीय प्रबंधन अध्ययन केंद्र शोध अनुदान उन प्रतिभागियों को दिया गया जिन्होंने गुजरात के लिए प्रासंगिक अनुसंधान अध्ययन में काम करने के लिए इच्छा जताई।

एफडीपी में विशेष रूप से ऐसे प्रबंध शिक्षकों के शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान कौशलों के उन्न्यन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जिन शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के तरीकों से वर्तमान घटनाक्रम में परिचय का अवसर नहीं मिला है। इस पाठ्यक्रम के तीन समूह पेश किए गए अनुशासन आधारित पाठ्यक्रम, मूलभूत पाठ्यक्रम, और एक ऐच्छिक का समूह। पहले समूह के पाठ्यक्रम में प्रबंधन रणनीति निर्माण तथा कार्यान्वयन, प्रबंधन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, आर्थिक माहौल एवं नीति, लेखा और वित्तीय प्रबंधन, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार की समझ, गुणात्मक अनुसंधान के तरीके, मानव संसाधन प्रबंधन, डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकी, और संचालन प्रबंधन शामिल थे।

मूलभूत पाठ्यक्रमों का लक्ष्य विशिष्ट शैक्षणिक और अनुसंधान कौशलों पर रहा और इनमें प्रबंधन शिक्षक के लिए संचार, अनुसंधान के तरीके और डिजाइन, डेटा विश्लेषण के लिए अनुप्रयोग, और प्रबंधन शिक्षा में केस विधि शामिल थे। प्रमुख पाठ्यक्रमों के साथ कारक विश्लेषण और संरचनात्मक समीकरण मॉडलिंग भी आयोजित किया गया था।

ऐच्छिक पाठ्यक्रम

संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन

- उन्नत संगठनात्मक व्यवहार
- समकालीन मानव संसाधन प्रबंधन अनुसंधान पर परिप्रेक्ष्य

वित्त

- लेखांकन अभ्यास और अनुसंधान में विषय
- वित्त में विषय

विपणन

- विपणन विश्लेषिकी और उपभोक्ता प्रतिक्रिया मॉडलिंग
- पिरामिड के निम्नस्तर के लिए व्यापार रणनीतियाँ
- तंत्रिका विज्ञान और उपभोक्ता व्यवहार
- विपणन में प्रयोगात्मक तरीकों के अनुप्रयोग और विपणन

अनुसंधान

प्रतिभागियों ने अमूल चॉकलेट संयंत्र, विद्या डेयरी, अमूल डेयरी, आईआरएमए, और बेडुवा ग्राम दुग्ध सहकारी सोसाइटी आनंद स्थलों का दौरा किया।

एफडीपी पूर्वछात्र

एफडीपी को इस तरह के देश के सबसे पुराने कार्यक्रमों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। इसके पूर्वछात्र नेटवर्क में नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका, भूटान तथा इथियोपिया के 91 प्रबंधन शिक्षकों सहित 774 सदस्य हैं। इन वर्षों में एफडीपी के पूर्वछात्रों ने भारत में तथा विदेशों में प्रबंधन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है।

अनुसंधान और प्रकाशन

इस संस्थान में अनुसंधान, महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि का गठन करता है। संस्थान द्वारा अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अनुदान अन्य सहायता की मात्रा पर निर्भर करते हुए बड़े, छोटे, या मूलधन के रूप में वर्गीकृत करके प्रदान किया जाता है। केस लेखन एक अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधि है जिसे संस्थान द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। प्रकाशन के विभिन्न प्रकार जैसे पुस्तकें, मोनोग्राफ़्स, जर्नल्स में लेख, केस इन अनुसंधान परियोजनाओं के ही परिणाम हैं।

इस वर्ष के दौरान, 13 अनुसंधान परियोजनाओं और 12 मूलधन परियोजनाओं को पूरा किया गया। सोलह अनुसंधान परियोजनाएँ और 12 मूलधन परियोजनाएँ शुरू की गई। इसके अलावा, 43 ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप परियोजनाएँ शुरूकी गईं।

इस वर्ष के दौरान शैक्षणिक समुदाय ने 7 पुस्तकें और जर्नल्स में 134 लेख लिखे। उन्होंने पुस्तकों में 29 अध्यायों का योगदान दिया, सम्मेलनों में 104 आलेख प्रस्तुत किए और 126 आधार-पत्र लिखे।

परिशिष्ट छ, ज, झ में इसके विवरण दिए गए हैं ।

विकल्प : निर्णयकर्ताओं का जर्नल

***विकल्प* : निर्णयकर्ताओं का जर्नल** भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद का एक तिमाही प्रकाशन है। वर्तमान में इसके 41वें वर्ष के प्रकाशन में, विकल्प शिक्षाविदों एवं प्रबंधकों के लिए प्रबंधन विकास संप्रेषण के एक शीर्ष प्रबंधजर्नल के रूप में उभरा है। इसमें अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो शैक्षणिक कठिनता और प्रतिभावों के मानकों को पूरा करते हैं तथा अभ्यासरत प्रबंधकों के लिए प्रासंगिक हैं।

दिसंबर 2014 में, विकल्प का सेज प्रकाशक के साथ प्रकाशन का समझौता किया गया था। जनवरी-मार्च 2015 से, विकल्प के ऑनलाइन और प्रिंट दोनों संस्करण सेज द्वारा प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस के साथ ही, विकल्प हर जगह उपलब्ध है, जिसमें संस्थान की दृश्यता और रैंकिंग के केस में अंतरराष्ट्रीय पाठकों तक पहुँचने का लक्ष्य सिद्ध होता है। हालांकि पत्रिका सेज के ओपन एक्सेस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है, इसके साथ-साथ इसका पारंपरिक प्रिंट संस्करण भी निर्धारित मूल्य पर प्रकाशित किया गया है। इस साझेदारी की व्यवस्था में, स्वामित्व और संपादकीय नियंत्रण विकल्प के पास रहेंगे जबकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसार करते हुए, सार संक्षेप और अनुक्रमण सेवाओं के साथ सेज प्रकाशन इसके प्रकाशन तथा विपणन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। विकल्प के पास अब सेज प्रकाशन में एक ब्रांडेड होमपेज है जहाँ शोधकर्ता इस जर्नल की पूरी सामग्री को खोजने में सक्षम रहेंगे।

विकल्प एक प्रतिस्पर्धी समीक्षित (पीअर-रीव्यूड) जर्नल है। प्रकाशन के लिए प्राप्त रचनानाओं की प्राथमिक स्क्रीनिंग व दोहरी अप्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है। स्वीकृत सामग्री को उचित ढंग से संपादित किया जाता है ताकि विकल्प के प्रकाशन मानकों को पूरा किया जा सके। समझौते पर हस्ताक्षर होने के समय से ही, सभी रचनाओं की समीक्षा सेज ट्रैक के माध्यम से कराई जाती हैं, जो सेज प्रकाशक की एक ऑनलाइन जमा करने की पद्धति है।

विकल्प ने जान-बूझकर सहकर्मी की समीक्षा प्रक्रिया के लिए अंतरराष्ट्रीय विद्वानों की सहायता मांगना शुरू कर दिया है। 72 समीक्षक जो 2015-16 के दौरान रचनाओं की समीक्षा के लिए सहमत हुए थे उनमें से 15 अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से थे।

वर्ष 2015-16 के दौरान, विकल्प को कुल 275 रचनाएँ प्राप्त हुई। इनमें से 204 को प्रारंभिक जाँच के दौरान ही अस्वीकार कर दिया गया था और दोहरी समीक्षा के कई दौर के बाद अन्य 15 को खारिज कर दिया गया था। शेष रचनाएँ समीक्षा प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। केवल 10 रचनाओं को ही स्वीकार किया गया था, और इस तरह से स्वीकृति दर 3.64 प्रतिशत रही।

विकल्प निम्नलिखित विशेषताओं के लिए प्रकाशन संभावनाएँ प्रदान करता है। **दृष्टिकोण** उन उभरते मुद्दों व विचारों को प्रस्तुत करता है जो संगठनों में प्रबंधकों, प्रशासकों व नीति निर्माताओं से कार्रवाई या पुनर्विचार की माँग करते हैं। **अनुसंधान** विश्लेषणात्मक या अनुसंधान आधारित लेख होते हैं, जो प्रबंधकीय व शैक्षणिक मुद्दों के समाधान पर ध्यान आकर्षित करते हैं। **अंतराफलक** ऐसे लेख प्रस्तुत करता है, जो प्रबंधकों के लिए व्यावहारिक रूप से उपयोगी होते हैं। **टिप्पणियाँ एवं व्याख्याएँ** प्रारंभिक अनुसंधान, साहित्य की समीक्षा, और प्रकाशित आधारपत्रों के विषयों पर टिप्पणियाँ। वार्ता समसामयिक विषय पर की गई चर्चा/वादविवाद शामिल होते हैं। **प्रबंध केस** किसी एक प्रबंधक या संगठन ने, रणनीतिगत, प्रकार्यात्मक या प्रचालनात्मक स्तरों पर किसी वास्तविक स्थिति का सामना किया हो, उस पर निर्णय लिया हो या कार्रवाई की हो, उसका वर्णन होता है। **निदान** शिक्षाविदों/व्यवसायियों द्वारा किए गए किसी केस का विश्लेषण। विकल्प **पुस्तक समीक्षाएँ** भी प्रस्तुत करता है।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

वर्ष के दौरान संस्थान ने 73 मुक्त नामांकन कार्यक्रम (ईईपी) प्रस्तुत किए। इनमें सरकारी विभागों सहित निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों से 2,306 कार्यपालकों ने नामांकन भरे। यह मुक्त नामांकन कार्यक्रम गतिविधि 15,566 प्रतिभागी दिवसों के लिए चलायी गई।

इस वर्ष के दौरान, नवाचार के पोषण हेतु विचारों की योजना डिजाइन करना, गोदाम डिजाइन तथा प्रबंधन और शिपिंग के लिए सामान्य प्रबंधन कार्यक्रमों को दो बार प्रस्तुत किया गया।

पेश किये गए 73 कार्यक्रमों में से तीन नियमित सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम थे। शेष कार्यक्रमों में 13 नए कार्यक्रम थे और 57 कार्यक्रमों की पुनरावृत्ति की गई थी। इन तेरह नए कार्यक्रमों में पाँच कार्यक्रम व्यापार नीति विषय से, दो अर्थशास्त्र विषय से, तीन निजी एवं औद्योगिक संबंध विषय से, दो कार्यक्रम उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके विषय से, और एक कार्यक्रम सार्वजनिक प्रणाली विषय से था।

शुरू में, 81 कार्यक्रमों को पेश करने की योजना बनाई गई थी। बाद में, आठ कार्यक्रम रद्द किए गए थे।

अनुकूलित कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

इस अवधि के दौरान, विभिन्न कंपनियों, उद्योगों, और सरकारी निकायों की तरफ से अनुकूलित और आवश्यकता आधारित कार्यक्रमों के लिए कई अनुरोध आए थे। इन अनुरोधों के परिणामस्वरूप, विभिन्न क्षेत्रों के लिए 113 कार्यक्रम पेश किये गए।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

मुक्त नामांकन कार्यक्रम की पेशकश दुबई में भी की गई थी। इस वर्ष के दौरान, दो सामान्य प्रबंधन कार्यक्रमों की पेशकश की गई।

सशस्त्र बल कार्यक्रम

इस वर्ष भी संस्थान ने सशस्त्र बल अनुभवियों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अवधि छह महीने की है।

इसके विवरण **परिशिष्ट ञ** में दिए गए हैं।











केस केन्द्र

आईआईएमए केस केंद्र के पास अभी तक पिछले पांच दशकों में विकसित 3827 केस, शिक्षण नोट्स, तकनीकी नोट्स, और अभ्यासक्रमों का एक संग्रह है। इस केंद्र को अप्रैल 2014 में स्थापित किया गया था और इसकी मुख्य गतिविधियाँ हैं केस लेखन, केस शिक्षण, और केस वितरण।

वर्ष 2015-16 के दौरान, केंद्र ने 81 केस अध्ययन, 88 शिक्षण नोट्स, और 17 तकनीकी नोटों के सहित कुल 193 लेख पंजीकृत किए। इस वर्ष के दौरान, फिलिप थॉमस मेमोरियल अवार्ड से प्रोफेसर मुकुंद आर. दीक्षित को सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार एक पूर्वछात्र प्रोफेसर ऋषिकेश टी. कृष्णन द्वारा वर्ष 2014 में स्थापित किया गया था।

केसों की ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से 92,113/ रु की बिक्री हुई और ऑफ़लाइन से 25,68,700/ रु की बिक्री हुई थी। ऑनलाइन खरीद मुख्य रूप से व्यक्तिगत की गई और ऑफ़लाइन बिक्री शैक्षिक संस्थानों के साथ संपर्क के माध्यम से की गई। वर्ष के दौरान, केस केंद्र ने आईवी प्रकाशन के साथ मौजूदा समझौते के वितरण के अलावा हार्वर्ड बिजनेस प्रकाशन, केस केंद्र (पहले ईसीसीएच नाम से जाना जाता था), और सेज के साथ नए वैश्विक वितरण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह केंद्र भारत में केस विधि शिक्षण संगोष्ठी (सीएमटीएस) की पेशकश करने के लिए हार्वर्ड बिजनेस प्रकाशन के साथ सहयोग कर रहा है। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल और संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा प्रबंधन शिक्षकों के लिए इस तरह के दो सेमिनार मुंबई और हैदराबाद में आयोजित किए गए थे। ऐसी योजना बनाई गई है कि हर वर्ष ऐसी 2-3 सेमिनारों की पेशकश की जाए।

वर्ष के दौरान संस्थान ने बैंक ऑफ़ बडौदा की तरफ से बैंकिंग और वित्त क्षेत्र में केस अनुसंधान के लिए 2 करोड़ रूपए की निधि प्राप्त हुई है।

आईआईएम अहमदाबाद में "हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग के सहयोग से केस विधि शिक्षण"
पर 21 - 22 अक्टूबर 2016 को आयोजित संगोष्ठी

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह

1. लिंग समानता, विविधता और समावेशिता केंद्र मुख्य धारा में लाना

वर्ष 201516 में जेडी केंद्र का मुख्य केंद्रबिंदु नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, अग्रणियों, प्रबंधकों, उद्यमियों और अन्य लोगों सहित हितधारकों के साथ संवाद की एक श्रृंखला के माध्यम से महिलाओं को मुख्य धारा में लाना था। इस केंद्र ने लैंगिक मतभेदों के प्रबंधन में बेहतर समझ एवं असामंजस्य से निपटने के लिए लिंगसंवेदी प्रक्रियाओं का निर्माण, समर्थन एवं स्थायित्व आदि प्राथमिक कार्य किये हैं और नीति अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं पहुँच के जरिये क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षमता निर्माण कार्यशालाओं और मासिक जेडी वार्ता संध्याओं की एक श्रृंखला आयोजित की थी; लैंगिक पहलों पर नीतिनिर्माताओं, व्यवसायियों, विद्वानों तथा पूर्वछात्रों के साथ मिलकर परामर्शन सहायता प्रदान की गई; और लैंगिक समानता, विविधता और समावेशिता में ज्ञान वृद्धि और क्रिया अनुसंधान के लिए कार्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

जेडी केंद्र के विषयगत केंद्र बिंदु

आदर्श रूप से, लिंग शब्द पुरुषों और महिलाओं दोनों के दृष्टिकोणों की समझ को संदर्भित करता है। खुद कोमहिलाओं के अध्ययन की धारा से अलग करते हुए, इस केंद्र ने लिंगभेदों पर ध्यान केंद्रित किया जो जीवन के विभिन्न चरणों में उत्पन्न होते हैं और कार्यस्थल पर जीवन में वयस्क भूमिकाओं के एक संकीर्ण स्थापन में शीघ्रसुधार नहीं ला सकते। इस कारण से, इस केंद्र ने गर्भ से लेकर बुढ़ापे तक के जीवनचक्र के परिप्रेक्ष्य को अपनाया, लैंगिक मतभेदों के प्रबंधन में पूर्व प्रसव की देखभाल, शिशु देखभाल, शिशुपालन, शिक्षा, कार्यजीवन संतुलन के लिए दंपत्तियों पर ध्यान देकर असंतोष की शासन पद्धति से निपटने के लिए पदों और प्रणालिओं, आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रबंधन, और व्यावसायिक जीवन के अधिकारों में महिलाओं के पुराने प्रस्तुतीकरण को संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया। पहचानी गई कुछ प्राथमिकताओं में से, व्यावसायिक उत्तरदायित्व में कार्यस्थलों पर तथा उच्च शिक्षा व्यवस्था में चुने गए एवं चयनित पदों पर महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व, और महिला विविधता, समानता एवं समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण, बच्चों के पालनपोषण के तरीके और शैक्षिक पाठ्यक्रम के डिजाइन हैं जो उन प्रणालीगत कमियों का मुकाबला करने के लिए लिंग की रूढ़िवादिता कीव्याख्या करते हैं, और विशेषकर महिला उद्यमियों और प्रबंधकों के लिए विशेष चुनौतियों का सामना करते हैं।

अनुसंधान और प्रकाशन

परामर्शक संवाद की एक श्रृंखला के आधार पर अनुसंधान विषयों की पहचान की गई और उनको आगे बढ़ाया गया तथा जेड़ी केंद्र से जुड़े संकाय सदस्यों ने अनुसंधान और प्रकाशन के परिणामों को ध्यान में रखते हुए कुछ आश्चर्यजनक खुलासे की ओर इशारा किया है

(क) इस वर्ष के दौरान, महिला व्यावसायियों के व्यापक यौन उत्पीड़न से लेकर विभिन्न प्रकारों से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, सभी तरीकों की अतिरिक्त घरेलू हिंसा और बलात्कार के जोखिम एजेंडा में शीर्ष पर रहे। तदनुसार, जेडी वार्ता संध्याओं के आयोजनों में दुष्कर्म, बदला, गर्भ से ही महिलाओं के प्रति हिंसा (गर्भपात), कन्याभ्रूणहत्या से लेकर महिलाशिशु मृत्यु दर (बालहत्या) और कन्या शिशु परित्याग लड़के से अधिक (81 परित्याग) की हिंसा को शामिल किया गया, जीवन में प्रणालीगत भेदभाव तक एक दीर्घकालिक नीति अनुसंधान एजेंडे की दिशा में चल रही पूछताछ को नागरिक सेवाओं और व्यवसायिक विशेष विषय के रूप में शामिल किया गया। जेडी केंद्र ने गुजरात सरकार और आईएलओ के अलावा एनजीओ,आईएएस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ भागीदारी की और उन्हें विशेषज्ञों के रूप में आमंत्रित किया।

(ख) पुरुषों और महिलाओं के लिए कार्यस्थल समान हैं, लेकिन अलगअलग परिस्थितियाँ भी हैं, जिनसे उपयुक्त व्यक्तिगत शैलियों को विकसित किया जा सकता है और हम संगठनात्मक डिजाइन में निर्देशों के बारे में बहुत कम जानते हैं जो पेशेवर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के लिए भूमिकाओं में वृद्धि कर सकते हैं। कर्नाटक से एक आईएएस

अधिकारी ने एक जेडी वार्तालाप में भारत सरकार की ही सिविल सेवा में जारी कमियों और सेवा नियमों में विरोधाभास पर टिप्पणी की थी।

(ग) महिला व्यावसायिकों के कैरियर विशेष रूप से कमजोर हैं, यदि वे अपनी क्षमताओं के विकास को सीमित करने के लिए बाध्य हैं, तो केवल मर्दाना मानदंडों के अनुरूप व्यवहार की सीमित सीमा के भीतर रहने के कारण। फिर भी, विभिन्न जेडी वार्ताओं में उठाई गई सामाजिक कार्यकर्ताओं और वकीलों की मुख्य शिकायतों की आवाज़ों को संगठनों में विविधता के लिए अपर्याप्त समर्थन मिला है और कानून द्वारा अधिसूचित होने के बावजूद सार्वजनिक प्रणाली में महिला न्याय नीतियों के कार्यान्वयन में कमी देखी गई है। श्रीमती अंजूशर्मा, सचिव, महिला एवं बाल विकास ने एक जेडी वार्तालाप में संबोधन किया जिसे अब कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न कानून की प्रभावशीलता का आकलन करने की एक संयुक्त अनुसंधान परियोजना में नतीजे के रूप में लिया जाएगा और इस परियोजना को प्रोफेसर आशा कौल द्वारा समन्वित किया जा रहा है। इस वर्ष के दौरान अंतर्नाद फाउंडेशनआईआईएम अध्ययन क्षेत्र के सहयोग से अंतर्नाद फाउंडेशन के हिस्से के रूप में एक बड़ी पहल शुरूकी गई जिसमें पूछताछ करने का काम प्रोफेसर अजीत एन. माथुर को सौंपा गया था उस जाँच रिपोर्ट के आधार पर यौन उत्पीड़न पर परिवार चिकित्सा और परामर्शन के साथ देखभाल व्यवसायियों को उपलब्ध कराने की पहल की गई थी।

(घ) संगठनात्मक भूमिकाओं में महिलाओं की वृद्धि की वजह से प्रबंधकीय शैलियों में अधिक विविधता के साथ सहयोगी संतुलन की खोज में घबराहट और काफी चिंता पर सीमा के अनुभव से व्यावसायिक के रूप में पुरुषों को भी आश्चर्य हो रहा है। यह बात केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के बीच लिंग संवेदीकरण के लिए क्षमता निर्माण पर किए जेडी केंद्र के कार्य के माध्यम से ध्यान में आई।

(ङ) कुछ जीवन कौशल जिन्हें पढ़ने याव्याख्यानों में सुनने से या केसों पर चर्चा करने से नहीं सीखा जा सकता है। यह पुरुषों और महिलाओं के वयस्क जीवन में कमियाँ छोड़ देता है, जब तक कि बच्चे के पालनपोषण के तरीकों में बदवाव नहीं लाए जाते हैं तथा मातापिता और शिक्षकों दोनों को प्राथमिक शिक्षा में परिवर्तन के लिए शामिल नहीं किया जाता है। खासकर जो लोग विकलांगता से पीड़ित हैं उनके लिए ये चुनौतीपूर्ण बने रहते हैं, जैसे कि दृष्टिहीन, अशक्त आदि। अंधजन मंडल और अंतर्नाद फाउंडेशन के साथ उन्नत गहन अल्पावधि चिकित्सा और परामर्शन तरीकों पर नई पहलों के तहत चर्चाएँ हो रही हैं।

सेवा संस्था पर केस अध्ययन के साथ प्रगति

जेडी केंद्र की चिंताएं केवल कॉर्पोरेट के कुलीन वर्गों तक ही सीमित नहीं थी। अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति के समर्थन के साथ, दुनिया में सबसे बड़ी महिला सहकारी संस्था सेवा (लगभग 2 मिलियन सदस्यों के साथ) का केस अध्ययन दस्तावेजकृत किया जा रहा है, जिसमें छत्र आश्रय की विशेषताओं की समझ, हाइब्रिड संगठनात्मक सुविधाओं की समझ और इस उल्लेखनीय संगठन की प्रतिद्वंद्वी शक्ति गतिशीलता को गरीब महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए क्षेत्रीय दौरेके साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

लैंगिक अध्ययन

जेडी केंद्र और विक्रम साराभाई पुस्तकालय के सहयोग से पिछले वर्ष के दौरान कार्यान्वित पहल से आईआईएमए पुस्तकालय में विषय पर सभी प्रासंगिक संसाधनों को एक साथ लाने के संदर्भ में संदर्भ सामग्री के लिए नए वर्गीकरण को लागू करना जारी रखा। इसके अलावा, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में लेखों का नेतृत्व किया गया, जो कि केन्द्र द्वारा पहचाने गए विषयों के रूप में अपने दीर्घकालिक अनुसंधान एजेंडे का गठन कर रहे हैं, उन्हें अनुक्रमित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वार्ता और संगोष्ठी

केंद्र ने प्राधिकरण 2015 में महिलाओं के गोलमेज की कार्यवाही का दस्तावेजीकरण और छद्मावरित आश्रय को तोड़ने (ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग) के बारे में सम्मेलन जारी रखा, जो पूरे भारत के विद्वानों, व्यावसायिकों और नीति निर्माताओं को भागीदारी के लिए आकर्षित करता है। इन कार्यक्रमों में प्रस्तुतिकर्ताओं में प्रोफेसर अजीत एन. माथुर, प्रोफेसर मंजरी सिंह, और प्रो. शेरोन बार्नहार्ट (आईआईएमए), प्रो. इंदिरा जे. परीख (प्रमुख, फ़लेम विश्वविद्यालय, पुणे), प्रोफेसर सरी मट्टिला (आईआईएम बैंगलोर) शामिलरहे और शैक्षिक समुदाल के अलावा श्री प्रकाश कुलकर्णी (निदेशक, प्राज इंडस्ट्रीज), सुश्री प्रणीत बक्शी (अमेरिकन एक्सप्रेस), और डॉक्टर कमल नागपाल (निदेशक, रेटिना फाउंडेशन) थे।

प्रतिभागियों के अनुभवों को साझा करने और आईआईएमए अनुसंधान के प्रसार के अलावा, इन कार्यक्रमों ने लैंगिक न्याय के लिए क्षमता निर्माण पहलों की गहरी समझ विकसित की थी।

2. अवसंरचना नीति और विनियमन केंद्र (सीआईपीआर)

अवसंरचना नीति और विनियमन केंद्र (सीआईपीआर) परामर्शी सेवाओं, शिक्षा, प्रकाशन, अनुसंधान तथा अवसंरचना, नीति व विनियमन के क्षेत्रों में प्रशिक्षण को बढ़ावा देता है। सीआईपीआर, आईआईएमए में उपलब्ध बुनियादी ढाँचे व विनियमन के क्षेत्र में नीति अनुसंधान में महत्त्वपूर्ण अनुभव को शक्ति प्रदान करने का प्रयास करता है। इसके जिन विशिष्ट क्षेत्रों के लिए संकायों ने योगदान दिया है वे हैं -बिजली, दूरसंचार, शहरीकरण, और परिवहन।

अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम

- दिल्ली और अंडमान एवं निकोबार द्वीप सिविल सेवा (डीएएनआईसीएस) के अधिकारियों के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, 20-24 अप्रैल, 2015.
- आर्थिक मामला विभाग के लिए सार्वजनिक नीति पर दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसमें भारतीय आर्थिक सेवा (आईएएस) के वर्ष 2014 बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं सहित प्रतिभागियों ने भाग लिया, 6-17 जून, 2015.
- पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (पीएक्सआईएल) के लिए भारतीय बिजली क्षेत्र पोर्टफोलियो अनुकूलन पर प्रबंध विकास कार्यक्रम, 8-10 जुलाई, 2015.
- भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के 2014 बैच के लिए भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवाएँ (आईए व एएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए वित्त पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, 20-25 जुलाई, 2015.
- छत्तीसग़ढ सरकार के वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय परियोजना प्रबंधन और पीपीपी (सार्वजनिक निजी प्रतिभागिता) कार्यक्रम, 7-9 अगस्त, 2015.
- बंदरगाह अधिकारियों के लिए प्रमुख बंदरगाहों में परियोजना प्रबंधन पर पाँच दिवसीय दो कार्यक्रम, 21-25 जुलाई, 2015 और 13-18 मार्च, 2016.
- भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवाएँ (आईए व एएस) अधिकारियों के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम, 29 फरवरी से 11 मार्च, 2016.
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आईटीएस अधिकारियों के घरेलू घटक के लिए आईआईएम अहमदाबाद में मध्य कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 7-13 मार्च, 2016.
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आईटीएस अधिकारियों के अंतरराष्ट्रीय घटक के लिए डब्ल्यूटीआई बर्न, स्विट्जरलैंड में मध्यकैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 14-18 मार्च, 2016.
- एल एंड टी कंपनी में आंतरिक आईपीएम कार्यक्रम.

मुक्त नामांकन कार्यक्रम

- अनिश्चितता, जटिलता और परियोजनाओं में जोखिम, 6-9 अप्रैल, 2015
- गोदाम डिजाइन और प्रबंधन, 20-24 जुलाई, 2015
- आईटी परियोजनाओं का प्रबंधन, 20-25 जुलाई, 2015
- पोतपरिवहन के लिए सामान्य प्रबंधन, 16-22 अगस्त, 2015
- आधारिक संरचना में कानूनी और विनियामक मुद्दे, 24-28 अगस्त, 2015
- अनुबंध प्रबंधन, 26-30 अक्टूबर, 2015
- रसद प्रबंधन, 14-15 नवंबर, 2015
- परियोजना प्रबंधन, 23-28 नवंबर, 2015
- गोदाम डिजाइन और प्रबंधन, 11-15 जनवरी, 2016
- शहरी परिवहन, 15-20 फरवरी, 2016
- पोत परिवहन के लिए सामान्य प्रबंधन, 28 फ़रवरी - 5मार्च, 2016
- आधारिक संरचना और पीपीपी (सार्वजनिक निजी प्रतिभागिता) अधिकार प्राप्त करना, 7-11 मार्च, 2016

अनुसंधान / प्रकाशन / केस

विषय क्षेत्र के संकायों द्वारा लिखित पुस्तकें और केसों को अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति के अलग से प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट में सूचीबद्ध हैं।

3. नवाचार, ऊष्मायन और उद्यमिता केंद्र

नवाचार, ऊष्मायन और उद्यमिता केंद्र (सीआईआईई) भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा गुजरात सरकार के सहयोग से स्थापित नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाला एक अद्वितीय केंद्र है। सीआईआईई केन्द्र निवेशकों, उद्यमियों, नवप्रवर्तकों, सेवा प्रदाताओं और पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हितधारकों के साथ मिलकर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है।

वर्ष 2002 से ही सीआईआईई उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र और स्वास्थ्य, ऊर्जा, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि आदि विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय स्टार्टअप समुदाय की उद्यमी भावना को पहचानने तथा पोषण प्रदान करने में यह हिमायती बना रहा है।

अब तक, सीआईआईई ने इस तरह के कार्य किए हैं :

- 400,000 से अधिक लोगों के उद्यमिता के लिए प्रेरित किया
- अपने विचारों को अस्तित्व देने के लिए 30,000 से अधिक लोगों की सहायता की
- 4000 से अधिक उद्यमियों का मार्गदर्शन किया
- 250 से अधिक उद्यमियों को समर्थिन दिया
- 100 से अधिक उद्यमों में निवेश किया, जिनसे 14:1 अनुवर्ती स्तर पर सीआईआईई निवेश को लाभ मिला है।

कृषि व्यवसाय, स्वास्थ्य देखभाल, सीएसआर पहल

सीआईआईई ने कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी गतिविधियाँ बढ़ाई है; और देश भर से उद्यमों को बढ़ावा दिया है। अनेक पहलों का सृजन किया गया ताकि उद्यमियों तथा विकासशील पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित किया जा सके और खोज, निवेश, और नवाचार आधारित स्वास्थ्य तथा कृषि प्रौद्योगिकियों का उद्भवन हो सके। आज तक, सीआईआईई ने छह कृषि और सात स्वास्थ्य सेवाओं

में प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप में निवेश किया है। एनएएआरएम-आईसीएआर के साथ सहयोग से, सीआईआईई ने भारत के पहले खाद्य और कृषि व्यवसाय गतिवर्धक का शुभारंभ किया है। दासरा के साथ सहयोग से, सीआईआईई ने अपने पहले स्वास्थ्य केंद्रित गतिवर्धक का शुभारंभ किया जिसके माध्यम से कार्यक्रम की पराकाष्ठा पर दो निवेश किए जाएंगे।

अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ प्रौद्योगिकी क्षेत्र और इनफ़्यूज़ में गतिविधियाँ

इनफ़्यूज़ नामक घरेलू उद्यम के माध्यम से स्वच्छ प्रौद्योगिकी क्षेत्र अपने पंख फैला रहा है। इस निधि के द्वारा सौर ऊर्जा, भूतापीय, ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा विश्लेषिकी और अनुकूलन, अपशिष्ट प्रबंधन, पुनः वाणिज्य और हरित रसायन जैसे क्षेत्रों में सक्रिय होने वाले 12 स्टार्टअप के प्रारंभिक चरण में निवेश किया है। स्वच्छ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को उत्प्रेरित करने के अपने मिशन को ध्यान में रखते हुए इनफ़्यूज़ एक स्थिर सलाहकार फर्म के लिए उद्यम सहनिर्माण पर भी कार्यरत है जिसका लक्ष्य वितरित अक्षय परियोजनाओं के लिए कम लागत वाली परियोजना का वित्तपोषण करना है। एशियाई विकास बैंक के साथ साझेदारी करते हुए इनफ़्यूज़ ने सफलतापूर्वक बेंगलुरू में एक गतिवर्धक कार्यक्रम पावरस्टार्ट को पूर्ण किया। इनफ़्यूज़ ने नए गतिशीलता त्वरक (डब्ल्यूआरआई और शेल फाउंडेशन द्वारा संचालित) का भी समर्थन किया है।

आईसीटी क्षेत्र में गतिविधियाँ

सीआईआईई ने अन्य उद्यमकर्ता पूंजी तथा विश्व में स्थित आईसीटी हब के साथ जुड़कर वैश्विक बनने के लिए अपनी दूरदर्शिता को व्यापक बनाया है। सीआईआईई ने पुणे में एक कार्यालय स्थापित किया है। फ़िनटेक/भुगतान, हर वस्तु के लिए इंटरनेट, क्लाउड कंप्यूटिंग, सुरक्षा, बड़े डेटा एवं विश्लेषण, और ईगवर्नेंस जैसे क्षेत्र के स्टार्टअप संचालित होते हैं जो इसकी गतिविधियों का केन्द्र हैं। इस उद्देश्य की पूर्ती के लिए प्रारंभिक चरण के तौर पर थींकपुणे रिपोर्ट के प्रकाशन को गिना जा सकता है। यह रिपोर्ट शेष भारत के लिए ब्रांड पुणे के बारे में अग्रणी पहल थी। वैश्विक स्तर पर थींकपुणे! का यह प्रदर्शन खाड़ी क्षेत्र में भी था। जिनको संबंधित क्षेत्रों में वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणी माना जाता है ऐसे एंकर कॉरपोरेट्स के साथ विशेष विकास शिविरों का आयोजन करके चयनित क्षेत्रों में सीआईआईई ने स्वयं को अग्रणी के रूप में स्थापित किया है। विकास शिविरों के माध्यम से, सीआईआईई ने इन आला क्षेत्रों में 400 से अधिक स्टार्टअपों की समीक्षा की और रणनीतिकरण तथा उत्पाद पुष्टि के बाजार प्रवेश के लिए कोरपोरेट भागीदारों तथा उनके ग्राहकों के साथ जुड़ने के लिए लगभग 30 होनहार स्टार्टअपों को खोज निकाला। सीआईआईई डिजिटल इंडिया चैलेंज के लिए भी इनटेल डीएसटी इन्नोवेट का प्रस्तोता बना जिसमें डिजिटल इंडिया विषय के लिए 1913 आवेदन मिले और तीन महीनों तक पुणे केन्द्र में शीर्ष 20 का उद्भवन किया तथा शीर्ष तीन स्टार्टअपों में निवेश किया। सीआईआईई ने पुणे में एक ऊष्मायन केंद्र स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए।

अनुसंधान और केस अध्ययन

सीआईआईई नए ख्यानों, नवाचार, और उद्यमशीलता के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण देता है। यह प्रशिक्षण आईआईएमए के छात्रों और पूरे देश के इच्छुक उद्यमियों को प्रदान किया जाता है ताकि उन्हें उद्यम निवेश, उद्यमशीलता, और प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद मिल सके।

सीआईआईई में ड्रेक्सेल विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर और आईआईएमए के पूर्वछात्र डॉ. वी. के. नारायणन लगभग चार महीनों तक अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश पर थे। उन्होंने इन्क्यूबेटरों से संबंधित एक अनुसंधान परियोजना पर काम किया। इस परियोजना के शुरूआती परिणाम यह रहे कि इन्क्यूबेटरों पर और भारत में विज्ञान / प्रौद्योगिकी पार्क पर 45 केस अध्ययन होंगे और इन केसों का एक तुलनात्मक विश्लेषण भी होगा।

सीआईआईई ने केस लेखन गतिविधि शुरू की है। दूसरे वर्ष के छब्बीस छात्रों ने 11प्रोफेसरों की देखरेख में 13 केस लिखे थे। ये केस अधिग्रहण, विपणन, और व्यावसायीकरण जैसी चुनौतियों वाले ध्यान केन्द्रित क्षेत्रों के स्टार्टअप पर लिखे गए थे। इन केसों को आगे और विस्तारित किया जा रहा है तथा इनमें से कुछ को केसों को केस यूनिट में पंजीकृत किया जाएगा। इन मुद्दे और चुनौतियों से जिन इनक्युबेटीस को अपनी उद्यमशीलता की यात्रा के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ता है उस संदर्भ से आईआईएममेवरिक सहित सीआईआईई के सभी इनक्युबेटीस के प्रोफ़ाइल बनाने की योजना बनाई गई है।

युवा मेवरिक्स फेलोशिप कार्यक्रम

युवा आईआईएमेवरिक्स फैलोशिप कार्यक्रम नौ स्नातक छात्रों का वह बैच था जिसने उद्यमिता अपनाने का फैसला किया था। इन नौ छात्रों में से दो ने पहले से ही एक कंपनी रजिस्टर करा ली थी।

आईआईएममेवरिक्स इंटर्नशिप में आवेदकों की संख्या में वृद्धि देखी गई और अंत में 20 छात्रों ने अप्रैल-मई 2016 के दौरान सीआईआईई के मार्गदर्शन के तहत आईआईएममेवरिक्स इंटर्नशिप में आगे बढ़ने के लिए ग्रीष्मकालीन स्थानन से बाहर रहने का विकल्प चुना। इन 20 में छह इंटर्न ने अध्ययन के दूसरे वर्ष के दौरान अपने व्यवसाय आइडिया पर काम करना जारीरखने का फैसला किया है।

पूरे वर्ष में, सीआईआईई विभिन्न उद्यमशीलता से संबंधित गतिविधियों और समारोहों जैसे कि कॉनफ़्लुअन्स, हल्ट प्राइज़, अमेथॉन, स्टार्टअप समिट, तथा छात्रों के समर्थन में अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुआ। कुल मिलाकर, वर्ष के दौरान 206 छात्रों को उद्यमिता और पाठ्यक्रम के संबंधित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समर्थन दिया गया।

पाठ्यक्रम

सीआईआईई छात्रों के लिए नए पाठ्यक्रम बनाने में शामिल रहा है। निधि प्रबंधन परियोजना पाठ्यक्रम (एफ़एमपीसी), नए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, डिजाइन और व्यापार मॉडल (एनटीएडीबीएम), और नोर्वेस्ट वेंचर पार्टनर्स (एनवीपी) जैसे पाठ्यक्रमों की पेशकश की गई। एफ़एमपीसी पाठ्यक्रम में, छात्रों ने उद्योग विश्लेषण का आयोजन किया, सौदा मूल्यांकन के लिए स्टार्टअपों के साथ संवाद किए और यथोचित परिश्रम प्रदर्शन के लिए बातचीत की। वर्ष के दौरान एफ़एमपीसी पाठ्यक्रम दो बार पेश किया गया।

एनटीएडीबीएम की पेशकश एनआईडी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन) और आईआईटी गाँधीनगर के साथ आईआईएमए ने तथा एनआईडी और आईआईटी गाँधीनगर के छात्रों के सहयोग से की गई। इस पाठ्यक्रम में डिजाइन और प्रबंधन के छात्रों की टीमें शामिल हैं जिन्होंने नए प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग बनाए, इन अनुप्रयोगों में से एक को डिजाइन किया, और उसे बाजार तक ले जाने का तरीका खोज रहे हैं। इस वर्ष के दौरान 29 आईआईएमए छात्रों, एनआईडी से 15 छात्रों और आईआईटी गाँधीनगर से 15 छात्रों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया।

नोर्वेस्ट वेंचर पार्टनर्स के साथ गठबंधन में एक नया परियोजना पाठ्यक्रम भी पेश किया गया जिसमें 60 आवेदकों के समूह से 18 छात्रों को चुना गया। चयनित छात्रों को उद्यम पूंजी संचालन, सौदा स्रोतकरण, और सौदा मूल्यांकन की अनुकरण गतिविधि के माध्यम से पढ़ाया गया।

अन्य नई पहल

सीआईआईईई ने पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भारत के भीतर अपने व्यवसाय का विस्तार किया है।

सितंबर 2015 में, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के हिस्से के रूप में सिलिकॉन वैली में नवीन भारतीय स्टार्टअपों को प्रदर्शित करने वाले समारोह स्टार्टअप कोन्नेक्ट प्रदर्शन की सह-मेजबानी के लिए सीआईआईई को आमंत्रित किया गया था। सीआईआईई की इनक्यूबेटी कंपनियों में से लगभग दस ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर, भारत नवाचार कोष सीआईआईई की नवीनतम और सबसे बड़ी पहल शुरू की गई थी। यह उद्यम कोष स्वास्थ्य देखभाल, स्थिरता, और डिजिटल रूपांतरण जैसे तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों के स्टार्टअपों की सहायता करने में मदद करेगा।

नियामक और नीति परिवेश के साथ जुड़ने के हिस्से के रूप में, सीआईआईई औपचारिक और अनौपचारिक रूप से भारत सरकार की बनाई स्टार्टअप इंडिया पहल को मदद करने के लिए और नीति आयोग जैसी संस्था, और उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय को सलाह देने में भी शामिल है।

पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में गतिविधियाँ

गुजरात गतिवर्धक

सीआईआईई द्वारा संचालित तकनीकी सक्षम स्टार्टअपों के लिए एसएपी इंडिया के साथ साझेदारी में गुजरात गतिवर्धक एक स्टार्टअप गतिवर्धक था। यह अपनी तरह का पहला गुजरात केन्द्रित गतिवर्धक था जो पहचान करने, तेजी लाने, और मापन योग्य व प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकी सक्षम व्यवसाय की संभावना के साथ नवीन स्टार्टअपों के शुरूआती चरणों में निवेश करने के लिए डिजाइन किया गया था। गुजरात गतिवर्धक दो चरणों में आयोजित किया गया था और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा उसे बहुत अच्छी तरह से स्वीकारा गया था।

विचारों का सामर्थ्य

सीआईआईई ने सितंबर 2015 में ईटी पावर ऑफ़ आइडिया के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया। सीआईआईई को इस कार्यक्रम में 18000 से अधिक व्यापार योजनाएँ प्राप्त हुई जिसमें से 520 टीमों को लघुसूचीकृत किया गया और उन्हें मार्गदर्शन के लिए 2000 से अधिक संचयमान घंटे उपलब्ध कराए गए। सभी टीमों ने पैनलों के समक्ष एलिवेटर पिच के दौरान अपने व्यापार की योजना / पिचों को प्रस्तुत किया। इनमें से 75 टीमों का चयन संस्थान में एक 10 दिन की कार्यशाला में भाग लेने के लिए किया गया था, और 20 स्टार्टअप को अंत में एक निवेश प्रस्ताव दिया गया तथा 56 स्टार्टअपों को अनुदान राशि भी दी गई।

जल गतिवर्धक

सीआईआईई बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अपने कार्य का विस्तार कर रहा है। पहले प्रयास में देश के पहले पानी गतिवर्धक की शुरुआत शामिल है, जो स्टार्टअप ओएसिस के सहयोग से, और हिंदुस्तान यूनिलीवर, लिवप्योर जैसे प्रायोजकों, और विश्व बैंक के जल और स्वच्छता कार्यक्रम के तकनीकी सहयोग से प्रस्तुत हुआ है। इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत, टीमों, तथा कंपनियों की तरफ से उपचार और शुद्धि, आपूर्ति, सिंचाई, जल प्रबंधन, निगरानी और मूल्यांकन इन पाँच विषयों के तहत 90 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। 11 टीमों के एक साथी समूहको अगस्त से दिसंबर 2015 तक के चार महीने की गहन भागीदारी के लिए चुना गया था। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के साथ 3 क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, सलाहकार समर्थन, नेटवर्क कनेक्शन और दृश्यता की पेशकश की गई। जयपुर में प्रदर्शन दिवस, 12 दिसंबर 2015 को राजस्थान सरकार,

निवेशकों, प्रतिष्ठानों, और अन्य पारिस्थितिकी तंत्र के दिग्गजों का प्रतिनिधित्व करने वाले हितधारकों के मिश्रित समूह ने आठ टीमों की प्रस्तुति देखी गई।

स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र विकास ए-लीग अंतर-संस्थान छात्र और संकाय सहयोग को बढ़ावा देना

सीआईआईई को एहसास है कि एनआईडी, जीटीयू, जीएनएलयू, आईआईटी, आईआईएम, निफ्ट, पीडीपीयू, एमआईसीए, सेप्ट, और डीएआईआईसीटी जैसे अहमदाबाद-गाँधीनगर समूह के संस्थानों के मध्य स्थित दीवारों को तोड़ने की उसके पास अपार क्षमता है। इन संस्थानों के छात्रों के लिए एक परिसर की अवधारणा का अनुकरण करते हुए, सीआईआईई ने ए-लीग नामक एक मंच बनाने में मदद की है ताकि सभी छात्र संगठित हों, संवाद करें और उम्मीद की जाती है कि महान उत्पादों का सहनिर्माण करने का उद्यम करें। ए-लीग के लक्ष्य हैं :-

- अहमदाबाद-गाँधीनगर क्षेत्र में संस्थानों के छात्रों के बीच सामाजिक, पाठ्यक्रमेतर और शैक्षिक संवाद बढ़ाना।
- छात्रों के समारोहों और गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं विस्तार करने के लिए मंच प्रदान करना और अन्य संस्थानों / कॉलेजों से आए छात्रों के लिए ये सुलभ बनाना।
- छात्रों और संकायों के स्तर पर अंतर कॉलेज सहयोग के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना।

ए-लीग गतिविधियाँ

ए-लीग एक सामाजिक सहयोगी मंच है, जिसे सीआईआईई द्वारा तैयार किया गया है ताकि छात्रों को विभिन्न शाखाओं तथा अहमदाबाद तथा गांधीनगर के परिसरों को एक साथ लाया जा सके। सदस्य संस्थानों में आईआईएमए, अडानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट, अहमदाबाद विश्वविद्यालय, सीईपीटी, डीएआईआईसीटी, ईडीआईआई, जीएनएलयू, आईआईआईटी वडोदरा, आईआईटी, गाँधीनगर, एमआईसीए, एनआईडी, निफ्ट, निरमा विश्वविद्यालय और पीडीपीयू शामिल हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और अकादमिक स्तरों पर सदस्य संस्थानों के बीच संबंध बनाने के लिए संघव्यवस्था का गठन किया गया है। यह एक कैंपस की अवधारणा पर आधारित है जो सिलिकॉन वैली, यू.एस. में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों द्वारा अपनायागया है। इसका उद्देश्य केवल शिक्षाविदों और अनुसंधान में सहयोग करना ही नहीं है, बल्कि पुस्तकालयों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं जैसे संसाधनों को साझा करना भी है।

वर्ष के दौरान, एनआईडी, डीएआईआईसीटी, और सेप्ट में डिजाइन की सोच और व्यापार विकास पर उद्यमिता कार्यशालाओं और बहुविध सत्रों का आयोजन किया गया।

आइडियाथॉन 2015

डीएआईआईसीटी से प्रोफेसर अनीश मथुरिया, आईआईएमए से प्रोफेसर राकेश बसंत, जीटीयू के उप निदेशक नरेश जड़ेजा, एनडीबीआई के सीईओ श्री विक्रम परमार, और सिकल इनोवेशन्स के संस्थापक नितिन गुप्ता की शीर्ष दस टीमों ने एक पैनल के समक्ष अपने नए विचारों को रखा। इसके विजेताओं को 1.2 लाख रु. नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

आईओटी अनुप्रयोग हैकाथॉन 2016

शीर्ष पांच टीमों ने डीएआईआईसीटी गाँधीनगर में 36 घंटे तक आयोजित हैकाथॉन में आँक्ड़ों व संख्या से भरपूर वैविध्यपूर्ण डैशबोर्ड पोस्ट में अपने निष्कर्षों को रखा।

कॉलेज रोड शो

ए-लीग की गतिविधियों और आने वाले समारोहों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, इस टीम ने ईडीआई, एनआईडी, आईआईटी, डीएआईआईसीटी, एल.डी. कॉलेज, और जीटीयू का दौरा किया।

सात कॉलेजों के परिसरों में गरबा

ए-लीग ने सभी प्रतिभागी संस्थानों के सात कॉलेजों में गरबा का आयोजन शुरूकिया।

सामाजिक समारोह और संगीत संध्या

एक अनौपचारिक भीड़ भरा संगीत समारोह डीएआईआईसीटी, तथा एनआईडी में आयोजित किया गया, और सीआईआईई में एक सामाजिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सहकार्य स्थान (आइडियापैड)

आइडियापैड अहमदाबाद में उद्यमशीलता के लिए एक गतिशील, रचनात्मक, और सहयोगात्मक माहौल विकसित करने के लिए समर्पित है और इस तरह कॉफी विराम के दौरान ये लोग एकसाथ मिलकर काम करते हुए अनेक तरीकों से समारोहों, प्रदर्शनियों, और अन्य कार्यों में शामिल होते हैं। यह कार्यक्रम उद्यमिता में शहर के रचनात्मक लोगों को (कलाकार, डिजाइनर, नवीन आविष्कारकर्ता, उद्यमी, फ्रीलांसर, आदि) एकसाथ लाने, जोड़ने तथा सहकार्य करने और क्षेत्रीय गतिविधियों को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। आइडियापैड ने वर्ष के दौरान 34 व्यक्तियों / स्टार्टअपों को समर्थन दिया।

स्टार्टअप ओएसिस में गतिविधियाँ

पारिस्थितिकी तंत्र विकास

स्टार्टअप ओएसिस ने पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए विभिन्न समारोहों / कार्यशालाओं का आयोजन किया। वर्ष 2015

में, स्टार्टअप ओएसिस ने तीन कार्यक्रमों आइडिएट, स्टार्टअप वीकएंड, और राजस्थान, स्टार्टअप फ़ेस्ट और अन्य दो कार्यक्रम उदयपुर स्टार्टअप फ़ेस्ट (यूएसएफ) और टेकफ़ोरराज का आयोजन 2016 में (मार्च तक) किया। राजस्थान स्टार्टअप फ़ेस्ट सबसे बड़ा समारोह था जिसमें 100 से अधिक स्टार्टअप और 25 निवेशकों ने भाग लिया था। स्टार्टअप ओएसिस ने प्रारंभिक चरण की उद्यमशीलता को समर्थन देने के लिए विभिन्न कॉलेजों में आठ कार्यशालाओं / प्रशिक्षण शिविरों का भी आयोजन किया।

ऊष्मायन

स्टार्टअप ओएसिस ने एक अलग संरचित ऊष्मायन प्रक्रिया विकसित की है ताकि विभिन्न विकास स्तरों पर स्टार्टअप को समर्थन दिया जा सके और महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़े इनपुट की देखभाल की जा सके। स्टार्टअप ओएसिस को लगभग 1000 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से इसने आइडिया के स्तर पर 250 को, प्रोटोटाइप स्तर पर 15 को, और विकास के स्तर पर 8 को समर्थन दिया।

सामाजिक उद्यमिता

वर्ष 2015-16 में स्टार्टअप ओएसिस ने अपनी सामाजिक उद्यमिता समर्थन पहल शुरू की जो सामाजिक क्षेत्र के स्टार्टअपों / विचारों की सहायता के लिए की गई। अगले कदम के रूप में स्टार्टअप ओएसिस को डीएफआईडी तथा प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के आईएनवीईएनटी (इनवेन्ट) कार्यक्रम को लागू करने वाले चार इनक्यूबेटरों में से एक के रूप में चयनित किया गया है।

भागीदारी / कोष की स्थापना

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग : स्टार्टअप ओएसिस को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास बोर्ड द्वारा एक प्रौद्योगिकी बिजनेस इनक्यूबेटर (टीबीआई) की स्थापना के लिए चुना गया था।

राजस्थान स्टार्टअप नीति : राजस्थान स्टार्टअप पॉलिसी 2015 के लिए रिको को नोडल संस्थान के रूप में नियुक्त किया गया था। इसी उद्देश्य के लिए रिको द्वारा एक अलग कानूनी इकाई की स्थापना की गई है और इस नई इकाई के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी सीआईआईई / स्टार्टअप ओएसिस की होगी।

राजस्थान सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) के साथ साझेदारी : स्टार्टअप ओएसिस ने राजस्थान (जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और भरतपुर) के सात संभागीय मुख्यालयों के सरकारी कॉलेजों का संचालन करने हेतु ऊष्मायन केन्द्रों की स्थापना की है और इनकी मदद करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

निवेश

स्टार्टअप ओएसिस ने राजस्थान स्टार्टअप फ़ेस्ट, ऑनलाइन डेमो दिवस, और उदयपुर स्टार्टअप फ़ेस्ट में तीन दिनों डेमो का आयोजन किया। स्टार्टअप ओएसिस से सात स्टार्टअप ने इन डेमो दिनों के सहित विभिन्न समारोहों के माध्यम से राशि जुटाई जिनमें से तीन लेनदेन वे थे जहाँ स्टार्टअप ओएसिस निवेशकों के साथ सीधे ही जुड़ा था।

उद्यमिता मेला

स्थानन समिति ने उद्यमशीलता प्रकोष्ठ और नवप्रवर्तन, ऊष्मायन और उद्यमिता केन्द्र (सीआईआईई) के सहयोग से 18-19 सितम्बर, 2015 को उद्यम मेला 2015 का आयोजन किया।

उद्देश्य और हितधारक

उद्यम मेले का प्रयोजन एक उद्यम कंपनी में छात्रों को काम करने के लिए दिशा प्रदान करना है। यह एक मंच के रूप में बनाया गया है :

- उद्यमी कंपनियों को एक मंच प्रदान करना ताकि प्रतिभावान छात्र जो उद्यमी अवसर के लिए आगे बढ़ने में रुचि रखते हैं वे आगे आए
- उद्यमिता में आगे बढ़ने का निर्णय लेने से पहले उद्यमी कंपनियों के साथ अनुभव प्राप्त करने के लिए छात्रों को एक प्रशिक्षु का अवसर प्रदान करना है।

छात्रों और उद्यमियों कंपनियों के बीच अगली पीढ़ी के उद्यमियों को प्रेरित करने के लिए और उनके बीच मजबूत संबंध बनाने के लिए यह विचार है। उद्यम मेला वेबिनार और अन्य बिजनेस स्कूलों के हितधारकों के साथ मिलकर उद्यमियों के लिए नेटवर्किंग प्रदान करना है।

उद्यम मेले के छठे संस्करण में 27 से अधिक स्टार्टअप और टेक फॉर इंडिया, अपग्रेड, नेस्सा सोलर, अर्बन रेस्त्रो, ज़ोपर आदि जैसे उभरते उपक्रमों की प्रतिभागिता देखी गई। उद्य पूंजी कंपनियाँ एक्सल पार्टनर्स तथा मुंबई एंजल्स भी इच्छुक उद्यमियों को स्टार्टअप के बारे में एक निवेशक के परिप्रेक्ष्य का अंदाजा प्रदान करने के लिए मौजूद थीं। बेंगलूरुस्थित इनक्यूबेटर ब्रांड एक्सलरेटर ने उभरते उद्यमियों के लिए अपने फैलोशिप कार्यक्रम के बारे में बताने के लिए इस मेले का दौरा किया।

4. कृषि प्रबंध केंद्र

संस्थान में कृषि प्रबंधन केंद्र (सीएमए) एक अंतर-अनुशासनात्मक अनुसंधान केंद्र है जो खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण और संबद्ध क्षेत्रों में लागू, नीति तथा समस्या सुलझाने के अनुसंधान में लगा हुआ है। यह इन क्षेत्रों / विषय क्षेत्रों की शिक्षण, प्रशिक्षण तथा परामर्शन गतिविधियों में भी शामिल है।

पूर्ण हुए अनुसंधान

इस वर्ष के दौरान तीन अनुसंधान परियोजनाएं पूर्ण की गईं। इन परियोजनाओं के सारांश **परिशिष्ट ट** में दिए गए हैं।

निम्नलिखित परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है :

- मृदा स्वास्थ्य, पादप स्वास्थ्य, और मानव स्वास्थ्य।
- कृषि जैव विविधता के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के साथ मुकाबला शून्य स्थान से एक अवलोकन
- भारतीय वायदा बाजारों में किसानों की भागीदारी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों का अन्वेषण
- एम-किसान पोर्टल के माध्यम से किसान कॉल सेंटर (केसीसी), केकेएमएस, और एसएमएस की प्रभावशीलता और उपयोगिता का आकलन

शिक्षण

पीजीपी

सीएमए ने पीजीपी-एफ़एबीएम, पीजीपी, तथा पीजीपीएक्स के लिए इक्कीस पाठ्यक्रमों की पेशकश की है।

एफ पी एम (खाद्य और कृषि व्यवसाय)

सीएमए ने प्रबंधन में फैलो कार्यक्रम (खाद्य और कृषि व्यवसाय) में छह पाठ्यक्रम पेश किए।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- कृषि निवेश विपणन, 11-16 जनवरी, 2016
- अनुबंध खेती प्रबंधन, 25-29 जनवरी, 2016

5. स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र (सीएमएचएस)

संस्थान का स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान सन् 1975 में सार्वजनिक प्रणाली समूह की स्थापना के साथ हुआ। शुरुआत में, प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ और परिवार नियोजन के प्रबंधन अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। अनुसंधान गतिविधियों में 80 के दशक में द्वितीयक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रबंधन को शामिल किया गया था और 90 के दशक में तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को शामिल किया गया था। उसके बाद से स्वास्थ्य देखभाल बीमा तथा संबंधित विषयों को जोड़ा गया था।

संस्थान द्वारा भूतकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में दिये गए अपने योगदान की पहचान बनाने हेतु और सामाजिक आर्थिक विकास के संदर्भ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता को देखते हुए जून 2004 में स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र (सीएमएचएस) की स्थापना की गई थी। सीएमएचएस का उद्देश्य क्षमतापूर्वक एवं प्रभावी रूप से विविध भागों की जनसंख्या जरूरतों से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में प्रबंधकीय चुनौतियों को पूरा करना और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ठ संस्थान का निर्माण करना तथा स्वास्थ्य नीतियों एवं व्यापक माहौल को प्रभावित करना है।

सीएमएचएस से स्वास्थ्य के क्षेत्र में भागीदारी के लिए जोर देने और दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करने के लिए; सामाजिक क्षेत्र के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को उजागर करने; बड़ी परियोजनाओं में भागीदारी की सुविधा प्रदान करने; दुनिया भर से स्वास्थ्य सेवा शोधकर्ताओं को आकर्षित करने; स्वास्थ्य प्रबंधन में शामिल अन्य संस्थानों के साथ सहक्रियाओं का विकास करने; और ज्ञान के प्रसार में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपेक्षा की जाती है।

आईआईएमए-सीएमएचएस संगोष्ठी श्रृंखला

सीएमएचएस ने अगस्त 2014 में एक संगोष्ठी श्रृंखला शुरू की, जिसमें हर महीने लगभग एक संगोष्ठी आयोजित की गई। वर्ष 2015-16 के दौरान निम्नलिखित संगोष्ठियाँ आयोजित की गईं :

- सेलुलर और आण्विक प्लेटफार्म केंद्र (सीकैम्प), जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की पहल बैंगलुरूके निदेशक एवं सीओओ डॉ तस्लीमारीफ सैयद द्वारा अत्याधुनिक जीवन विज्ञान / स्वास्थ्य देखभाल नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र पर व्याख्यान, 16 अप्रैल 2015.
- बेबीस्टेप्स अपने बच्चों के वृद्धि, विकास, तथा टीकाकरण द्वारा निगरानी रखते हुए माता-पिता का सशक्तिकरण पर डॉ. नेहा कुमार, सहायक प्रोफेसर, जॉर्जिया प्रौद्योगिकी इंस्टिट्यूट, अटलांटा और प्रोफेसर राजेश चंदवानी, आईआईएमए द्वारा व्याख्यान, 10 जुलाई 2015.
- स्वास्थ्य देखभाल में गुणवत्ता पर डॉ नंदा कुमार जयराम, अध्यक्ष और समूह चिकित्सा निदेशक, कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल इंडिया प्रा. लि. बेंगलुरू का व्याख्यान, 08 सितम्बर, 2015.
- भारतीय दवा क्षेत्र पर श्री जावेद जिया, प्रमुख, सीपीओ तथा देश प्रमुख, नोवार्टिस इंडिया का व्याख्यान, 16 अक्टूबर 2015.
- भारतीय संदर्भ में चिकित्सा प्रौद्योगिकी पर श्री अशोक के. कक्कड़, वरिष्ठ प्रबंध निदेशक, वारियान मेडिकल सिस्टम्स इंटरनेशनल इंडिया प्रा. लि., मुंबई का व्याख्यान, 23 फरवरी 2016.
- उच्च गुणवत्ता की सस्ती स्वास्थ्य देखभाल सेवा तय करने के लिए मॉडल भारत में गुर्दे की देखभाल का केस पर डॉ सुरेश शंकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, दविता रीनल केयर, चेन्नई का व्याख्यान, 30 मार्च 2016.

दो दिवसीय कार्यशालाएँ

दो दिवसीय कार्यशालाओं का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के

व्यवसायियों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और फार्मा उद्योग, चिकित्सा उपकरणों के निर्माताओं आदि क्षेत्रों के पेशेवरों तक पहुँचना है।

आईआईएमए में 56 दिसंबर, 2015 के दौरान हेल्थकेयर एनालिटिक्स विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी।

ग्रीष्मकालीन स्कूल

आईआईएमए में 1 से 4 जून, 2015 के दौरान स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन सेवाओं में उन्नत के अनुसंधान तरीकों पर एक चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्कूल का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर काम कर रहे देश भर के अनुसंधान छात्रों तथा युवा संकाय सदस्यों को एक मंच प्रदान करने के लिए इस ग्रीष्मकालीन स्कूल को डिजाइन किया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अपोलो अस्पताल, और एमिटी विश्वविद्यालय जैसे विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों ने प्रतिभागी के रूप में इस ग्रीष्मकालीन स्कूल में भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन सेवाओं में प्रगति विषय पर पहला आईआईएमए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 67 जून, 2015 के दौरान आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में अत्याधुनिक अनुसंधान, नई कल्पनाओं को साझा करने, मुद्दों पर बहस करने तथा नवीनतम घटनाओं से निपटने के लिए प्रमुख शैक्षणिक वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों,स्वास्थ्य प्रशासकों, सेवा प्रदाताओं, और नीति निर्माताओं को एकसाथ एक मंच पर लाना था। प्रतिभागियों द्वारा करीब 15 दीर्घ और 28 लघु प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गई थी।

स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले वक्ताओं को इस सम्मेलन में मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था। इनमें शिक्षाविद, औषधकीय चिकित्सक, नीति निर्माता, आदि शामिल थे।

केस अध्ययन विकास

प्रोफ़ेसर अर्नब के. लाहा तथा सुश्री प्रियंका रॉय द्वारा मूलजीभाई पटेल यूरोलोजिकल अस्पताल (एमपीयूएच) पर अध्ययन के लिए एक केस पंजीकृत किया गया था।

6. खुदरा बिक्री केन्द्र

खुदरा बिक्री केंद्र (सीएफआर) खुदरा प्रबंधन के विभिन्न विषय क्षेत्रों में अनुसंधान का समर्थन करता है। इस केंद्र के पास विपणन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और सूचना प्रणालियों की पृष्ठभूमि के साथ संकाय सदस्यों की एक टीम है। इन वर्षों में सीएफआर (खुदरा बिक्री केंद्र) खुदरा प्रबंधन के लिए जानकारी तैयार करने और उसके प्रसार में शामिल रहा है।

गतिविधियाँ

सीएफआर ने बिंघमटन युनिवर्सिटीसनी के स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट से प्रोफेसर मनोज के अग्रवाल को 22 जनवरी, 2016 को बाजार पर वित्तीय लाभों के प्रभाव सुपर मार्केटों में मैन्युफ़ैक्चरर्स के मूल्य निर्धारण तथा संवर्धन कार्यनीति की एक अनुभवपरक जाँच विषय पर एक शोध संगोष्ठी के लिए आमंत्रित किया था। सीएफआर ने विभिन्न अनुसंधान सहयोग संभावनाओं का पता लगाने के लिए संकायों के साथ प्रोफेसर अग्रवाल की एक बैठक भी आयोजित की थी।

संस्थान ने अरविंद ब्रांड्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य खुदरा बिक्री और प्रचार प्रसार ज्ञान के विभिन्न विषय-क्षेत्रों में अनुसंधान को अंजाम देना है। अनुसंधान के लिए पहचाने जाने वाले कुछ विषय हैं खुदरा बिक्री में मानव संसाधन प्रबंधन, ब्रांडिंग और मूल्य निर्धारण के संदर्भ में खपत व्यवहार, तंत्रिका विज्ञान तकनीक और खुदरा बिक्री, परंपरागत खुदरा बिक्री पर ई-कॉमर्स के प्रभाव, मूल्य-घटाव प्रबंधन रणनीति, और ग्राहक संबंध प्रबंधन।

7. सार्वजनिक प्रणाली समूह

सार्वजनिक प्रणाली समूह (पी.एस.जी.) अत्याधुनिक सामरिक सार्वजनिक प्रबंधन तथा सामाजिक नीति पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, और संगठनात्मक कार्य को संभालता है। इस समूह का उद्देश्य ऐसे अनुसंधान को बढ़ावा देना है जो सार्वजनिक प्रणालियों के प्रभावी प्रबंधन की अवधारणाएँ तथा सिद्धांत उत्पादित करेंगे और साथ-साथ नीति बनाने के आधार पर सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं को विद्वानों की तरह समझ एवं स्पष्ट अभिव्यक्ति प्रदान करेंगे।

संकायों के वर्तमान अनुसंधान हितों में ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण एवं स्थिरता, वैश्विक पर्यावरण वार्ता और जोखिम मूल्यांकन; प्राथमिक, द्वितीयक, व तृतीयक स्वास्थ्य क्षेत्रों को समाहित करते हुए अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रणालियाँ; ग्रामीण प्रबंधन, परिवहन एवं विमानन प्रबंधन, बुनियादी ढांचे का विकास एवं पुनर्वास; सार्वजनिक वित्त, शिक्षा नीति, व सामुदायिक विकास; सार्वजनिक प्रणालियों में संचालन अनुसंधान, प्रभाव आकलन तथा दूरसंचार शामिल हैं।

पाठ्यक्रम

विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में क्षेत्र संकाय द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों की पेशकश की गई :-

मूल विषय (कोर)

- व्यवसाय का सामाजिक सांस्कृतिक माहौल
- सरकारी प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ

ऐच्छिक विषय

- विमानन व्यापार रणनीतियाँ
- हवाई अड्डे की नीति और पीपीपी
- कार्बन वित्त
- सुशासन और गरीबी में रहने वाले लोग
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- अवसंरचना विकासऔर वित्त पोषण
- ऊर्जा व्यवसाय प्रबंधन
- हस्त कौशल, कल्पित कथा, और विपणन
- स्थायित्व प्रबंधन
- संगठनों में सत्ता और राजनीति
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक नीति
- विकास के लिए भागीदारी रंगमंच
- रेल परिवहन योजना और प्रबंधन
- सामाजिक उद्यमिता: नवप्रवर्तक सामाजिक परिवर्तन
- भारतीय अर्थव्यवस्था में सामरिक सुधार और परिवर्तन
- स्थिरता और पर्यावरण प्रबंधन
- परिवहन अवसंरचना
- शहरी अर्थशास्त्र एवं व्यावसायिक माहौल
- स्वास्थ्य देखभाल में साहस

पीजीपी-एफ़एबीएम

- कार्बन वित्त (पीजीपी के साथ)
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच (पीजीपी के साथ)
- स्थायित्व प्रबंधन (पीजीपी के साथ)
- सार्वजनिक वित्त (पीजीपी के साथ)
- सामाजिक उद्यमिता नवप्रवर्तक सामाजिक परिवर्तन (पीजीपी के साथ)

एफपीएम

प्रथम वर्ष के मूल विषय (कोर)

- सार्वजनिक नीति भाग1

द्वितीय वर्ष के मूल विषय (कोर)

- सार्वजनिक नीति भाग2
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक प्रबंधन

द्वितीय वर्ष के ऐच्छिक विषय

- आर्थिक विकास एवं वृद्धि
- ऊर्जा और पर्यावरण नीति
- वित्त पोषण और स्वास्थ्य देखभाल सेवा
- स्वास्थ्य बीमा
- व्याख्यात्मक अनुसंधान के तरीके
- सार्वजनिक प्रणालियों में ओ.आर. अनुप्रयोग
- परिवहन नीति पर संगोष्ठी
- सामाजिक नीति में व्यावहारिक निष्कर्ष के लिए मात्रात्मक तरीकों का उपयोग करना

पीजीपीएक्स

- दूरसंचार उद्यम प्रबंध करना

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- अवसंरचना में कानूनी और विनियामक मुद्दे*
- शहरी परिवहन
- जहाजों के लिए सामान्य प्रबंधन (दो बार पेश किया गया)

*संयुक्त रूप से व्यापार नीति विषय-क्षेत्र के साथ पेशकश की गई

8. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवप्रवर्तन केन्द्र

रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवप्रवर्तन केंद्र (आरजेएमसीईआई) ने सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अपनी परियोजना शैक्षणिक नवप्रवर्तन बैंक सार्वजनिक स्कूली शिक्षा में विकेन्द्रीकृत व्यावसायिक विकास और गुणवत्ता संवर्द्धन के माध्यम से नवप्रवर्तनों पर अपनी शोध जारी रखी। इस परियोजना का उद्देश्य उन सरकारी शिक्षकों को सक्षम बनाना है जो अपने दम पर प्रयोग एवं नवप्रवर्तन करते हैं ताकि कुछ नया सीखने के लिए संदर्भ विशेष बाधाओं से निपटा जा सके। यह परियोजना गुजरात और महाराष्ट्र की सरकारों के साथ साझेदारी में चलाई जा रही है, इसके द्वारा 12000 नवप्रवर्तनों को जुटाया गया है और इनमें से 10000 से अधिक जाँच की गई है। इनमें से सबसे अच्छे नवप्रवर्तनों को उनकी प्रभावशीलता के लिए मूल्यांकित किया जा रहा है। इसके अलावा, गुजरात के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में नवप्रवर्तन प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं। महाराष्ट्र और गुजरात में अनेक नवप्रवर्तन कार्यशालाओं और राज्य स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन किया गया है।

वर्ष 2015-16 की प्रमुख गतिविधियाँ नीचे दी गई हैं :

- गुजरात के सभी 33 जिलों में शैक्षिक नवप्रवर्तन मेलों का आयोजन राज्य सरकार के सहयोग से किया गया और 1299 नवप्रवर्तक शिक्षकों ने अपने नवप्रवर्तन प्रदर्शित किए; 108

शिक्षकों को एक राज्य स्तरीय मेले में गाँधीनगर आमंत्रित किया गया था।

- 350 नवीन शोधों के साथ सरकारी प्राथमिक शिक्षक और लगभग 6400 छात्र बच्चों के सर्वांगीण विकास में गैर संज्ञानात्मक भूमिका का अध्ययन करेंगे।
- स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार की गई थी और गुजरात के 100 गाँवों में अपने स्वयं के नवप्रवर्तनों के प्रति प्रेरित करने के लिए एक कार्य अनुसंधान परियोजना तैयार की गई थी। इसके अलावा, 150 स्कूल प्रबंधन समितियों का एक आकलन शुरूआती ग्राम शिक्षा समिति मॉडल में बदलाव की पहचान करने के लिए किया गया।
- परिवर्तन अभियान के लिए विद्वानों का विस्तार करते हुए इसके तहत कक्षा 6 से 8 के लिए विज्ञान और गणित में लगभग 3500 वीडियो को मुक्त पहुँच पर रखा गया है; इन्हीं कक्षाओं के लिए विज्ञान और गणित में 2500 परियोजनाओं को इस वर्ष विकसित किया गया। इस सामग्री का प्रसार प्रगति पर है।
- अलग से एक शिक्षिका मंच स्थापित किया गया है जो तकनीकी के माध्यम से 1500 सदस्यों के साथ जुड़ा हुआ है और जो महिलाएँ कुछ असुविधाओं का सामना करती हैं उनसे निपटने के लिए स्थापित किया गया है।
- इस परियोजना का उद्देश्य शिक्षकों और एसएमसी के सदस्यों के लिए एक प्रौद्योगिकी संचालित सहकर्मी शिक्षा और सहकर्मियों के साझाकरण का प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान करना है, और अब एक मोबाइल आधारित तथा सोशल मीडिया आधारित प्रयासों द्वारा 14 लाख लोगों तक पहुँच बनी है।

आरजेएमसीईआई ने माध्यमिक स्कूलों के प्राचार्यों के लिए सप्ताह भर के कार्यक्रमों (प्रति वर्ष एक) की पेशकश करना जारी रखा। देश भर से अलग-अलग राज्यों से आए तिरेपन प्राचार्यों और स्कूल अग्रणियों नेइस कार्यक्रम में भाग लिया। शिक्षा में उद्यमिता (पीजीपी) पर एक ऐच्छिक पाठ्यक्रम और एफडीपी तथा एफपीएम के लिए संचार से संबंधित पाठ्यक्रमों की भी पेशकश की गई।

अनुशासनिक विषय-क्षेत्र

नौ अनुशासनिक विषय-क्षेत्र हैं - व्यापार नीति, संचार, अर्थशास्त्र, वित्त एवं लेखा, सूचना प्रणाली, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध, और उत्पादन और मात्रात्मक तरीके साथ में पीजीपी, पीजीपी-एफ़एबीएम, एफपीएम, और पीजीपीएक्स में विभिन्न अनिवार्य और वैकल्पिक पाठ्यक्रम कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों के अलावा प्रस्तुत किए जाते हैं।

1. व्यापार नीति

व्यापार नीति के विषय-क्षेत्र में डिजाइन सोच, नवप्रवर्तन, उद्यमशीलता, प्रतिस्पर्धी और कॉर्पोरेट रणनीति, नेतृत्व, व्यापार के कानूनी पहलू, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, व्यापक डेटा प्रबंधन, ज्ञान प्रबंधन, बौद्धिक संपदा अधिकार प्रबंधन, प्रायोगिक विधियाँ और क्रिया अनुसंधान में शिक्षण एवं अनुसंधान के लिए 13 प्राथमिक और 6 सहायक सदस्य हैं।

क्षेत्र के सदस्य संस्थान के विभिन्न लघु और दीर्घकालीन कार्यक्रमों के अध्यापन में, सलाहकार सेवाओं, अनुसंधान प्रकाशन, और प्रशासनिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेना जारी रखा। संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी के विवरण इस प्रकार थे।

पाठ्यक्रम

पीजीपी

मूल विषय

- सामरिक प्रबंधन
- व्यापार के कानूनी पहलू

ऐच्छिक

- व्यवसाय एवं बौद्धिक संपदा
- व्यवसाय, सरकार और कानून
- योग्यता, क्षमता, और कॉर्पोरेट रणनीति (फिर से पेश किया गया)
- अभिनव व्यापार डिजाइन के लिए डिजाइन सोच
- निर्धारण की गतिशीलता और रणनीति का निष्पादन
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- उद्यमिता और नए उद्यम योजना
- रणनीति परामर्श की नींव
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार विवाद समाधान
- व्यावसायिक सेवा कंपनियों में नेतृत्व
- नेतृत्व दृष्टि, अर्थ, और वास्तविकता
- विविध संगठनों का प्रबंधन
- प्रबंधन में रहस्य
- प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन के सामरिक प्रबंधन
- उभरते बाजारों में रणनीति

एफपीएम

- कार्रवाई अनुसंधान पद्धतियों में प्रगतिशील संगोष्ठी
- उन्नत सामरिक प्रबंधन भाग1 एवं 2 (एफ़पीएम के बीपी क्षेत्र के लिए)
- सामरिक प्रबंधन पर मूल पाठ्यक्रम
- कॉरपोरेट शासन
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- उद्यमिता
- अंतर्राष्ट्रीय सामरिक प्रबंधन
- रणनीति और नवप्रवर्तन

पीजीपीएक्स

- व्यापार अनुकरण कार्य कैपस्टोन
- कॉरपोरेट शासन
- डिजाइन सोच का परिचय
- व्यावसायिक सेवा कंपनियों में नेतृत्व
- नेतृत्व, मूल्य और नैतिकता

- व्यापार के कानूनी पहलू
- नई और छोटी कंपनियों का प्रबंधन
- विलय और अधिग्रहण
- सामरिक निष्पादन
- सामरिक प्रबंधन

एफडीपी

- रणनीति निर्माण और कार्यान्वयन
- प्रबंधन शिक्षा में केस पद्धति

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- अनुबंध प्रबंधन
- नवप्रवर्तन पोषण के लिए डिजाइन सोच
- रणनीति निष्पादन का अनुशासन
- विदेश में व्यवसाय करना
- पारिवारिक कारोबार संगठन, रणनीतियाँ, अंतर्राष्ट्रीयकरण, और उत्तराधिकार
- नवप्रवर्तन, कॉर्पोरेट रणनीति और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन
- ज्ञान प्रबंधन
- अग्रणी व्यावसायिक सेवा कंपनियाँ
- इक्कीसवीं सदी के लिए संगठनात्मक नेतृत्व
- विकास के लिए रणनीतियाँ
- परिवर्तनकारी नेतृत्व
- प्राधिकरण, संगठन, रणनीतियाँ और संबद्धता की राजनीति पर कार्यकारी सम्मेलन
- युवा उद्यमी कार्यक्रम

अनुसंधान एवं प्रकाशन

संकायों के अनुसंधान की रुचि में प्रतिस्पर्धात्मक रणनीतियाँ, नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता, बौद्धिक संपदा अधिकार, अंतर्राष्ट्रीयकरण, क्षमता विकास तथा व्यापार के कानूनी पहलुओं से संबंधित अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और रणनीतिक मुद्दे शामिल हैं। विषय-क्षेत्र के संकायों ने अपने काम को प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किया है और अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में आधारपत्र प्रस्तुत किए हैं।

2. संचार

पाठ्यक्रम

पीजीपी / पीजीपी-एफ़एबीएम

मूल विषय

- लिखित विश्लेषण और संचार 1
- साक्षात्कार और प्रस्तुतियों पर कार्यशाला
- लिखित विश्लेषण और संचार 2

ऐच्छिक

- कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा संचार
- टीम और नेतृत्व प्रभावशीलता के लिए संचार कौशल
- सांस्कृतिक पहचान और संचार
- मुश्किल संचार
- आंतर-सांस्कृतिक संचार क्षमता
- प्रबंधकीय संचार
- मीडिया और समाज : अर्थशास्त्र, राजनीति, नैतिकता, और जन संचार प्रौद्योगिकियाँ
- संगठनात्मक संचार
- प्रेरक संचार
- डिजिटल युग में सामरिक संचार
- अग्रणियों के लिए सामरिक चर्चा कौशल

पीजीपीएक्स

- प्रबंधन संचार (मूल विषय)

एफडीपी

- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- प्रभावी संचार रणनीतियाँ
- लोगों को साथ लेकर धारणा द्वारा प्रबंधन
- जीतने की कगार

3. अर्थशास्त्र

पीजीपी 1

- सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- समष्टि अर्थशास्त्र एवं नीति

पीजीपीएक्स

- कंपनियाँ एवं बाजार
- खुली अर्थव्यवस्था में बृहत्अर्थशास्त्र
- अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र और राजनीतिक माहौल

एफपीएम

- अर्थमिति
- उन्नत सूक्ष्मअर्थशास्त्र
- उन्नत समष्टि अर्थशास्त्र
- सूक्ष्म अर्थशास्त्र विश्लेषण
- उन्नत डेटा विश्लेषण

एफडीपी

- अर्थशास्त्र मॉड्यूल

इसके अलावा, संकायों ने निम्नलिखित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की भी पेशकश की।

पीजीपी 2

- संगठन का अर्थशास्त्र
- कार्य सिद्धांत और अनुप्रयोग
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश
- विकासशील देशों में श्रम बाजार
- मौद्रिक सिद्धांत और नीति
- खुशी का अर्थशास्त्र
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सिद्धांत और नीति
- सार्वजनिक वित्त - पीएसजी विषय-क्षेत्र के साथ संयुक्त पाठ्यक्रम
- खाद्य गुणवत्ता का अर्थशास्त्र
- प्रबंधकों के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त के मुद्दे
- बड़े पैमाने पर परिवर्तन : अर्थशास्त्र और वित्त
- भारत का बृहत् अर्थशास्त्र : एक व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य
- रणनीति काअर्थशास्त्र (व्यापार नीति विषय-क्षेत्र के साथ)

4. वित्त और लेखाकरण

पीजीपी

मूल विषय

- कंपनी वित्त
- लागत एवं नियंत्रण प्रणाली
- वित्तीय लेखाकरण, रिपोर्टिंग और विश्लेषण
- वित्तीय बाजार

ऐच्छिक

- वैकल्पिक निवेश और बचाव निधि
- परिसंपत्ति समर्थित प्रतिभूतिकरण
- व्यावहारिक वित्त
- कंपनियों में वित्तपोषण
- निर्धारित आय प्रतिभूतियाँ दरें
- धोखाधड़ी जोखिम मूल्यांकन और शासन तंत्र
- वायदा, विकल्प, और जोखिम प्रबंधन
- संगठन के प्रदर्शन के लिए प्रबंधन नियंत्रण और मेट्रिक्स
- विलय, अधिग्रहण, एवं कंपनी पुनर्गठन
- सूक्ष्मवित्त प्रबंधन
- आधुनिक निवेश और पोर्टफोलियो प्रबंधन
- वित्त में अनुकूलन के तरीके ।
- मूल्य निर्धारण और बचाव व्यवस्था साधित प्रतिभूतियाँ
- प्रतिभूति विनियमन
- वित्त में प्रसंभाव्य कलन
- बैंकिंग में सामरिक परिप्रेक्ष्य
- व्यापार रणनीतियाँ
- कंपनियों का मूल्यांकन
- वित्तीय मॉडलिंग*

*नए ऐच्छिक

एफपीएम

मूल विषय

- परिसंपत्ति मूल्य निर्धारण
- अनुभवजन्य परिसंपत्ति मूल्य निर्धारण
- लेखा परीक्षा और कॉरपोरेट प्रशासन में अनुभवजन्य अनुसंधान
- कॉर्पोरेट वित्त में संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- अनुभवजन्य लेखांकन अनुसंधान में संगोष्ठी पाठ्यक्रम

ऐच्छिक

- व्यावहारिक वित्त एवं लेखा
- व्युत्पन्न मूल्य निर्धारण
- लेखा परीक्षा और कॉरपोरेट प्रशासन में अनुभवजन्य अनुसंधान
- गणितीय वित्त
- अनुभवजन्य लेखांकन अनुसंधान में संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- समय श्रृंखला विश्लेषण

पीजीपीएक्स

मूल विषय

- कंपनी वित्त
- वित्तीय बाजार
- वित्तीय रिपोर्टिंग और विश्लेषण
- संगठनात्मक प्रदर्शन के लिए प्रबंधन नियंत्रण और मेट्रिक्स
- विलय और अधिग्रहण
- सामरिक लागत प्रबंधन

ऐच्छिक

- वित्त संचालनों का प्रभावी प्रबंधन

- वित्तीय विवरण विश्लेषण
- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन

एफडीपी

मूल विषय

- लेखा प्रबंधन और वित्तीय प्रबंधन

ऐच्छिक

- लेखा और लेखा परीक्षा अनुसंधान
- वित्त में विषय

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- उन्नत कॉर्पोरेट वित्त
- विलय, अधिग्रहण और पुनर्गठन
- सामरिक लागत प्रबंधन

अन्य क्षेत्रों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों में इस विषय-क्षेत्र के संकाय सक्रिय रूप से शामिल रहे थे।

5. मानव संसाधन प्रबंधन

वर्ष 2015-16 में, कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विषय-क्षेत्र को मानव संसाधन प्रबंधन विषय-क्षेत्र का नाम दिया गया है।

विषय-क्षेत्र के संकाय सदस्यों ने संस्थान के सभी कार्यक्रमों (मूल विषय, फ्लेक्सीमूल विषय और ऐच्छिक पाठ्यक्रम) में पढ़ाया है। एचआरएम विषय-क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों के अलावा, क्षेत्रीय सदस्य एफपीएम / पीजीपीएक्स की मेजबानी वाले पाठ्यक्रमों को पढ़ाने में, व्यापार नीति और विपणन क्षेत्र और सार्वजनिक प्रणाली समूह द्वारा प्रस्तुत ऐच्छिक पाठ्यक्रमों में भी शामिल थे। वे शैक्षिक गतिविधियों और प्रशासनिक भूमिकाओं दोनों के लिए, विभिन्न केंद्रों की गतिविधियों के साथ भी शामिल थे। इस विषय-क्षेत्र ने एफडीपी और एएफपी प्रतिभागियों को भी मानव संसाधन प्रबंधन पाठ्यक्रम की पेशकश की।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- उन्नत मानव संसाधन प्रबंधन
- आंतरिक प्रतिभा और नेतृत्व का विकास
- प्रबंधकीय प्रभावशीलता
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रबंधकीय उत्कृष्टता
- प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए प्रदर्शन प्रबंधन
- प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए प्रदर्शन प्रबंधन
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन

इसके अलावा, क्षेत्रीय संकायों ने अन्य क्षेत्रों के निम्नलिखित कार्यक्रमों को समन्वित किया :

- 3 टी.पी. उभरते अग्रणियों का कार्यक्रम
- स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में प्रबंधकीय उत्कृष्टता पर कार्यक्रम
- सामरिक पुनर्रचना और संगठनात्मक परिवर्तन
- बिक्री बल प्रभावशीलता बढ़ाना

अनुसंधान

क्षेत्र के संकाय सदस्यों ने अपनी रुचि के क्षेत्रों के केस लेखन, शिक्षण सामग्री के विकास और अनुसंधान में सहयोग दिया है। ये सदस्य आईआईएमए में और बाहर शोधकर्ताओं के साथ अंतर अनुशासनिक शोध में सहयोग करने में भी शामिल रहे हैं। केसों के लेखकों / सह लेखकों को वर्ष के दौरान आईआईएमए में क्षेत्रीय संकाय द्वारा पंजीकृत किया गया था। सदस्यों द्वारा लेखित (सहलेखक) पत्रों को राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया गया और सहकर्मी समीक्षा पत्रिकाओं में प्रकाशित किया गया।

क्षेत्र के सदस्यों ने आईआईएमए और राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से अनुसंधान परियोजनाओं / केसों के विकास के लिए धन सुरक्षित किया।

बाहरी प्रभाव

क्षेत्र के सभी सदस्य नीति निर्माण, व्यापक शैक्षिक गतिविधियों, संस्थागत प्रशासन और अभ्यास में सुधार हेतु अपने प्रभाव का विस्तार करने में शामिल हैं।

क्षेत्रीय संकाय सदस्यों ने सातवें वेतन आयोग (सातवाँ सीपीसी) द्वारा अनुमोदित एक अध्ययन में नेतृत्व किया, जिसका शीर्षक था सरकारी कर्मचारियों की वेतन सुधार पर सिफारिश। इसके अलावा, सदस्यों ने समूह 'ए' के अधिकारियों के प्रवेश स्तर के वेतन को नियत करने हेतु आयोग को मार्गदर्शन दस्तावेज प्रदान करने में भी योगदान दिया। इस अध्ययन के योगदान को सातवें वेतन आयोग द्वारा स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया था और इसे सीधे सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट में संदर्भित किया गया। क्षेत्रीय संकाय सदस्य केन्द्रीय / राज्य सरकारों और सार्वजनिक संस्थानों द्वारा गठित समितियों का भी हिस्सा रहे थे।

संकाय सदस्य एचआरडी, एनएचआरडीएन और एनआईपीएम अकादमी सहित राष्ट्रीय स्तर पर व्यावसायिक संगठनों में भी सक्रिय रूप से शामिल थे। इन्होंने प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के समीक्षक के रूप में योगदान दिया है और संपादकीय बोर्ड के सदस्यों के रूप में भी सेवाएँ दी हैं।

6. सूचना प्रणालियाँ

पाठ्यक्रम

पीजीपी 1

मूल विषय

- व्यवसाय के लिए सूचना प्रणालियाँ
- इंटरनेट प्रौद्योगिकी और व्यवसाय के लिए ई-वाणिज्य

ऐच्छिक

पीजीपी 2

- बृहत् डेटा विश्लेषिकी
- ईगवर्नेंस में परामर्शनः दृष्टि से कार्यान्वयन तक (पीजीपी एबीएम के लिए खुला)
- डेटा खनन और व्यवसाय आसूचना
- निर्णय निर्धारण के लिए डेटा दृश्यावलोकन
- विकास के लिए डिजिटल समावेशन
- उद्यम डिजिटल बुनियादी सुविधा
- ईआरपी प्रणालियाँः प्रौद्योगिकी योजना एवं कार्यान्वयन
- सॉफ्टवेयर परियोजनाओं और उद्यमों का प्रबंधन
- सूचना प्रणालियों का सामरिक प्रबंधन
- इंटरनेट अर्थव्यवस्था के लिए रणनीतियाँ

पीजीपीएक्स

- व्यवसाय आसूचना और विश्लेषिकी
- निर्णय निर्धारण के लिए डेटा दृश्यावलोकन
- सूचना प्रणाली का सामरिक प्रबंधन
- इंटरनेट अर्थव्यवस्था के लिए रणनीतियाँ

एफडीपी

- प्रबंधन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- ईआरपी सिस्टमः प्रौद्योगिकी, योजना, और कार्यान्वयन
- आईटी परियोजना प्रबंधन
- आईटी सामरिक प्रबंधन
- दृश्य व्यापार आसूचना

7. विपणन

विपणन क्षेत्र ने शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श गतिविधियों और अकादमिक प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अग्रणी व्यवसायियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा करके इस क्षेत्र के पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों को संवर्धित किया गया। उद्योग जगत से कई वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों ने इस विषय-क्षेत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपने अनुभव साझा किए।

पाठ्यक्रम

पीजीपी 1

मूल विषय

- विपणन 1
- विपणन 2
- विपणन 3

ऐच्छिक

- विज्ञापन और बिक्री संवर्धन प्रबंधन
- व्यवसाय से व्यवसाय तक विपणन
- ग्राहक आधारित व्यापार रणनीतियाँ
- नवप्रवर्तन, जीवंत
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ब्रिक देशों के विदेशी बाजार में प्रवेश
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश (संयुक्त रूप सेअर्थशास्त्र क्षेत्र के साथ प्रस्तुत)
- बाजार अनुसंधान और सूचना प्रणाली
- उच्च प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन की दुनिया में विपणन प्रबंधन
- अनिवार्य मोबाइल विपणन
- तंत्रिका विज्ञान और उपभोक्ता व्यवहार
- मूल्य निर्धारण
- ब्रांड प्रबंधन पर संगोष्ठी
- खेल विपणन
- रणनीतिक विपणन
- डिजिटल विपणन और ईबिजनेस के लिए रणनीतियाँ

एफपीएम

- विपणन में व्यावहारिक विज्ञान अनुप्रयोग
- अंतर्राष्ट्रीय विपणन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण
- विपणन रणनीति
- विपणन सिद्धांत और समकालीन मुद्दे
- मानसिक लेखा, मूल्य निर्धारण और न्यूरो विपणन
- विपणन प्रबंधन में व्याख्या संगोष्ठी
- विपणन में मात्रात्मक मॉडल पर संगोष्ठी
- संरचनात्मक समीकरण मॉडलिंग

पीजीपीएक्स

- उपभोक्ता मूल्य का आकलन और सृजन
- उपभोक्ता मूल्य सेवा और प्रबंधन
- उच्च प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन की दुनिया में विपणन प्रबंधन
- रणनीतिक विपणन

- ग्राहक व्यापार रणनीतियों पर संगोष्ठी

एफडीपी

- विपणन और विपणन अनुसंधान में प्रयोगात्मक विधियों के अनुप्रयोग
- पिरामिड के मूलाधार के लिए व्यापार रणनीतियाँ
- विपणन के मूल पाठ्यक्रम
- विपणन विश्लेषिकी और उपभोक्ता प्रतिक्रिया मॉडलिंग
- तंत्रिका विज्ञान और उपभोक्ता व्यवहार

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- विपणन निर्णयों के लिए उन्नत डेटा विश्लेषण
- व्यवसाय से व्यवसाय तक विपणन
- ग्राहक संबंध प्रबंधन
- ब्रांड्स का विकास और प्रबंध
- बिक्री बल प्रदर्शन बढ़ाना
- विकास के लिए नवप्रवर्तन
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- लाभ के लिए मूल्य निर्धारण

अनुसंधान और संगोष्ठी

अनुसंधान के क्षेत्रों में उपभोक्ता व्यवहार, ब्रांडिंग, विज्ञापन, बिक्री संवर्धन, खुदरा बिक्री, सूचना उत्पाद व सेवाएँ, पिरामिड मूलाधार, और सेवा केंद्रित रणनीति शामिल रहे।

अनुसंधान परियोजनाएँ

- विज्ञापन में कानूनी और नैतिक मुद्दे भारतीय विज्ञापनों की एक समीक्षा
- सशक्त एवं कमजोर ब्रांडों के लिए उपभोक्ताओं के संज्ञानात्मक भार और संवर्धन तैयारी के बीच परस्पर क्रिया का प्रभाव
- मुक्त रहने पर भी तनावग्रस्त व्यवसायियों द्वारा मोबाइल संचार उपकरणों के उपयोग के परजीवी प्रभाव
- भावनाओं का प्रबंधन भावनात्मक श्रम या भावनात्मक संवर्धन
- भारतीय ब्रांडों द्वारा प्रचार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग
- बंडल घटकों के उपभोक्ताओं के संदर्भ मूल्य(आईआरपी) में परिवर्तन पर बंडल फॉर्म का प्रभाव
- हेडोनिक / यूटिलिटियन वरीयता पर समय के गणक निर्देशों का प्रभाव
- उपभोक्ता व्यवहार पर प्रारंभ के संवाद का प्रभाव
- स्मरणशक्ति, पसंद की भविष्यवाणी के आविष्कारक मानदंडों पर अंधजन और दूरदर्शीता वाले लोगों की तुलना
- उभरते बाजारों में उत्क्रम नवप्रवर्तन को समर्थ बनाने वालों की पहचान
- भारतीय संगठनों में विश्लेषिकी प्रक्रिया विकास का गहन अध्ययन

8. संगठनात्मक व्यवहार

पीजीपी 1

- लोगों और संगठनों को समझना 1
- लोगों और संगठनों को समझना 2

पीजीपी द्वितीय

- संगठनात्मक परिवर्तन का सहसृजन
- उद्यमी व्यक्तित्व का विकास
- भूमिकाओं की खोज और पहचान (परिसर से बाहर का पाठ्यक्रम)
- उच्च कार्यनिष्पादक टीमें: एक सफरनामा
- संगठनों में सत्ता और राजनीति
- प्रबंधन के लिए गुणात्मक अनुसंधान
- प्रतिभा प्रबंधन
- काम में रचनात्मक आत्मविकास
- भारतीय कार्यस्थलों को समझना

एफपीएम 1 और 2

- उन्नत सूक्ष्म संगठनात्मक व्यवहार
- मात्रात्मक सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में उन्नत विषय
- सूक्ष्म संगठनात्मक व्यवहार की बुनियाद
- संगठनात्मक व्यवहार में अच्छाईयाँ और परिप्रेक्ष्य
- अनुसंधान का क्राफ्टिंग एवं प्रकाशन
- संगठनों में नेतृत्व सिद्धांत और अनुसंधान की समीक्षा
- गुणात्मक अनुसंधान के तरीके: डेटा एकत्रीकरण और विश्लेषण
- संगठनात्मक निदान और परिवर्तन 1
- संगठनात्मक निदान और परिवर्तन 2
- संगठनात्मक संरचना और प्रक्रियाएँ
- संगठनात्मक सिद्धांत और उसके सामाजिक संदर्भ
- साइकोमेट्रिक्स और आकलन के सिद्धांत
- मात्रात्मक तरीके और विश्लेषण

पीजीपीएक्स

- प्रेरण
- नेतृत्व कौशल कार्यशाला
- संगठन व्यवहार
- प्रदर्शन क्षमता आत्मजागरूकता की यात्रा

एफडीपी

- उन्नत संगठनात्मक व्यवहार
- संगठनात्मक व्यवहार की समझ

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- प्रमुख क्षमता के रूप में सृजनात्मकता और नवप्रवर्तन व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास
- व्यावसायिक महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और कार्यक्षमता बढ़ाना
- पारस्परिक प्रभावशीलता और टीम निर्माण
- नेतृत्व और परिवर्तन प्रबंधन

9. उत्पादन और मात्रात्मक तरीके

पाठ्यक्रम

पीजीपी

मूल विषय

- निर्णय विश्लेषण
- फ़्लेक्सी मूल विषय - विनिर्माण संचालन प्रबंधन
- फ़्लेक्सी मूल विषय - सेवा संचालन प्रबंधन
- संचालन प्रबंधन 1 एवं 2
- संभावना एवं सांख्यिकी 1 एवं 2

ऐच्छिक

- डेटा विश्लेषण के उन्नत तरीके
- डेटा विश्लेषण की बायेसियन पद्धति
- हाथी और चीता प्रणालियाँ, रणनीति तथा बाधाएँ
- एक व्यवसायी के लिए निपुणता पूर्वानुमान
- संचालन रणनीति
- मात्रात्मक प्रणाली कार्यनिष्पादन
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- डेटा विश्लेषण में सांख्यिकीय तरीके
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- आपूर्ति श्रृंखला रणनीति
- निर्णय लेने की कला और सूझ
- परियोजनाएं असफल क्यों? अनिश्चितता, जटिलता और परियोजनाओं में जोखिम

पीजीपी-एफ़एबीएम

- खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

एफपीएम

- प्रबंधन में उन्नत संभावना
- अनुप्रयुक्त बहुभिन्न रूपी विश्लेषण
- उत्तलता और अनुकूलन
- असतत अनुकूलन
- गणितीय प्रोग्रामिंग का परिचय
- बड़े पैमाने पर अनुकूलन
- कतारबद्ध मॉडल
- वास्तविक विश्लेषण
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- संचालन प्रबंधन 1 में संगोष्ठी
- संचालन प्रबंधन 2 में संगोष्ठी
- प्रणाली विश्लेषण और अनुकार
- समय श्रृंखला विश्लेषण

पीजीपीएक्स

- डेटा विश्लेषण
- व्यावसायिक विश्लेषिकी
- मांग पूर्ति के लिए संचालन डिजाइनिंग
- रसद प्रबंधन
- निर्णयों के लिए मॉडलिंग
- संचालन प्रबंधन पर परिप्रेक्ष्य
- गुणवत्ता प्रबंधन
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- सेवा स्तरों का स्थापन और वितरण

एफडीपी

- डेटा विश्लेषण के अनुप्रयोग
- संचालन प्रबंधन
- डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकी

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- प्रबंधन के लिए उन्नत विश्लेषिकी
- उन्नत गुणवत्ता प्रबंधन
- रसद प्रबंधन
- विनिर्माण रणनीति
- परियोजना प्रबंधन
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण

- जोखिम मॉडलिंग और प्रबंधन
- सामरिक विश्लेषिकी मात्रात्मक डेटा विश्लेषिकी पर कार्यक्रम और व्यवसाय तथा

विपणन में उसका अनुप्रयोग ।

- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- विनिर्माण पर शीर्ष प्रबंधन कार्यशाला
- परियोजनाओं में अनिश्चितता, जटिलता और जोखिम
- गोदाम डिजाइन और प्रबंधन

अनुसंधान

प्रौद्योगिकी प्रबंधन, प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार, विनिर्माण, निर्णय समर्थन प्रणाली, रसद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, सुविधा स्थान, राजस्व प्रबंधन, अनुकूलन, प्रसंभाव्य अनुकूलन, बड़े पैमाने पर अनुकूलन, नेटवर्क अनुकूलन और बहुअनुमानी, नेटवर्क विश्वसनीयता,कार्य के संचालन में विपणन इंटरफ़ेस सैद्धांतिक मॉडल, वित्त में सांख्यिकीय मॉडलिंग, विरल डाटा का विश्लेषण, सर्वेक्षण पद्धति और सांख्यिकीय निष्कर्ष ऐसे क्षेत्र हैं जहां क्षेत्रीय संकायों ने प्रकाशनों के माध्यम से योगदान दिया है।

पूर्वछात्र गतिविधियाँ

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद पूर्वछात्र संघ

आईआईएमएएए का गठन एक कार्यकारी समिति (ईसी) उपलब्ध करता है जो संस्थान के हेतुओं को आगे बढ़ाने से लेकर चैप्टरों की स्थापन करने और उन्हें संभालने के कामकाज को प्रबंधित करती है। एक वैश्विक पूर्वछात्र परिषद के गठन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

पूर्वछात्र सदस्यता शुल्क

हर वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागी स्नातक हो जाने के बाद पूर्वछात्र बनते हैं।

आईआईएमए अलम्नस

अलम्नस संस्थान और पूर्वछात्रों के बीच संचार का एक मुख्य साधन है। यह पत्रिका जून, अक्टूबर और फरवरी में प्रकाशित होती है। पत्रिका में विज्ञापन से प्राप्त राजस्व द्वारा लागत का एक हिस्सा मिल जाता है। वर्ष 2015-16 के दौरान, इस राजस्व में पिछले साल की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पूर्वछात्र वेबसाइट पर वेबविज्ञापन अभियान के माध्यम से 0.34 लाख रुपये का राजस्व मिला।

रजत जयंती पुनर्मिलन

वर्ष 1991 के स्नातक हुए पीजीपी बैच का रजत जयंती पुनर्मिलन 24-26 दिसंबर, 2015 के दौरान आयोजित किया गया था। लगभग 90 पूर्वछात्रों ने सहपरिवार इसमें भाग लिया। यह मिलन समारोह आमोदप्रमोद से पूर्ण, मनोरंजक, और दोस्ती के नवीकरण से भरा हुआ था। इस पुनर्मिलन के दौरान, जिन संकायों ने 1990 के बैच को पढ़ाया था उन्हें सम्मानित किया गया।

रजत जयंती पुनर्मिलन के अलावा, छह अलग-अलग पीजीपी बैचों के पुनर्मिलनों का आयोजन किया गया, जो निम्नानुसार है :

कक्षा	बैच	पुनर्मिलन	तारीख
पीजीपीएक्स	2005-2015	संयुक्त	09.10.2015 से 10.10.2015 तक
एएफपी	2007-2015	संयुक्त	11.12.2015 से 13.12.2015 तक
2005 की कक्षा	2003-2005	10 वर्ष	18.12.2015 से 20.12.2015 तक
1986 की कक्षा	1984-1986	30 वर्ष	18.12.2015 से 20.12.2015 तक
1995 की कक्षा	1993-1995	20 वर्ष	31.12.2015 से 02.01.2016 तक
1981 के कक्षा	1979-1981	35 वर्ष	01.01.2016 से 03.01.2016 तक

स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह के दूसरे बैच (1967) की उपस्थिति

पीजीपी का 51 वाँ बैच(2014-16) 21 मार्च, 2016 को स्नातक हुआ। पिछले वर्ष, संस्थान ने स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह के लिए पहले पीजीपी बैच (पीजीपी 1966) को आमंत्रित किया था। इस वर्ष, संस्थान ने दूसरे पीजीपी बैच (पीजीपी 1967) को इस वर्ष के दीक्षांत समारोह के लिए आमंत्रित किया। सात पूर्वछात्रों ने इस समारोह में भाग लिया। उन्होंने छात्रों को शैक्षिक और अन्य उपलब्धियों के लिए विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए।

पूर्वछात्र शैक्षणिक संबंध

पूर्वछात्रों के द्वारा कई वैकल्पिक पाठ्यक्रम / अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत किए गए थे। इन्हें नियमित रूप से अपने ज्ञान और अनुभवों को साझा करने के महत्व के बारे में सूचित किया जाता रहा है। जिन पूर्वछात्रों ने छात्रों के साथ अपना ज्ञान साझा किया वे इस प्रकार हैं :

बैच		
आलोक मिश्रा	पीजीपी 1983	अतिथि व्याख्यान
राजेश गोपीनाथन	पीजीपी 1996	अतिथि व्याख्यान
रघु कृष्णमूर्ति	पीजीपी 1983	अतिथि व्याख्यान
अरुण खन्ना	पीजीपी 1988	अतिथि व्याख्यान
सौमेन चक्रवर्ती	पीजीपी 1984	अतिथि व्याख्यान
दीपक गुप्ता	पीजीपी 1985	अतिथि व्याख्यान
ज्ञानवर्धन गुप्ता	पीजीपी 2015	ईएफ़क्यू पाठ्यक्रम
हेमेंद्र माथुर	पीजीपी1996	वक्ता सत्र
आकाश बंसल	पीजीपीएफ़एबीएम	वक्ता सत्र
अनुराग अग्रवाल	पीजीपी 2013	ईएफ़क्यू पाठ्यक्रम

लिंक्डइन पहल

अपने पूर्वछात्रों को कैरियर समर्थन प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए संस्थान ने इन दो समूहों आईआईएमए पूर्वछात्र समूह और आईआईएमए कार्यकारी शिक्षा पूर्वछात्र समूह की स्थापना के लिए लिंक्डइन के साथ हाथ मिलाया है। पहले वाले समूह में लंबी अवधि के सभी पूर्वछात्र जो दीक्षांत समारोह के माध्यम से स्नातक हुए हैं वे शामिल हैं। इस समूह में 3950 पूर्वछात्र हैं। आईआईएमए का स्थानन कार्यालय इस समूह में भर्तीकर्ता उपसमूह का हिस्सा बनने के लिए नियोक्ताओं को आमंत्रित करता है। दूसरे वाले समूह में अल्पकालिक कार्यक्रम के पूर्वछात्र शामिल हैं। इस समूह में 600 सदस्य हैं। इस समूह के लिए भर्तीकर्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है, संस्थान की नीति के अनुरूप केवल उन पूर्वछात्रों को शामिल किया गया है जो दीक्षांत समारोह के माध्यम से स्नातक हुए हैं, उन्हें ही स्थानन सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इस पहल के पीछे उद्देश्य साथियों के साथ नेटवर्क की सुविधा देकर एक ऐसी बुनियादी सुविधा का सृजन करना है जिससे नियोक्ताओं को पूर्वछात्रों के साथ बातचीत करने की अनुमति मिलेगी। नियोक्ताओं के लिए, निचले से लेकर वरिष्ठ स्तर के पदों के बारे में कम खोज-लागत पर लाभ लेना है। पूर्वछात्रों के लिए, केवल मातृसंस्था एवं बैचसाथियों से जुड़े रहना ही नहीं अपितु मध्य कैरियर में बदलाव के लिए संभावित नियोक्ताओं के साथ भी जुड़े रहने का लाभ मिलता है। वर्तमान छात्रों के लिए, वरिष्ठों तक पहुँच बनी रहती है और कैरियर विशेष चर्चा बोर्ड में भाग लेने का लाभ मिलता है। संस्थान के लिए, लगातार पूर्वछात्रों के कैरियर में प्रगति को ट्रैक करने की क्षमता का लाभ मिलता है।

पूर्वछात्रों से कोष

इस वर्ष के दौरान, विभिन्न बैचों के पूर्वछात्रों ने व्यक्तिगत क्षमता से, और कुछ पूर्वछात्रों ने संयुक्त रूप से संस्थान को लगभग 1.50 करोड़ रु. का दान दिया। प्रमुख दाताओं के नाम नीचे सूचीबद्ध हैं:

पूर्वछात्र का नाम	बैच	रु. (लाख में)
अजय शर्मा	2000	5.00
सुरेंद्र कुमार जैन	2000	5.00
कुशल कुमार	1993	9.05
सौरभ जैन	2000	5.00
दीपक गुप्ता	1985	6.50
श्रीराम कृष्णमूर्ति	1994	5.00
दिनेश विक्टर	1994	5.00
महेश के.	1994	5.00
विशाल बख्शी	1994	5.00
रमेश श्रीनिवासन	1994	5.00
श्रीरामअय्यर	1994	5.00
होमीयार वासनिया	1994	5.00
आनंद संघी	1994	5.00
कैकेय जंगबहादुर	1994	10.00
अनुपम गर्ग	1994	10.00
नरेंद्र मुरखुम्बी	1994	5.00

छात्रवृत्तियाँ और पुरस्कार

इस वर्ष के दौरान, पूर्वछात्रों द्वारा संस्थापित निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ / पुरस्कार दिए गए :-

मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार

यह पुरस्कार प्रोफेसर मार्टी सुब्रह्मणियम (पीजीपी 196769) द्वारा श्री मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ की स्मृति में स्थापित किया गया था। यह पुरस्कार एक संकाय सदस्य को उस दीक्षांत समारोह में स्नातक हुए पीजीपी बैच के अध्यापन के लिए दिया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार प्रोफेसर सरल मुखर्जी को दिया गया।

आईआईएमए पूर्वछात्र वीवीईएफ़ उत्कृष्ट शोधकर्ता पुरस्कार

यह पुरस्कार विद्या वर्धिनी शिक्षा प्रतिष्ठान द्वारा स्थापित किया गया था, जो आईआईएमए के पूर्वछात्रों द्वारा संचालित सैक्शन 25 कंपनी नाम से जाना जाता है। यह पुरस्कार एक संकाय को दिया जाता है जो अपने स्थायी अनुसंधान योगदान और / अथवा सबसे अलग प्रकृति के महत्वपूर्ण अनुसंधान के लिए पहचाने गए हों। इस वर्ष यह पुरस्कार प्रोफेसर अमित गर्ग को दिया गया।

फिलिप थॉमस मेमोरियल रणनीतिसार्वजनिक प्रणाली केस पुरस्कार

यह पुरस्कार प्रोफेसर ऋशिकेश टी. कृष्णन (एफ़पीएम 1996) द्वारा श्री फिलिप थॉमस (पीजीपी1966) की स्मृति में स्थापित किया गया था। प्रति वर्ष यह पुरस्कार रणनीति/व्यवसाय नीति तथा सार्वजनिक प्रणाली के क्षेत्र के केस लेखक(कों) को दिया जाता है। पहला पुरस्कार प्रोफेसर एम.आर. दीक्षित को दिया गया।

सजीव सिरपाल अकादमिक तथा रचनात्मकता उत्कृष्टता पुरस्कार

यह पुरस्कार श्री सजीव सिरपाल (पीजीपी 1984) की स्मृति में सुश्री कनक सिरपाल (पीजीपी 1984) और उनके मित्रों द्वारा स्थापित किया गया था। यह पुरस्कार पीजीपी छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन और रचनात्मकता में उत्कृष्टता की पहचान के लिए दिया जाता है। श्री अनुराग अग्रवाल (पीजीपी2016) और सुश्री शैली राणे (पीजीपी 2016) को यह पुरस्कार दिया गया।

1969 बैच छात्रवृत्ति

वर्ष 2011-13 से पीजीपी 1969 बैच के दाताओं ने आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से कमजोर प्रथम वर्ष के पीजीपी छात्रों को समर्थन देने का निर्णय लिया। इस वर्ष तीन छात्रों के लिए प्रत्येक को 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता जारी की गई थी।

श्री जी. सी. मित्तल उद्यमशीलता सहायता

अंकित मित्तल (पीजीपी 2005) द्वारा स्थापित यह सहायता उन स्नातक छात्रों के लिए है जो स्थानन प्रक्रिया से बाहर रह कर अपना उद्यम स्थापित करना चाहते हैं। इस वर्ष, पूजा मेहरा (पीजीपी 2016) यह पुरस्कार दिया गया।

उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार

श्री सुनील चैनानी (पीजीपी 1980) द्वारा स्थापित यह पुरस्कार संस्थान के छात्रकाल के दौरान खेल में सर्वांगीण प्रदर्शन में उत्कृष्ट ता को पहचान दिलाने के लिए दिया जाता था। यह उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार श्री वरुण यादव (2016) और सुश्री अजीता बनर्जी (2016) को दिया गया।

श्रीमती जे. नगम्मा स्मृति पुरस्कार

श्री प्रमोद कुंजु (पीजीपी 1999) द्वारा स्थापित यह 15,000/ रुपए की पुरस्कार राशि अकादमिक रूप से अच्छे प्रदर्शन करने वाले पीजीपी छात्र को प्रथम वर्ष समाप्त होने पर दी जाती थी। श्री आयुष अग्रवाल ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

श्रीमती शारदा भंडारी और श्री पी.के. रथ छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति श्रीमती शारदा भंडारी तथा श्री पी.के. रथ की स्मृति में श्री समीर भंडारी (पीजीपी 1989) द्वारा पाँच वर्ष के लिए स्थापित की गई थी जो पीजीपी द्वितीय वर्ष के छात्रों की उच्च शिक्षा के समर्थक थे। इस वर्ष श्री शाह आशय सुभाष (पीजीपी 2016) को यह 1 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

रितु बंगा उद्योग छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति सुश्री रितु बंगा (पीजीपी 1981) द्वारा पाँच वर्ष के लिए स्थापित की गई थी। लाख रुपए की यह छात्रवृत्ति श्री सुमित कुमार जायसवाल (पीजीपी 2016) को प्रदान की गई।

अजय बंगा उद्योग छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति श्री अजय बंगा (पीजीपी 1981) द्वारा पाँच वर्ष के लिए स्थापित की गई थी। 1 लाख रुपए की यह छात्रवृत्ति श्री आयुष अग्रवाल (पीजीपी 2016) को प्रदान की गई।

एसआरके पुरस्कार

यह पीजीपीएक्स संकाय पुरस्कार श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया था। प्रोफ़ेसर अरिंदम बनर्जी (विपणन क्षेत्र) को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्मारिका वस्तुएँ

स्मारिका वस्तुओं में टी-शर्ट्स, सिल्क टाई, ब्रास वॉल हैंगिंग, कॉफ़ी मग, चाय कप सेट, एलकेपी की सफेद धातु की रचना इत्यादि शामिल हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान, इन वस्तुओं की बिक्री से 5.52 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था।

शाखा सभा गतिविधियाँ

इस वर्ष के दौरानमुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, ओमान, पुणे, सिंगापुर, अमेरिका, लंदन आदि में स्थित कई शाखाओं ने विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई।

शाखा सभा की गतिविधियों के विवरण **परिशिष्ट ठ** में दिए गए हैं।

सामुदायिक सेवा सहायता

इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित क्लबों द्वारा कई सामुदायिक सेवा सहायता पहल संस्थान में की गईं।

स्माइल

सामुदायिक सेवा सहायता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, संस्थान ने वस्त्रापुर एवं इसके आस-पास रहने वाले वंचित छात्रों के लाभ के लिए वाघ बकरी चाय ग्रुप और अहमदाबाद नगर निगम के सहयोग से ज्ञान शक्ति मार्ग पुल के नीचे एक पूरक शिक्षा / संसाधन केंद्र, एसएमआईएलई (अच्छी तरह से सीखने के लिए छात्र मध्यस्थता पहल) की स्थापना की है। इसके सभी छात्रों के लिए यह केंद्र 24 घंटे खुला रहता है जो इसके संसाधनों का उपयोग करना चाहते हैं और यहाँ 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए कक्षाएँ आयोजित की जाती हैं। यह केंद्र बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना बना रहा है।

परामर्श क्लब

परामर्श क्लब ने पहल **(सामुदायिक सेवा सहायता पोर्टल),** **(cop.consultclub-iima.com)** नामक एक अनूठे अंतक्रिया मंच का शुभारंभ किया है जो सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करने वाले ऐसे स्वयंसेवकों और अपनी रुचि के आधार पर ऐसी गतिविधियों में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों की तलाश करने वाले संगठनों को एकसाथ लाता है।

अद्वितीय विशेषताएँ

प्रोफाइल बनाना : उपयोगकर्ता अपने प्रोफाइल बना सकते हैं और अपने पहले के योगदानों / गतिविधियों पर प्रकाश डाल सकते हैं।

परियोजना निर्माण : आयोजक अभ्यास परियोजना का निर्माण कर सकते हैं और सटीक आवश्यकताओं को दर्शाने के लिए गतिविधियाँ कर सकते हैं।

स्वचालित सूचना : रुचि रखने वाले सहयोगियों को गतिविधियों के स्वचालित ईमेल अपडेट मिल जाते हैं; आयोजकों को स्वचालित रूप से दिलचस्पी रखने वाले सहयोगियों की सूचना मिल जाती है।

प्रतिक्रिया और ट्रैकिंग : आयोजक और सहयोगी, दोनों अपने अनुभवों के आधार पर एक दूसरे के बारे में प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

पैनेसिया क्लब

पैनेसिया क्लब ने स्माइल के साथ अपने सेवा सहायता कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित कार्यक्रम शामिल थे :

- निःशुल्क दंत जाँच शिविर
- दैनिक उपयोग गतिविधियों वाली किट का निशुल्क वितरण, बच्चों और परिवार के सदस्यों के लिए स्वस्थ भोजन और स्वस्थ रहने के तरीकों के बारे में पोषण विशेषज्ञ और बाल रोग विशेषज्ञ के साथ एक पारस्परिक सत्र का आयोजन किया गया
- छात्रों के लिए स्वास्थ्य सेवा में कैरियर के अवसरों पर सत्र।

कृषि व्यवसाय क्लब

आरम्भ, महिलाओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के बारे में जागरूकता पैदा करने वाला एक सामुदायिक सेवा कार्यक्रम है। कृषि व्यवसाय क्लब के सदस्य माहवारी के दौरान सावधानी रखने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए गुजराती में मुद्रित पोस्टरों को अहमदाबाद के सरकारी स्कूलों में लेकर गए थे। सातवीं कक्षा से आगे की कक्षाओं की छात्राओं को माहवारी के दौरान उन्हें कौन-कौन से आहार लेने चाहिए/ नहीं लेने चाहिए उसके बारे में तथा स्वच्छता और पोषण के महत्व के बारे में बताया गया। क्लब के सदस्यों ने 13 स्कूलों में लगभग 2500 छात्राओं से संपर्क किया। स्माइल में भी कन्या छात्राओं और उनकी बहनों के लिए एक सत्र आयोजित किया गया था।

फुटलूज़ क्लब

संस्थान में जॉय ऑफ़ गिविंग वीक (आनंद प्रदान सप्ताह) के दौरान एक सांस्कृतिक संगीत संध्या सतरंग का आयोजन किया गया। यह संगीत समारोह सभी हाउस कीपिंग कर्मचारी सदस्यों का आभार अभिव्यक्त करने और उनकी प्रशंसा करने के लिए एक

प्रतीकात्मक संकेत रूप था। कर्मचारियों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक क्लबों द्वारा मनोरंजक प्रदर्शन का आनंद उठाने हेतु उन्हें अपने परिवार के साथ आमंत्रित किया गया था। कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर फुटलूज़ सदस्यों ने बॉलीवुड, अर्द्धशास्त्रीय, फ्री स्टाइल, हिप हॉप से लेकर विभिन्न शैलियों में नृत्य और गानों का प्रदर्शन किया।

प्रयास

सामुदायिक सेवा सहायता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, प्रयास ने अन्य संस्थानों में प्रयास जैसे केंद्रों को स्थापित करने में मदद की है। प्रयास ने आईआईएम कोलकाता को उनके परिसर के आस-पास रहने वाले गरीब छात्रों के लाभ के लिए एक अनुपूरक शिक्षा केन्द्र स्थापित करने में सहायता की है। प्रयास अभी जीएनएलयू को अपने परिसर के करीब एक गांव में एक अनुपूरक शिक्षा केन्द्र स्थापित करने में मदद कर रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत वाले पुस्तकालय स्थापित करने के उद्देश्य से सृजन पाल सिंह ने कलाम पुस्तकालय परियोजना नामक एक पहल की शुरुआत की है। प्रयास के बच्चों और छात्रावास के सफाईकर्मियों के लाभ हेतु जिला कलेक्टर श्री राजकुमार बेनिवाल के हाथों से ऐसे प्रथम पुस्तकालय का उद्घाटन प्रयास कक्षा में किया गया।

सामान्य प्रबंधन एवं नेतृत्व प्रकोष्ठ

गुजरात भर से करीब 600 पूर्वस्नातक छात्रों को आईआईएमए में प्रत्यक्ष विशेष अनुभव कराने के लिए संस्थान में आमंत्रित किया गया था। छात्रों को पाँच वर्गों में विभाजित किया गया और उन्होंने तीन कक्षाओं में भाग लिया। उन्होंने पढ़ाई सत्रों के बीच चाय-नाश्ते के अवकाश में परस्पर नेटवर्क बनाया। उसके बाद उन्हें समूहों में बाँट दिया गया और आईआईएमए छात्रों के साथ आइआइएमए परिसर के भ्रमण हेतु ले जाया गया। उस दौरान आईआईएमए छात्रों ने उन्हें परिसर के जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। निदेशक महोदय ने भी इन आगंतुक छात्रों के साथ बातचीत की।

हेरिटेज क्लब

तीनदिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सतरंग का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय नृत्य और संगीत के प्रकारों का आयोजन करना और स्थानीय हस्तशिल्प और कारीगरों को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष, सतरंग का आयोजन सात्त्विक के सहयोग से किया गया था। सात्त्विक सृष्टि द्वारा आयोजित एक तीन दिवसीय व्यंजन उत्सव/फ़ूड फेस्टिवल है, इसमें गुजरात के स्थानीय सात्त्विक व्यंजनों को बढ़ावा देने का लक्ष्य रहता है।

हेरिटेज क्लब संगीत या संगीत वाद्यों के प्रतिभावान स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करता है। कर्दम शर्मा और आरिफ मीर ने अपने मधुर और सुखदायक संगीत के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इसमें पखावज और हार्मोनियम कलाकारों ने भी युगलबंदी का प्रदर्शन किया था।

महिला नेतृत्व सोसायटी

सामुदायिक सेवा सहायता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, महिला नेतृत्व सोसायटी ने स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पिंकाथोंन अहमदाबाद के साथ करार किया था। पिंकाथोन महिलाओं को सशक्तिकरण प्रदान करने के विचार से मैराथन है। महिला नेतृत्व सोसायटी ने परिसर में पिंकाथॉन में सक्रिय रूप से भाग लिया और इसे बढ़ावा दिया। 25 अक्टूबर को आयोजित दौड़ के लिए संस्थान से जिन्होंने पंजीकरण कराया था उनके साथ प्रसिद्ध मॉडल मिलिंद सोमन ने संवाद किया था।

एफएसआई और एलोकॉन्स क्लब (सार्वजनिक वक्ता क्लब)

एफएसआई और एलोकॉन्स क्लब द्वारा संयुक्त रूप से सेवा सहायता गतिविधियों का आयोजन किया गया था। इसके लिए, छात्रों ने वस्त्रापुर में स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ काम किया। स्कूल के प्राचार्य के अनुरोध पर, बच्चों के लिए सहपाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। एक चित्रकला गतिविधि आयोजित की गई जिसके लिए बच्चों को रंग और पेपर उपलब्ध कराए गए थे। आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए बीजगणित के मूल आधारों पर एक पुनरीक्षण कक्षा आयोजित की गई थी।

कौशल (फिनेस)

फिनेस के सदस्य ललित कला के बारे में बहुत उत्साही होते हैं। सेवा सहायता गतिविधि के हिस्से के रूप में, फ़िनेस क्लब ने 200 बच्चों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के लिए रंग सामग्री क्लब द्वारा प्रदान की गई थी। यह देखने के लिए आश्चर्यजनक था कि कैसे बच्चों ने लीक से हटकर अपने विचारों को पेंट करके व्यक्त किया था।

फिनेस ने रक्षाबंधन त्यौहार के ठीक पहले एक राखी कार्यशाला का आयोजन किया। लड़कियों को राखी बनाने का तरीका सिखाया गया जो वे अपने भाइयों को उपहार के रूप में दे सकती हैं जबकि लड़कों को उनकी बहनों को शुभेच्छाएं देने हेतु कार्ड कैसे बनाए यह सिखाया गया।

फ़िनेस ने आईआईएमए समुदाय के लिए दो दिवसीय ग्लास पेंटिंग वर्कशॉप का भी आयोजन किया। इस कार्यशाला में प्रयास और स्माइल के 20 छात्रों ने सफलतापूर्वक भाग लिया।

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले

ब्रांडिंग और स्थिति निर्धारण

प्रबंधन शिक्षा में अपनी ब्रांड और स्थान को बढ़ाने के लिए एक सतत गतिविधि के रूप में, संस्थान ने इस वर्ष के दौरान रैंकिंग के लिए 17 बीस्कूलों (राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय) के सर्वेक्षणों में भाग लिया। संस्थान ने सभी प्रमुख एवं प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में शीर्ष स्थान बनाए रखा। हाल की अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में इसकी स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि संस्थान के कार्यक्रम और छात्र उच्च गुणवत्ता के हैं और वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हैं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय सर्वेक्षण

संस्थान ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) सर्वेक्षण और रैंकिंग प्रक्रिया में सक्रिय और समयोचित भागीदारी सुनिश्चित की है। वर्ष के दौरान, संस्थान ने उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के छठे संस्करण में भाग लिया।

देश भर में उच्च शिक्षा संस्थानों को रैंक देने के लिए एमएचआरडी नेराष्ट्रीय संस्थानगत रैंकिंग रूपरेखा (एनआईआरएफ) का शुभारंभ किया है। जनवरी 2016 में शुरू हुई रैंकिंग प्रक्रिया पूरी तरह से संस्थान द्वारा समर्थित थी। आईआईएमए को प्रबंधन (अनुसंधान और शिक्षण संस्थान) श्रेणी में दूसरा स्थान दिया गया था।

कार्यकारी शिक्षा रैंकिंग (अनुकूलित कार्यक्रम)

लघु अवधि के कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम (ईईपी) के पुनर्गठन के बाद, प्रस्तावों पर तीसरे पक्ष की समीक्षा पर विचार करना महत्वपूर्ण हो गया। इस खोज के लिए, संस्थान ने फाइनेंशियल टाइम्स कार्यकारी शिक्षा रैंकिंग में भाग लिया। फाइनेंशियल टाइम्स कार्यकारी शिक्षा रैंकिंग 2016 (कस्टम कार्यक्रम) में संस्थान को तिरासीवाँ स्थान मिला था।

प्रबंध में एफ.टी. (फाइनान्सियल टाइम) मास्टर्स रैंकिंग 2015

प्रबंध में मास्टर्स (एमआईएम) 2015 रैंकिंग के लिए वैश्विक रूप से समीक्षित 80 कार्यक्रमों में संस्थान पन्द्रहवें स्थान पर रहा। पीजीपी को चार मानदंडों वर्तमान वेतन (यूएस डॉलर), भारित वेतन (यूएस डॉलर), तीन महीने में रोजगार प्राप्त और डॉक्टरेट संकाय पर पहला स्थान मिला जबकि इसे स्थानन सफलता रैंक में दूसरा तथा कैरियर में तीसरा स्थान मिला।

एफटी वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2016

आईआईएमए के पीजीपीएक्स को फाइनेंशियल टाइम्स वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2016 में शीर्ष 100 बी-स्कूलों में चौबीसवाँ स्थान मिला। इसके अलावा, एफ़.टी. कैरियर प्रगति रैंक तथा डॉक्टरेट हुए संकाय में पीजीपीएक्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि वर्तमान वेतन (यूएस डॉलर) और भारित वेतन (यूएस डॉलर) में तीसरे स्थान पर रखा गया।

पीजीपी

आईआईएमए का पीजीपी कार्यक्रम एमबीए स्तर का एकमात्र भारतीय कार्यक्रम है जो लगातार दी इकोनोमिस्ट रैंकिंग में शीर्ष 100 पर रहा है।

संस्थान दी इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2015 में लगातार रैंक प्राप्त करता रहा है, और अब छह से अधिक वर्षों से शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र भारतीय व्यावसायिक स्कूल है।

रैंकिंग के लिए मुक्त नए रोजगार अवसर, नियोक्ताओं की विविधता, स्नातक होने के बाद तीन महीनों के भीतर रोजगार प्राप्ति के प्रतिशत आदि रैंकिंग में संस्थान प्रथम स्थान पर रहा और कैरियर सेवा के माध्यम से रोजगार प्राप्ति के प्रतिशत में दूसरे स्थान पर रहा। एमबीएपूर्व वेतन पर बढ़े प्रतिशत रैंकिंग के मानदंडों में संस्थानतीसरे स्थान पर रहा।

संस्थान ने एशिया और आस्ट्रेलिया 2015 क्षेत्रीय रैंकिंग में छठा स्थान पाया और दी इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2015 में वैश्विक स्तर पर 60वाँ स्थान प्राप्त किया।

पीजीपी-एफ़एबीएम

आईआईएमए के कृषि व्यवसाय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम ने इस क्षेत्र के लिए वैश्विक रूप से शीर्ष 50 रैंककृत कार्यक्रमों में एड्युनिवर्सल कृषि व्यवसाय / खाद्य उद्योग प्रबंधन की सर्वोत्तम

मास्टर रैंकिंग 2015 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एड्युनिवर्सल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक विशेष फ्रांसीसी रेटिंग एजेंसी है।

इसके विवरण **परिशिष्ट ड** में दिए गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मान्यता

इस वर्ष पाँच वर्ष की अवधि के लिए 2015 की शुरूआत में ईक्विस की पुन:मान्यता प्राप्त करने के बाद मान्यता को बनाए रखने के अपने प्रयासों को संस्थान ने जारी रखा।

यह संस्थान भारत का पहला ऐसा व्यवसायिक स्कूल है जिसे 2008 में इक्विस मान्यता प्राप्त हुई है और तब से इसे बनाए रखा है। यह भी है कि संस्थान को एकमात्र भारतीय व्यवसायिक स्कूल के रूप में पाँच वर्ष तक मान्यता प्राप्त करने की प्रतिष्ठा प्राप्त है।

एएसीएसबी मान्यता

वर्ष के दौरान एएसीएसबी (व्यवसाय स्कूल महाविद्यालयीन निर्माण संघ) की अंतरराष्ट्रीय पात्रता की प्रक्रिया शुरू की गई थी। समीक्षा के लिए एक प्रारंभिक आवेदन दस्तावेज़ तैयार किया गया है।

वैश्विक भागीदारी

प्रतिष्ठित विदेशी व्यवसाय स्कूलों, संस्थानों, और मिशनों के साथ शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संवादों का आयोजन किया गया। संस्थान के कार्यक्रमों और गतिविधियों के अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में अधिक गति प्रदान करने के लिए इस आयोजन का दायित्व बड़े उद्देश्यों के साथ किया गया।

वर्ष 2015 के दौरान, विदेशी व्यवसाय स्कूलों के शीर्ष स्तर के प्रतिनिधियों के साथ जुड़ने के जागरूक प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रम और दोहरी उपाधि कार्यक्रमों के लिए नई साझेदारी के माध्यम से छात्र गतिशीलता में वृद्धि हुई है।

पीजीपी-एफएबीएम के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्र गतिशीलता को सक्षम करने के लिए वर्ष 2015 के दौरान स्थापित कृषि व्यवसाय कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले लगभग 10 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय / संस्थानों का संपर्क किया गया था संस्थान ने नवंबर 2015 में कृषि व्यवसाय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बी-स्कूलों से जुड़ने तथा नेटवर्क बनाने के लिए इंडोग्लोबल एजुकेशन समिट में भी भाग लिया। मार्च 2016 में, अंताई अर्थशास्त्र कॉलेज और शंघाई जिओ टोंग प्रबंध विश्वविद्यालय के बीच एक छात्र विनिमय समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ अब, छात्र विनिमय के लिए नौ सीट उपलब्ध हैं।

अनुसंधान और सहयोग के नए क्षेत्र

अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने और विदेशी संकायों और विद्वानों के साथ संयुक्त अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान ने इस वर्ष के दौरान विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

- राष्ट्रीय नीति अध्ययन स्नातक संस्थान (जीआरआईपीएस)
- कार्ल्शुहे प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईटी)
- न्यूकैसल बिजनेस स्कूल विश्वविद्यालय, न्यूकैसल अपॉन टाइन विश्वविद्यालय

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ जुड़ने का बड़ा उद्देश्य केवल अपनी वैश्विक पहचान का विस्तार करना ही नहीं है बल्कि नए भौगोलिक, नए लाभार्थियों, बेहतर सेवा सहायता और उभरते हुए क्षेत्रों में सेवा प्रदान करना, तथा समृद्ध बनाने के प्रयासों का स्वागत करना भी शामिल है।

विदेशी संस्थानों के साथ संलग्नता

वर्ष के दौरान संस्थान विदेशी संस्थानों / अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के कई उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ सार्थक संवाद में संलग्न रहा।

डॉ. एनीस रासीद बास्वेदान, संस्कृति और प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री, इंडोनेशिया सरकार, जकार्ता, आईआईएमए में संकायों के साथ

श्री डेविड अकोव, मुंबई में इसरायल के महावाणिज्य दूत, आईआईएमए में प्रोफ़ेसर एर्रोल डीसूजा, डीन (संकाय) से भेंट करते हुए

प्रोफेसर शैलेष गाँधी, डीन (कार्यक्रम) डॉ. लिनस वॉन केस्टलमुर, राजदूत, भारत में स्विट्जरलेंड दूतावास को स्मृति चिह्न देते हुए

- डॉ. अनीस रसीद बसवेडन, सांस्कृतिक एवं प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा मंत्री, इंडोनेशिया सरकार, जकार्ता, 9 सितंबर, 2015.
- सुश्री रितिका नंदकेवलयार, राजदूत राजनीतिक / आर्थिक और सार्वजनिक मामले, कनाडा के वाणिज्य दूतावास, मुंबई।
- सुश्री किल्मेनी बेकरिंग विनकर्स, उपराजदूत जनरल, ऑस्ट्रेलियाई वाणिज्य दूतावास, मुंबई, साथ में श्री टॉम स्वीज़र, संपादक, अमेरिकन रिव्यू।
- प्रोफेसर डॉ इवान प्रणोतो, इंडोनेशिया गणराज्य दूतावास के शिक्षा एवं संस्कृति सहचरी।
- श्री डेविड अकोव, इजराइल के राजदूत, मुंबई।
- डॉ. लिनस वॉन कास्टेलमूर, राजदूत, भारत में स्विट्जरलैंड दूतावास, साथ में डॉ. बालकृष्ण विट्ठलदास दोशी, वास्तुकार।
- डॉ. गिलर्मो रोड्रिग्ज मार्टिन, निदेशक, कासा दे ला इंडिया, स्पेन, और श्री जुआन मैनुएल गुइमरन्स रुबियो, निदेशक संस्कृति वाणिज्य और प्रवासन, वलडॉलिड सिटी काउंसिल, वलडोलिड विश्वविद्यालय।
- प्रोफ़ेसर क्रिस कार, कॉर्पोरेट रणनीति के प्रोफेसर, एडिनबर्ग बिजनेस स्कूल विश्वविद्यालय।
- श्री विनय हेब्बर, प्रबंध निदेशक, एशिया-प्रशांत, और श्री विवेक चचरा, कंट्री मैनेजर, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल पब्लिशिंग।
- प्रोफेसर कैथरिन हेन्स, उप निदेशक और सुश्री हेलेन एटकिंसन, अंतर्राष्ट्रीय संबंध अधिकारी, न्यूकैसल विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल।
- प्रोफेसर लुइस सीसर हेरेरो प्रीटो, निदेशक, वेलाडोलिड विश्वविद्यालय और प्रोफेसर जुआन लुइस दे लास रिवास सान्ज़, प्रोफेसर, यूनिवर्सिदाद दे वैलाडोलिड।
- प्रोफेसर श्मूएल वुल्फ, कृषि संकाय डीन, हिब्रू यूनिवर्सिटी, यरूशलम, और श्री निमरोड असौलीन, इजरायल के वाणिज्य दूतावास के मिशन महाप्रबंधक, मुंबई।
- श्री एडविन जिरम्बा, कार्यकारी निदेशक, नामीबिया लोक प्रशासन और प्रबंधन संस्थान (निपाम) साथ में सुश्री तुयाकुला हैपिंज, सदस्य प्रशिक्षण और विकास बोर्ड, श्री ब्रायन एन. चका, कंपनी सचिव, सूचना केंद्र के निदेशक श्री डेनिस शिंडुम, और निपाम के सलाहकार श्री विश्वास सक्सेना।
- सुश्री बेआट्रिज गुज़मैन, अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय निदेशक, आईपीएडीई बिजनेस स्कूल, मैक्सिको, और सुश्री रोसा गार्सिदुएनास, अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय प्रबंधक।
- प्रोफ़ेसर लिओन लाउलुशा,अंतरराष्ट्रीय संबंध में डीन, ईएससीपी यूरोप और श्री एलेक्जेंडर लेडरमैन, डीनईएससीपी यूरोप के विशेष सलाहकार और प्रोफेसर ज्योति गुप्ता, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर।

प्रोफेसर श्मुएल वुल्फ़, कृषि संकाय डीन, हिब्रू विश्वविद्यालय, जेरुसलेम आईआईएमए के संकाय सदस्यों के साथ संवाद करते हुए

श्री एडविन त्जिरम्बा, कार्यकारी निदेशक, एनआईपीएएम, नामीबिया गणराज्य सरकार (बाएं से तीसरे) आईआईएमए के निदेशक और डीन्स के साथ एक बैठक में

आईआईएमए में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर जॉन विल्सन, निदेशक, न्यूकेसल युनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल और प्रोफेसर आशीष नंदा, निदेशक,आईआईएमए

- प्रोफेसर जॉन विल्सन, निदेशक न्यूकैसल विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल, साथ में प्रोफेसर साववस पेपिजिनीनिदिस, डेविड गोल्डमैनप्रोफेसर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेनरशिप, सुश्री शेरोन मेमिस, वेस्ट इंडिया की निदेशक, ब्रिटिश काउंसिल और श्रीमती शर्मिष्ठा चटर्जी-बनर्जी, विदेशी संबंध की प्रमुख।
- श्री जोस रामन गोन्ज़ेलज़ गार्सिया इंटरनेशनल एंड इंस्टीट्यूशनल अफेयर्स के कुलसचिव/कुलपति, वालडोलिड विश्वविद्यालय, साथ में श्री डैनियल मिगुएल सैन होज़े, रेक्टर, अलेहांद्रा गर्डा फूएर्तेस, परामर्शक सांस्कृतिक और प्रेस मामले, स्पेन दूतावास, के साथ में श्री मकरंद शुक्ला, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद में क्षेत्रीय अधिकारी।

विदेशी पहुँच

विदेशों में संस्थान के एमबीए स्तर के कार्यक्रमों की पहुँच का विस्तार करने के लिए मार्गदर्शक दृष्टिकोण के रूप में कदम उठाए गए।

संस्थान लागोस, नैरोबी, जोहानिसबर्ग, दुबई, सिंगापुर, कुआलालंपुर, जकार्ता, हो ची मिन्ह सिटी और ढाका में प्रचार यात्रा में भाग लेकर विदेशी छात्रों के साथ जुड़ा रहा। इस पहुँच से लगभग 200 राय और 10,000 से अधिक संभावित संपर्क बने।

प्रोटोकॉल दौरे एवं सार्वजनिक भागीदारी

संस्थान ने वर्ष के दौरान कई प्रतिष्ठित आगंतुकों का स्वागत किया:

- 6 अगस्त, 2015 को श्री फिलिप जाकिंटो न्युसी, मोजाम्बिक गणराज्य के माननीय राष्ट्रपति और पूर्व छात्र (एमईपी 2003)।
- छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह ने 7 अगस्त, 2015 को छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए परियोजना प्रबंधन और पीपीपी पर आईआईएमए के कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. रघुराम राजन ने 19

आईआईएमए के एक दौरे के दौरान महामहिम श्री फिलिप जैसिन्तो नायसी, मोज़ाम्बिक गणराज्य के माननीय राष्ट्रपति

डॉ. रमण सिंह, माननीय मुख्य मंत्री, छत्तीसग़ढ का स्वागत करते हुए प्रोफेसर अजय पांडेय, डीन (कार्यक्रम), आईआईएमए

डॉ. रघुराम राजन, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक आईआईएमए में प्रोफेसर आशीष नंदा, निदेशक, आईआईएमए के साथ

आईआईएमए के एक दौरे के दौरान श्री प्रणव मुखर्जी, भारत के माननीय राष्ट्रपति को सम्मानित करते हुए प्रोफेसर आशीष नंदा

अक्तूबर, 2015 को संस्थान के संकायों और छात्रों के साथ संवाद किया।

- भारत के माननीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 30 नवंबर, 2015 को संस्थान का दौरा किया। छात्रों और संकायों को संबोधित करते हुए भारत के माननीय राष्ट्रपति ने कहा, संस्थान का एक शानदार इतिहास रहा है। यह शिक्षाविदों में उत्कृष्टता हासिल कर चुका है और इसने भारत और पूरी दुनिया को श्रेष्ठ प्रबंधन प्रतिभा प्रदान की है। उन्होंने उद्योग, व्यवसाय, उद्यमियों, समाज के नेताओं और जमीनी स्तर पर कार्यरत लोगों के रचनात्मक विचारों से जुड़ने के लिए संकायों, छात्रों और पूर्व छात्रों से अनुरोध किया

इस अवसर पर, प्रोफेसर आशीष नंदा, निदेशक, ने माननीय राष्ट्रपति को भारत में उच्च शिक्षा के शैक्षणिक संस्थानों में उत्कृष्टता कैसे बढ़ाएं और आईआईएमए जैसे शैक्षणिक संस्थान का पारिस्थितिकी तंत्र जो देश में नवप्रवर्तन/ नवीनता को बढ़ावा देता है उसके लिए क्या कर सकते है उससे संबंधित आईआईएमए के संकायों व छात्रों के सुझावों पर संपादित एक पुस्तिका प्रदान की।

- श्री ओ.पी. कोहली, गुजरात के माननीय गवर्नर और श्रीमती आनंदीबेन पटेल, गुजरात के माननीय मुख्य मंत्री ने भी उपस्थित रहकर समारोह की शोभा बढ़ाई।
- श्री राधा मोहन सिंह, माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री ने 15 जनवरी 2016 को अमैथॉन 2016 का उद्घाटन किया और सभा को संबोधित किया।

सार्वजनिक संलग्नता

- गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री ने 1 अगस्त से 14 अगस्त 2015 की अवधि के दौरान महिला सशक्तीकरण पखवाड़े का आयोजन करने की घोषणा की। इसके एक हिस्से के रूप गुजरात सरकार ने 7 अगस्त 2015 को महिलाओं की प्रतिभा को उजागर करने के लिए महिला शिक्षा दिवस घोषित किया।
- संस्थान ने गुजरात के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और गुजरात पॉलिटेक्निक की लगभग 200 महिला छात्राओं की मेजबानी की। इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की गई और समारोह की एक रिपोर्ट श्री ए.एम. मांकड, आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, गुजरात सरकार को भेजी गई।
- संस्थान ने स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ने के बड़े उद्देश्य से 22 अगस्त 2015 को पूर्वस्नातक कॉलेज के छात्रों के लिए दूसरे मुक्त दिवस का आयोजन किया।

संस्थान में महिला शिक्षा दिवस समारोह के दौरान ध्यान मग्न महिलाएँ

पूर्वस्नातक छात्रों के लिए आईआईएमए में ओपन दिवस को 600 से अधिक छात्र

- खचाखच भरे छात्रों के बीच किए गए कार्यक्रम में आईआईएमए के जीवन की एक झलक प्रस्तुत की गई जबकि छात्रों ने केस अध्ययन पद्धति में अपनी प्रतिभा दर्शायी और प्रबंधन में कैरियर संबंधित चर्चाओं में भाग लिया। इस कार्यक्रम से 600 से अधिक कॉलेज छात्र लाभान्वित हुए और उन्हें संस्थान में समय व्यतीत करने का एक दुर्लभ अवसर मिला।

अध्ययन दौरे

प्रति वर्ष संस्थान अपने परिसर पर पर्यटन तथा अध्ययन दौरों के लिए आगंतुकों को सक्षम बनाता है। इससे संस्थान के स्थापत्य वैभव का मान बढ़ाने का अवसर प्रदान करने के अलावा उन्हें संस्थान की गतिविधियों की एक व्यापक समझ उपलब्ध कराई जाती है। संस्थान का दौरा करने वाले कुछ अध्ययन समूह / संस्था निम्नलिखित हैं :

- लाल बहादुरशास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (भारत सरकार), मसूरी
- युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से चीनी प्रतिनिधिमंडल
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिची
- अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई
- कर्पगम विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- लवली व्यावसायिक विश्वविद्यालय, फगवाड़ा
- कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलाबुरगी
- उत्तरपूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय, तुरा, मेघालय
- हांगकांग विश्वविद्यालय, हांगकांग
- पेडुआ विश्वविद्यालय, इटली
- उमेआ आर्किटेक्चर स्कूल, स्वीडन
- मोरातुवा विश्वविद्यालय, श्रीलंका
- म्युंगजी विश्वविद्यालय, कोरिया
- शाहजलाल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सिलहट, बांग्लादेश

सहायता अनुदान

वर्ष 2015-16 के दौरान, इस संस्थान ने गैर-योजना (नियमित) एवं योजना (नियमित) के अंतर्गत, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से कोई भी सहायता अनुदान प्राप्त नहीं किया।

भारतीय स्वर्ण नीति केंद्र

विश्व स्वर्ण परिषद् द्वारा प्रायोजित भारतीय स्वर्ण नीति केन्द्र (आईजीपीसी), उत्कृष्टता का एक केन्द्र है, जो भारत में स्वर्ण उद्योग पर अत्याधुनिक प्रायोगिक अनुसंधान का आयोजन करता है और नीतियों तथा निष्पादन स्तरों दोनों पर तरीकों का सुझाव देने के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इस केंद्र की स्थापना नवंबर 2014 में की गई थी।

एक ट्रिलियन डॉलर के अनुमानित स्वर्ण के शेयरों के साथ, स्वर्ण एक अति मूल्यवान राष्ट्रीय संपत्ति है जिसे भारत के आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए प्रकट किया जा सकता है। भारतीय स्वर्ण नीति केंद्र का उद्देश्य भारत के स्वामित्व वाले सोने के महत्वपूर्ण शेयरों का कैसे उपयोग करके विकास, रोजगार, सामाजिक समावेशन और आर्थिक धन को बढाने की अंतर्दृष्टि विकसित करना है। केन्द्र का उद्देश्य बहुआयामी अनुसंधान का संचालन करना है, जिनका उपयोग उद्योग और हितधारक कर सकते हैं, जिससे देश एक प्रभावी स्वर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की ओर अग्रसर हो सके।

स्वर्ण के मुद्रीकरण पर आईजीपीसी (भारतीय स्वर्ण नीति केंद्र) की हस्ताक्षर कार्यशाला

आईजीपीसी ने 27 अक्टूबर, 2015 को मुंबई में सोने के मुद्रीकरण पर अपनी हस्ताक्षर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में स्वर्ण उद्योग और नीति निर्माताओं से व्यापक प्रतिभागिता रही।

इस कार्यशाला के दौरान दो पैनल चर्चाएँ हुईं। पहली पैनल चर्चा स्वर्ण मुद्रीकरण में सोने की मूल्य श्रृंखला को एकीकृत करने के बारे में थी, जब कि दूसरी पैनल चर्चा स्वर्ण मुद्रीकरण में बैंकों की भूमिका पर थी। स्वर्ण मुद्रीकरण योजना को सफल बनाने के लिए वित्त मंत्रालय को एक श्वेत पत्र प्रस्तुत किया गया था। यह श्वेतपत्र http://www.iimahd.ernet.in/users/webrequest/files/IGPC/Whitepaper_GMS_to_GOI.pdf पर उपलब्ध है।

अनुसंधान परियोजनाएँ

- प्रोफेसर एरोल डिसूजा द्वारा (मार्च 2015) भारत के लिए स्वर्ण मुद्रीकरण योजना Http://www.iimahd.ernet.in/users/webrequest/files/IGPC/Gold_Monetisation_Scheme_for_India.pdf
- प्रोफेसर जोशी जैकब और प्रोफेसर जयंत आर. वर्मा द्वारा भारत में स्वर्ण विनिमय की व्यवहार्यता (फरवरी 2016) Http://www.iimahd.ernet.in/users/webrequest/files/IGPC/Viability-of-gold-exchange-report-final-edited.pdf
- प्रोफेसर अरविंद सहाय और डॉ सुमितवा मुखर्जी (मार्च 2016) द्वारा भारत में सोने की खरीद के इरादों और स्वर्ण के मूल्यांकन पर संदर्भ मूल्य का प्रभाव Http://www.iimahd.ernet.in/users/webrequest/files/IGPC/2016/gold%20report%20AS%20SM%202016%20%281%29.pdf

विदेशी संलग्नता

पूरे वर्ष भर उद्योग हितधारकों और नीति निर्माताओं के साथ आईजीपीसी की संलग्नता भारत के स्वर्ण पारिस्थितिकी तंत्र में एक अद्वितीय इकाई के रूप में स्थापित हुई है। स्वर्ण केन्द्र ने खुद को एक अनुसन्धान और नीति अनुशंसा संगठन के रूप में स्थापित किया है जो स्वर्ण क्षेत्र के हित में विकसित होगा।

भारतीय स्वर्ण फोरम में भागीदारी

फ़ोरटेल सॉल्युशन्स से बुलियन बुलेटिन ने विश्व स्वर्ण परिषद् (डब्ल्यूजीसी) और एमएमटीसी-पीएएमपी भारत के साथ साझेदारी में 23 जनवरी 2016 को चेन्नई में इंडिया गोल्ड फ़ोरम का आयोजन किया। इसमें प्रोफेसर अरविंद सहाय, डीन पूर्व छात्र एवं बाह्य संबंध और आईजीपीसी सदस्य (नामित अध्यक्ष) मुख्य वक्ता थे

विभिन्न स्वर्ण उद्योग कार्यक्रमों में भागीदारी

विभिन्न स्वर्ण उद्योग कार्यक्रमों में आईजीपीसी ने प्रतिनिधित्व किया था।

स्वर्ण नीति निर्माताओं की संलग्नता

- स्वर्ण विनिमय कार्यक्रम में प्रगति और कितने अधिक स्वर्ण उपभोक्ताओं एवं स्वर्ण धारकों को उनका सोनासिस्टम में लाने के लिए राजी किया जा सकता है उस पर चर्चा करने हेतु 22 दिसंबर 2015 को प्रोफेसर अरविंद सहाय आईजीसीपी के नामित अध्यक्ष और डीन, बाह्य संबंध ने श्री शक्तिकांत दास सचिव, आर्थिक मामले के साथ इस बैठक में भाग लिया।

बुनियादी ढाँचे का विकास

बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, और संस्थान इसमें आगे बढ़ रहा है। परिसर के समग्र भविष्य की योजना के लिए कुशल वास्तुकार की नियुक्ति के बाद, और लुइस काह्न भवन की मरम्मत के लिए संरक्षण वास्तुकार की नियुक्ति के बाद संस्थान ने आगामी भवनों को डिजाइन करने के लिए वास्तुकारों का नामांकन करने का निर्णय लिया। इन चयनों का उद्देश्य संबंधित परियोजना के लिए सबसे योग्य वास्तुकार का चयन करना और बारबार की चयन प्रक्रियाओं से मुक्ति पाना था। वास्तुकारों के नामांकन के लिए ईओआई के जवाब में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठानों के 67 वास्तुकार कम्पनियों ने आवेदन दिया। विस्तृत जाँच के बाद, 12 कम्पनियों को प्रस्तुतियों के लिए बुलाया गया।

संस्थान के उद्देश्य के लिए इन कम्पनियों की उपयुक्तता को देखते हुए, निम्नलिखित पाँच फर्मों की सूची बनाई गई थी :

- एचसीपी डिजाइन योजना और प्रबंधन प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद
- एआरसीओपी (प्रा.) लिमिटेड, नई दिल्ली
- आरएमए आर्किटेक्ट्स, मुंबई
- वास्तुशिल्प परामर्शदाता, अहमदाबाद
- करण ग्रोवर एंड एसोसिएट्स, वडोदरा

वर्तमान में संस्थान निम्नलिखित परियोजनाएँ चला रहा है

- नए परिसर में शैक्षणिक ब्लॉक: एचसीपी डिजाइन योजना और प्रबंधन
- नए परिसर में खेल संकुल: एचसीपी डिजाइन योजना और प्रबंधन
- मुख्य परिसर में संकाय आवास: एआरसीओपी
- नए परिसर में छात्रावास: एआरसीओपी
- नए परिसर में जेएसडब्ल्यू सार्वजनिक नीति स्कूल आरएमए आर्किटेक्ट्स

लुइस काह्न भवन के संरक्षण के लिए पहले चरण में छात्रावास 15 और पुस्तकालय का काम करने का निर्णय लिया गया। संरक्षण वास्तुकार सोमैया और कलप्पा ने निविदा तैयार की है और ठेकेदारों को उचित प्रक्रिया के बाद नियुक्त किया जाएगा।

मौजूदा बुनियादी ढाँचे के उन्नयन की प्रक्रिया में संस्थान ने निम्नलिखित निर्णय लिए हैं:

- एक ही फर्श पर रहे दो संगोष्ठी कमरों को थियेटर स्टाइल क्लास रूम (उन्नत आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ) में परिवर्तित करना।
- आईएमडीसी में पी.पी. गुप्ता ऑडिटोरियम का उन्नयन (उन्नत आईटी अवसंरचना के साथ)
- रवि जे. मथाई सभागृह के सामने रवि जे. मथाई प्लाज़ा विकासित करना
- नर्सरी में एक उद्यान पथ बनाना

उपरोक्त कार्यों के लिए कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं।

कुशल वास्तुकार के मार्गदर्शन में सौम्य एवं मजबूत परिदृश्य को सुधारने की योजना बनाई जा रही है। संस्थान ग्रीन पहल के हिस्से के रूप में धीरे धीरे एलईडी लाइट्स और इनवर्टर प्रकार के ए.सी. लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

राजभाषा कार्यान्वयन

संस्थान पूर्णतया भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष भी संस्थान ने 14 से 28 सितम्बर, 2015 के दौरान राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया। इस समारोह के दौरान हिंदी निबंध लेखन, हिंदी कविता-पाठ, हिंदी शब्द ज्ञान, हिंदी गायन, हिंदी स्लोगन, और हिंदी सुलेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्थान के 110 से अधिक हिंदीभाषी एवं गैर-हिंदीभाषी कर्मचारी सदस्यों एवं छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस समारोह के समापन दिवस पर, प्रोफेसर अजय पांडेय, डीन (कार्यक्रम) द्वारा नकद पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर, कमांडर मनोज भट्ट मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने भी दैनिक कार्यकलापों में राजभाषा हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। 16 सितंबर 2015 को विक्रम साराभाई पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर उपलब्ध हिंदी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री एवं माननीय गृह मंत्री की तरफ से प्राप्त संदेश की प्रतिलिपियों को सभी सूचना पट्टों पर प्रदर्शित किया गया।

हिंदी पत्रिका

संस्थान की हिंदी पत्रिका प्रतिबिंब के पाँचवे अंक का प्रकाशन जनवरी 2016 में किया गया और इस अंक की प्रतियाँ सभी आईआईएम, आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, संबंधित मंत्रालयों, शासी मंडल के सदस्यों और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के सभी 140 सदस्यों को भेजी गईं।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

संस्थान ने 21 जुलाई 2015 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 66वीं बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में संस्थानों के प्रमुखों के सहित नराकास से अधिकतम सदस्य उपस्थित रहे थे। वर्ष 2014-15 के दौरान संस्थान में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए संस्थान को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्थान को श्री सुशील चंद्रा, अध्यक्ष नराकास एवं प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अहमदाबाद द्वारा राजभाषा शील्ड और प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। संस्थान के हिंदी अधिकारी डॉ. मुकेश शर्मा को समिति के अध्यक्ष द्वारा संस्थान में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन में विशेष योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं जिनमें सरकार द्वारा 'ख' क्षेत्र के लिए वार्षिक कार्यक्रम में जारी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्यान्वयन पर जोर दिया गया। संस्थान में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए पूरे वर्ष के दौरान चार हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा नियंत्रित हिंदी प्रशिक्षण संस्थान अहमदाबाद की सहायता से एक हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए, 34 कर्मचारी सदस्यों को नामांकित किया गया और 31 सदस्य 21 मई 2015 को आयोजित परीक्षा में उपस्थित हुए। सभी ने अच्छे अंकों के साथ यह परीक्षा उत्तीर्ण की।

16 अप्रैल 2015 को संस्थान में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के सभी सदस्य कार्यालयों के लिए हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 सदस्यों ने भाग लिया और विजेताओं को 66वीं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक में संस्थान द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्मिक

वर्ष 2015-16 के दौरान, आठ नए संकाय सदस्यों ने संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। एक संकाय सदस्य ने त्यागपत्र दिया और दो संकाय सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हुआ दो कर्मचारियों ने त्यागपत्र दिया और एक कर्मचारी का सेवाकाल समाप्त हुआ। एक संकाय सदस्य और सत्रह स्टाफ सदस्य सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हुए।

चार संकाय सदस्यों को अनुपस्थिति की छुट्टी दी गई थी वे छुट्टी समाप्त होने पर फिर से संस्थान से जुड़ गए हैं।

अधिकारी एवं कर्मचारी विकास गतिविधि

वर्ष के दौरान, अधिकारियों और स्टाफ के कर्मचारियों सहित 109 कर्मचारियों को अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रायोजित किया गया। संस्थान ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में आगे बढ़ने के लिए कई स्टाफ सदस्यों को प्रायोजित करना जारी रखा। संस्थान द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्त जीवन के प्रबंधन के लिए एक आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंग्रेजी संचार पर एक अन्य आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कोप के माध्यम से आयोजित किया गया था जिसमें 26 कर्मचारियों ने भाग लिया। कंप्यूटर कौशल संबंधित ज्ञान बढ़ाने हेतु कर्मचारियों को एमएस-एक्सेस और एमएस-ऑफिस पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

संस्थान ने विभिन्न पाठ्यक्रमों को पूरा करने के लिए कई स्टाफ सदस्यों को प्रायोजित करना जारी रखा।

कर्मचारी पुरस्कार / सम्मान

वर्ष के दौरान, रेवती श्रीनिवासन, गोविंदभाई मंगल सोलंकी, डैनियल वाय. मेकवान, जयंतीलाल एस छनियारा, सीताराम पी. सिंह, सीएचएस प्रसाद, कानजीभाई जी. वाघेला, भारती रामचंद्रन, मोहन एम. पटेल, गोविंदभाई डी. वाघेला, नारायण ए. डामोर, लुम्भाजी डी.जे. मारवाडी, अयोध्याप्रसाद बी. तिवारी, बचुभाई आर. राणा, कमलेश एस. जोशी, रणजीत सिंह बी. चावड़ा और रसिक यू. पाटडीया आदि को संस्थान की दीर्घकालीन सेवा से सेवानिवृत्त होने पर, संस्थान द्वारा सुदीर्घ सेवा पुरस्कार दिए गए।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत वर्ष के दौरान 136 आरटीआई आवेदन और 6 प्रथम अपीलें प्राप्त हुई हैं और इनके जवाब दिए गए हैं।

इसके विवरण **परिशिष्ट ढ** में दिए गए हैं।

परिशिष्ट ढ8 में कर्मचारियों की संख्या के डाटा दिए गए हैं।

छात्र गतिविधियाँ

एबेकस

वर्ष 2015-16 में गणित और उसके वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों के बीच के अंतर को लक्षित करने के लिए नई पहलें की गई। पहली शुरूआत जूज़ विश्लेषण के साथ, एबेकस ने लेख श्रृंखला रियल मैथ शुरू की। पाठ्यक्रमों में सीखी गई अवधारणाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में लागू किया गया, और कुछ दिलचस्प अनुमानों का परीक्षण किया गया। यह पाया गया कि नियत कार्य की तारीखें जूज़ की उच्च संख्या के साथ सहसंबद्ध थीं। इस प्रकार का यह पहला लेख छात्र समुदाय द्वारा सराहा गया था।

एक घंटे तक की रोचक व दिमाग पर जोर देने वाली पहेलियाँ सुलाझाने वाली नटकेकर, वार्षिक पहली प्रतियोगिता से इस वर्ष की शुरुआत हुई। टेसरेक्ट, स्थानन तैयारी के लिए पहेली डेटाबेस, का अद्यतन नई पहेलियों के साथ किया गया था और पज़ल बोर्ड की पहल की गई। कक्षाओं में बोर्डों पर रोजाना नई पहेलीयाँ पेश की गईं, जिससे चायविरामों में अथवा नींद प्रेरित सत्रों में समस्या हल करना दैनिक समय व्यतीत करने का एक साधन सा बन गया था।

अमेथन 2016 के दौरान आयोजित नीलामी प्रक्रिया कार्यशाला में परिसर के अंदर और बाहर से 100 से अधिक छात्रों की उपस्थिति देखी गई। आईपीएल और अन्य नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने की समझ स्पष्ट करने के लिए पोकर चिप्स का उपयोग करके इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम नीलामी के बारे में जिज्ञासा पैदा करने में सफल रहा।

एबेकस क्लब ने पी.एस. पाठ्यक्रमों के लिए उपचारात्मक सत्र और संदेह स्पष्टीकरण सत्र आयोजित किए। एबेकस ने आगामी बैचों के लिए न केवल गणित पाठ्यक्रमों के लिए, बल्कि जिसमे गणित शामिल हो ऐसे परिचालन, अर्थशास्त्र, और वित्त जैसे पाठ्यक्रमों के लिए भी पाठ्य सामग्री विकसित करने का काम शुरू किया गया।

कृषि व्यवसाय क्लब

कृषि व्यवसाय क्लब (एबीसी) की गतिविधियों का उद्देश्य कृषि व्यापार क्षेत्र में जागरूकता पैदा करना और रुचि समझाना है। इस वर्ष के दौरान क्लब द्वारा कुछ वक्ता सत्रों, कार्यशालाओं और औद्योगिक दौरों का आयोजन किया गया। एनसीडीईएक्स वस्तु प्रशिक्षण कार्यशाला में छात्रों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया था। अमेथॉन के साथ जुड़कर एबीसी (कृषि व्यवसाय क्लब) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम "क्विज़ोफाइल" को बड़ी सफलता मिली। एबीसी ने कुछ मॉक समूह चर्चा सत्र और कृषि वित्त पर एक सत्र का आयोजन भी किया, ताकि पीजीपी-एफ़एबीएम अपने ग्रीष्मकाल के लिए तैयारी में सहायता पा सके। इन तकनीकी कार्यक्रमों के अलावा, आरंभ समुदाय सेवा सहायता कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के बारे में जागरूकता पैदा करना है उसे उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली।

आने वाले वर्ष के लिए एबीसी ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को क्लब के दायरे में शामिल करने की योजना बनाई है। इससे क्लब को खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सलामती और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों को विस्तृत करने में मदद मिलेगी।

शैक्षणिक परिषद

शैक्षणिक परिषद संस्थान में सभी शैक्षणिक गतिविधियों की केंद्र बिन्दु है। यह परिषद छात्रों और संकाय के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती है, यह छात्रों के मामलों को प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करती है और शैक्षिक नीतिनिर्माण की प्रक्रिया में भाग लेती है। परिषद ने पीजीपी पाठ्यक्रम की समीक्षा प्रक्रिया में एक सक्रिय भूमिका निभाई है जो हर पाँच साल में एक बार की जाती है।

शैक्षणिक परिषद द्वारा कार्यान्वित की गई प्रमुख पहलों में से एक पहल नीलामी की बोली प्रक्रिया की सुविधा के लिए शुरू किए गए एक नए सॉफ्टवेयर की पहल थी। कार्यक्रम में रह गई त्रुटियों से निपटने हेतु संघर्ष शीट में परिवर्तन किए गए थे। परिषद ने सभी उपलब्ध पाठ्यक्रमों के साथ स्पष्ट रूप से उपयुक्त श्रेणियों में विभाजित की गई एक नई वेबसाइट का शुभारंभ किया। यह पोर्टल सभी शैक्षणिक प्रश्नों को स्पष्ट करने के लिए समाधान केंद्र था। इसमें सभी प्रमुख पोर्टल्स के लिंक शामिल थे। अन्य एक

तकनीक कुशाग्र पहल उबाने वाले पेपर और पेन आधारित प्रारूप से पाठ्यक्रम और प्रशिक्षक प्रतिक्रिया संग्रह प्रक्रिया में बेहतर संरचित ऑनलाइन प्रारूप परिवर्तन लाना थी।

इस परिषद ने प्रथम वर्ष के पीजीपी छात्रों के उपचारात्मक सत्रों का आयोजन करके सहायता की, जिसमें वे मित्रों द्वारा अपने संकल्पनात्मक संदेह का समाधान प्राप्त कर सकें। उपचारात्मक सत्रों से बैच को परीक्षाओं और क्विज़ का सफलतापूर्वक सामना करने में सहायता मिली। परिषद ने प्रोफेसरों का संपर्क करके पहले साल के बैच को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल पर ऑनलाइन सत्र आयोजित करने में सहायता की।

शैक्षणिक परिषद ने बहुत सी पहलों पर काम करना शुरूकर दिया है जिसका फल निकट भविष्य में मिलेगा। पूरी पोस्ट-बोली प्रक्रिया ऑनलाइन किए जाने की योजना है। एक ऐसे पोर्टल की स्थापना पर काम चल रहा है जिसमें छात्र क्विज़ और परीक्षाओं के संग्रह जमा कर सकते हैं, जिसका समाधान ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं। ग्रेड भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के साथ सभी नए मूडल सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन केसों की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने के लिए वार्ता प्रगति पर है।

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ

नई पहल करने और छात्रों एवं पूर्व छात्रों के बीच संवाद को बढ़ावा देने के दोनों संदर्भ में, यह वर्ष पूर्वछात्र प्रकोष्ठ के लिए महत्वपूर्ण था। सबसे पहले अप्रैल-मई 2015 में सिंक्रॉनी से शुरूआत हुई, जो 6 अंतरराष्ट्रीय स्थानों सहित 15 शहरों में आयोजित किया गया था। सिंक्रोनी न केवल सभी बैचों के पूर्व छात्रों के बीच संवाद का एक मंच प्रदान करता है, बल्कि आने वाले बैच को आईआईएमए की संस्कृति की झलक दिखाने के लिए भी सक्षम बनाता है।

शिक्षा क्षेत्र से लेकर उद्यमिता तक के कई क्षेत्रों में सम्मानित पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को स्वीकार करने के लिए युवा पूर्व छात्रवृत्ति पुरस्कार सन् 2015 में शुरू किया गया। इस वर्ष यह पुरस्कार श्रीमती अपर्णा लबरू केलॉग प्रबंधन स्कूल, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी; श्री राजेश गोपीनाथ, सीएफओ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज; तथा श्री रघुनाथन जी और अप्रमेय राधाकृष्ण, टैक्सी फॉरस्योर के सहसंस्थापक को दिया गया। विम्वियन पूर्व छात्र क्विज़, ए.के.ए. डब्लूएक्यू ने छात्रों को कई प्रसिद्ध पूर्व छात्रों के बारे में अधिक जानने और उपहारों को जीतने का एक अनोखा अवसर प्रदान किया।

प्रकोष्ठ ने अपनी मासिक न्यूजलेटर टाइडिंग्स की ख़बरों में परिसर की और बाहर की प्रमुख घटनाओं को सम्मिलित किया। इस महीने का पूर्व छात्र लेख में कुछ प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के जीवन सफर को शामिल किया गया। पूर्व छात्रों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ावा देने की एक पहल के रूप में आईआईएमए पूर्व छात्र मोबाइल ऐप शुरु की गई। पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित पूर्वछात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन कार्यक्रम में बड़ी सफलता मिली जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक पूर्वछात्रों ने पीजीपी1 और पीजीपी2 के 200 से अधिक छात्रों को मार्गदर्शन दिया। इससे छात्रों को अपनी पसंद के उद्योगों के बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर मिला। पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों के बीच बेहतर पारस्परिक संवाद के लिए समय-समय पर वक्ता श्रृंखलाएँ भी आयोजित की गईं।

दिसंबर 2015 और जनवरी 2016 के बीच छह बैचों 2005, 1995, 1991, 1986, 1981, और एएफपी के पुनर्मिलन का आयोजन किया गया। पूर्व छात्रों ने अपनी यादों को ताज़ा किया और वर्तमान बैचों के साथ अपने परिसर की कहानियों को साझा किया। छात्रों को इस अवधि के दौरान आयोजित उद्योग से संबंधित और कैरियर से जुडी चर्चाओं का भी लाभ मिला।

अमेथॉन

अमेथॉन एशिया का सबसे बड़ा खाद्य एवं कृषि व्यवसाय शिखर सम्मेलन है, जो 13 से 15 जनवरी, 2016 के दौरान आयोजित किया गया और इसमें 30,000 से ज्यादा आगंतुक शामिल हुए। यह उभरते कृषि व्यवसाय प्रबंधकों के लिए उद्योग अग्रणियों, सफल उद्यमियों, प्रसिद्ध अकादमिक और सरकारी अधिकारियों के साथ कृषि व्यवसाय क्षेत्र के मुद्दों और अवसरों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक अंर्तक्रियात्मक मंच प्रदान करता है। इसके मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री श्री राधा मोहन सिंहजी थे। स्टार्टअप स्ट्रीट, कृषि भविष्य की प्रदर्शनी, और ड्रोन डिस्प्ले जैसे समारोहों एवं प्रदर्शनियों ने देश भर के प्रतिभागियों को आकर्षित किया। अमेथॉन क्लब ने सभागार में एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन करके स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया पर प्रधानमंत्री के भाषण की भी मेजबानी की थी।

बीटा

वित्त क्लब बीटा ने रोमांचक समारोहों की एक श्रृंखला के माध्यम से, फिनोमिना 2015 के साथ नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत की, जिसमें परिसर पर वित्तीय परिक्षकों को रोमांचित किया। पुराने छात्रों द्वारा किए गए विशेष रूप से व्यापार वस्तुओं और बाजारों पर गहन अनुसंधान सहित व्यापक क्विज़ों को चित्रित किया गया। बीटा क्लब ने खातों, वित्तीय बाजारों, लागत और कॉर्पोरेट वित्त विषयों के लिए समय पर आधारित उपचारात्मक सत्र आयोजित किए।

छात्र और बीटा पूर्वछात्र जिन दो हस्ताक्षर गतिविधियों को भविष्य में देखना चाहते हैं वे स्थानन के तीन महीने पहले शुरू की गई हैं 'द वर्ड ऑफ द डे' और 'बीटा डेली'। टीम ने इन गतिविधियों को

दैनिक आधार पर चलाया ताकि बैच को वित्तीय अवधारणाओं और महत्वपूर्ण समाचार घटनाओं की बुनियादी समझ के बारे में तैयार किया जा सके।

बीटा ने निवेश बैंकिंग, कॉरपोरेट बैंकिंग, कॉर्पोरेट वित्त, प्राइवेट इक्विटी, वेंचर कैपिटल, और वित्तीय बाजार की भूमिकाओं के लिए नियमित और उन्नत सत्र आयोजित करके ग्रीष्मकालीन स्थानन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीटा ने वित्त लघुसूचितों के लिए नकली साक्षात्कार सत्र भी आयोजित किए।

बीटा क्लब टीम के सदस्यों को इस क्षेत्र में रुचि पैदा करने के लिए विभिन्न रोचक और ऑफबीट विषयों पर ब्लॉग लिखने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक्सेल और ब्लूमबर्ग में मूल्यांकन के लिए कार्यशालाएँ आयोजित की गईं ताकि छात्रों को इंटर्नशिप और वित्त में नौकरियों के लिए तैयार किया जा सके।

कैओस

वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का मज़ा और उल्लास 86 घंटों तक रहा। यह वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव किसी भी कॉलेज में प्रत्येक के दिल के करीब होता है और कैओस इससे जुदा नहीं है 4 दिन, 50 से अधिक समारोह, दैनिक 9000 से अधिक लोगों का आगमन, व्यापक मीडिया कवरेज, और जीवन के सभी क्षेत्रों के दर्शक।

दिन में स्ट्रीट प्ले, कोरियोग्राफी, फ़ैशन शो और स्प्रे पेंटिंग, मैकैम, कुंगफू, हिप हॉप, चरखा और जाइव पर कार्यशालाएँ आयोजित करके हजारों छात्रों को व्यस्त रखकर मनोरंजन करना और इससे वे लाभान्वित भी हों। आगंतुकों को फोटोग्राफ स्टॉल, व्यंजनों के ठेले, पेंट बॉल तथा आर्चरी जैसे खेलों द्वारा मजा कराया गया।

स्टैंड-अप कॉमेडी की लोकप्रिय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए हमने रोहन जोशी और कानीज़ सुर्का के एक शो का आयोजन किया था। कुमार विश्वास ने अपनी कविता, भारत और पूरे जीवन के बारे में अद्वितीय अवलोकनों और टिप्पणियों से दर्शकों में समा बांध दिया था। समारोह की शुरूआती शाम को डी.जे. एसेएक्स का प्रदर्शन था जबकि रघु दीक्षित ने अपने दिलचस्प संगीत से लोगों को जकड़े रखा था। पपोन ने समकालीन बॉलीवुड संगीत के साथ मिश्रित अपने पारंपरिक लोकगीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और इज़राइली बैंड ऊज़ोबाजूका ने अंतर्राष्ट्रीय संगीत का आस्वाद कराया। समारोह की अंतिम शाम को मोहित चौहान ने अपनी सशक्त धुनों के साथ समारोह का समापन किया।

कम्प्यूटर केन्द्र समिति

कम्प्यूटर केन्द्र समिति उन कुछ क्लबों में से एक थी जिसने परिसर में आने से पूर्व नए जुडने वाले बैच के साथ संवाद किया था। इस समिति ने उन्हें और स्थानन समिति को आगमन के समय पर ले जाने वाले दस्तावेजों और विभिन्न अन्य मूल लेखों के बारे में प्रभावी रूप से संवाद करने के लिए एक मंच प्रदान किया। समिति ने मैक लैपटॉप, एमएस ऑफ़िस और विंडोज के थोक सौदे आयोजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रियायती मूल्य पर मैक के मालिक होने में सक्षम होना कई नए छात्रों के लिए सुखमय रहा और इससे उनका आईआईएमए के साथ जुड़ने का आनंद दुगुना हो गया था।

समिति ने परिसर में नेट कनेक्टिविटी को सुधारने की ओर रुख किया और कम कनेक्टिविटी वाले छात्रावासों में नए ऐक्सेस प्वाइंट स्थापित किए। जिन्हें कनेक्टिविटी की समस्या थी ऐसे 120 से अधिक छात्रों के कमरों में राऊटर उपलब्ध कराए गए।

स्थानन की तैयारी में छात्रों की अधिक सहायता करने के लिए, समिति ने साप्ताहिक तकनीक न्यूज़लेटर्स प्रकाशित किये ताकि छात्र समुदाय इस क्षेत्र में नवीनतम विकास के साथ आगे बढ़ सके। समिति ने क्लब की दृश्यता तथा अपनी पहलों को जोड़ते हुए अपनी वेबसाइट से एफएसआई की सहायता करने जैसी कई पहलों का प्रारंभ किया। भोजनालय को वाईफाई से जोड़ने की अक्षमता छात्रों की एक बड़ी शिकायत थी। सीसीसी ने भोजनालय में भी वाईफाई कनेक्टिविटी को लागू करके इस समस्या का निवारण किया। समिति ने छात्र गतिविधि समिति के लिए चुनाव प्रक्रिया को निष्पादित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरी प्रक्रिया के निर्बाध कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया। छात्र गतिविधि समिति के सदस्यों की प्रतिष्ठित पदों के लिए सोपबॉक्स की लाइव स्ट्रीमिंग की शुरुआत भी अप्रत्याशित थी और पूरे समुदाय को उनके छात्रावासों की लक़्ज़री से इस प्रक्रिया को देखने का अवसर प्रदान किया गया। आखिर में समिति ने पूरे बैच के डेटा के लिए एक समर्पित स्थान प्रदान किया जहाँ से छात्र समुदाय द्वारा उसका उपयोग किया जा सकता है।

कॉन्फ़्लुअन्स

कॉन्फ़्लुअन्स क्लब याने वार्षिक प्रबंधन विचार संगोष्ठी का उद्देश्य व्यवसाय दर्शन संबंधित बहस, चर्चा, और पुनर्विचार करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करना है। यह उद्योगों के दिग्गजों, उद्यमियों और छात्रों के बीच विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि वित्त, विपणन, उद्यमिता, मीडिया और खेल सम्बन्धित विचारों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है। कॉन्फ़्लुअन्स 2015 ने छात्रों को कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और पैनल चर्चाओं की विशाल श्रृंखला के माध्यम से व्यवसाय जैसी परिस्थितियों का अनुभव करने का अवसर प्रदान किया।

कॉन्फ़्लुअन्स 2015 ने मास्टरप्लान से स्टॉकमैनिएक, एक अपरंपरागत व्यवसाय अनुकार खेल से लेकर प्रबंधन समारोहों का बड़ी संख्या में आयोजन किया। कॉन्फ़्लुअन्स ने कला और खेल से लेकर केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त जैसे विभिन्न क्षेत्रों से देश के सबसे अद्भुत वक्ताओं में से कुछ की मेजबानी की। प्रमुख कार्यशाला श्रृंखला में बीएफएसआई, विपणन और उद्यमिता के क्षेत्र में 300 से अधिक छात्रों की उपस्थिति देखी गई जिसमें सम्मानित मेहमान और संकायों ने प्रतिभागियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

परामर्श क्लब

परामर्श क्लब पूरे वर्ष के दौरान सक्रिय रहा। इसने बैच में परामर्श के लिए उत्साह निर्माण करने से शुरूआत की। परामर्श के बुनियादी मसलों के लिए आने वाले पीजीपी बैच को परिचित कराने के लिए परिचय से परामर्श पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। एक व्यावसायी दृष्टि से परामर्श के परिप्रेक्ष्य को प्रदान करने के लिए क्लब द्वारा, मैक्किंसे, बैन, बीसीजी और एटीके जैसे रणनीति सलाहकारों की चार बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक वक्ता सत्र भी आयोजित किया गया।

आंतरिक उन्मुखीकरण कार्यक्रमों में स्थानन तैयारी की गतिविधियों का प्रभुत्व था। शुरुआत करने वालों के लिए, संपूर्ण कैस बुक का पुनरोत्थान किया गया। इसे अधिक संरचनात्मक और गहन बनाया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि इसमें क्षेत्रों और उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया है। मार्गदर्शन कार्यक्रम में व्यापक भागीदारी देखी गई और छात्रों को एक बहुमूल्य संसाधन के साथ पुराने छात्रों का ज्ञान, उनके निपटान पर प्रदान किया गया। स्थानन तैयारी की दिशा में सक्षम करने वाली अन्य गतिविधियों में कंपनी प्रोफाइल, पैनोरमा (क्षेत्र रिपोर्ट के लिए फैंसी शब्द), और परामर्श 360 (सलाहकार प्रशिक्षुओं के साक्षात्कार और इंटर्नशिप के अनुभव) थीं। परामर्श हॉटलाइन से परामर्शन शुरू किया गया था जिसमें तैयारी प्रक्रिया में सहायता के लिए लघुसूचीकृत छात्रों के लिए विभिन्न परामर्शन कंपनियों हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

केस बुकों को साझा करने के लिए बाह्य रूप से उन्मुखीकृत गतिविधियों में एनवाईयू स्टर्न का समझौता शामिल था। मेक्कोम्ब को भी एक भागीदार के रूप में लाया गया था। क्लब ने विश्व युद्ध 3 की थीम के साथ एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता, आर्मगेडन, भी आयोजित की। समाज के प्रति योगदान देने हेतु परामर्श क्लब ने एक समुदाय सेवा सहायता पोर्टल पहल विकसित किया, जो सामाजिक गतिविधियों के लिए स्वयंसेवकों और अवसरों के बीच सेतु के रूप में कार्य करता है।

सांस्कृतिक और सामाजिक मामले समिति (कल्टकॉम)

संक्षिप्त में कहा जाए तो कल्टकॉम परिसर को जीवंत और मस्ती भरा रखने के लिए जिम्मेदार है। चाहे वेलकम वीक, टी-नाइट, गरबा, होली, दिवाली, क्रिसमस, पोंगल, लोहड़ी, या गणेश चतुर्थी हो, कल्टकॉम ने आईआईएमए संस्कृति को सफलतापूर्वक बनाए रखा है। गरबा रास, न्यू ईयर पार्टी और बाइक सैर ने छात्रों को अपने व्यस्त कार्यक्रम से विराम पाने और अपने दोस्तों के साथ आनंद उठाने की सुविधा दी है। इसके अतिरिक्त कल्याण समिति की मदद से मुख्य त्यौहार, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और संस्थान दिवस मनाए गए। कल्टकॉम ने अन्य क्लबों जैसे म्यूज़िक क्लब एवं फुटलूज के सहयोग से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस साल, क्लब ने अहमदाबाद के महाविद्यालयों के बीच सहयोग बढ़ाने की पहल की, जिसके परिणामस्वरूप ए-लीग का जन्म हुआ।

सार्वजनिक वक्ता क्लब (इलोकन्स)

महिला नेतृत्व सोसायटी (विमेन लीडरशिप सोसाइटी) के साथ संयुक्त सत्र में हमारी प्रोफेसर आशा कौल की महत्वपूर्ण टिप्पणी से वर्ष की शुरुआत हुई। क्या महिलाओं के पास सब कुछ हो सकता है? इस विषय को कई लोगों से प्रतिध्वनि मिली। इस 70वें सत्र के लिए, प्रोफेसर धीरज शर्मा छोटी बातें विषय के लिए शामिल हुए। अपेक्षित रूप से, विपणन ज्ञान ने अनजाने सत्र में अपना रास्ता खोज लिया और इसे और अधिक मजेदार बना दिया। जैसे कि यह सब पर्याप्त नहीं था। 72 वें सत्र के लिए विषय छिद्रान्वेषी में बहुत कुछ देखा गया। भ्रष्टाचार एक वरदान है; और सहशिक्षा (छात्र-छात्राओं की) पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए जैसे विवादास्पद बयानों पर वक्ताओं से समर्थन प्राप्त हुआ और ऐसे दृष्टिकोण दिए गए जो सामान्य रूप से सुनने में नहीं आते हैं। जस्टिन बीबर को रजत जयंती सत्र के अवसर पर एक बलून बहस के विजेता के रूप में चुने जाने पर एक अनपेक्षित परिणाम मिला था जिससे यह और भी विनोदी और यादगार बना गया।

एंत्रे क्लब

इस वर्ष की शुरूआत प्रोफेसर सुनील हांडा द्वारा उद्यमशीलता एवं प्रेरणा में प्रयोगशाला विषय के साथ हुई। अपनी अनूठी शैली और प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से उन्होंने खचाखच भरी कक्षा में उपस्थित छात्रों के जीवन स्तर को छुआ।

एंत्रे मेले की शुरुआत श्री रोनी स्क्रूवाला द्वारा अतिथि व्याख्यान से हुई, जिस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को खुली आँखों से सपने देखने के लिए प्रेरित किया। यह एक बहुत ही सफल कार्यक्रम था जिसने न केवल आईआईएमए समुदाय को बल्कि अन्य कॉलेजों के छात्रों को स्टार्ट अपों से अंतक्रिया करने का अवसर प्रदान किया। मास्टर प्लान कॉन्फ़्लुअन्स 2015 के दौरान आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक टीमों ने प्रतिष्ठित खिताब जीतने के लिए पंजीकरण कराया। इस कार्यक्रम के अंतिम दौर से पहले एक वक्ता सत्र और एक पैनल चर्चा आयोजित की गई थी।

क्लब ने एक समुदाय सेवा सहायता कार्यक्रम मैनेजमेंट क्लिनिक शुरू किया जिसका उद्देश्य छोटे विकेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, निर्माताओं और अन्य स्थानीय उद्यमियों के व्यवसाय को समझना और उन्हें अपने व्यवसाय का विस्तार करने में मदद करना है। इस पहल को काफी सराहा गया और यह आने वाले वर्षों के लिए देखने लायक कार्यक्रम कहा जा सकता है। क्लब ने ब्रेक आउट सत्रों के माध्यम से आला उद्यमी विषयों से संबंधित चर्चा की सुविधा भी प्रदान की। हेय संस्थापक श्रृंखला से छात्रों को संस्थापकों और वीसी तक पहुंचने और अपने काम को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिली।

इक्विपोइज़

इक्विपोइज़ परिस्थिति संबंधित स्नातकों और अर्थशास्त्र में रुचि रखने वाले उत्साही लोगों के समूह का एक क्लब है। इस क्लब ने दो पीजीपी बैचों के बीच आपसी महत्त्वपूर्ण विचार-विमर्श को प्रोत्साहित किया। पहली बातचीत चॉकलेट केक के प्रति हमारी चाहत को लेकर प्रत्येक के साथ समान रूप से चोकलेट केक साझा करने की शर्त से शुरू हुई । सार्वजनिक नीति पाठ्यक्रम से प्रेरणा लेने के प्रयोग की अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

परीक्षाओं से पहले हमेशा आयोजित किए जाने वाले उपचारात्मक सत्रों के प्रति हमेशा उत्तेजना की भावना रही है जो हमेशा उपस्थित छात्रों और आरईएम लेने वाले छात्रों की संख्या से नजर आता है। वर्ष भर, टीम ने चीनी शेयर बाज़ार के धोखे, ग्रीस संकट, तेल परिदृश्य जैसे और कई अन्य दिलचस्प विषयों पर विभिन्न ब्लॉग लिखे, जिनके लिए पाठकों से अधिकतम प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई। इक्विपोइज़ ने एक आर्थिक रणनीति खेल के रूप में साम्राज्यवादियों के टकराव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और उसकी मेजबानी भी की थी। इसने भारी प्रतिक्रिया प्राप्त की जिससे क्लब ने परिसर के बाहर कॉलेजों के लिए भी कॉन्फ़्लुअन्स के सहयोग से खेल के एक संशोधित संस्करण की मेजबानी की थी।

विनिमय परिषद

पूरे वर्ष के दौरान विनिमय परिषद की गतिविधियों की एक अच्छी भूमिका रही। हमने अपने छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों में भेजने और उनके वीजा, पासपोर्ट, विदेशी मुद्रा आदि की व्यवस्था करने से काम की शुरुआत की। परिषद ने "नमस्ते इंडिया" अभियान के अंतर्गत विदेश से आने वाले विनिमय छात्रों का स्वागत, यात्रा, स्थानीय स्थानों, परिसर दौरों आदि के सत्रों से किया।

विनिमय मेले में, छात्रों ने अपने इंटर्नशिप के अनुभवों के बारे में बताया। विनिमय मानदंडों के संबंध में बैच की प्रतिक्रिया ली गई और इसमें कुछ बदलाव किए गए थे। छात्रों को विनिमय सीट छोड़ने से रोकने के लिए ढांचे का पुनर्निमाण किया गया। पुराने छात्रों के विनिमय के अनुभवों को यात्रा बाइबिल में शामिल किया गया, जो आने वाले वर्षों के लिए जानकारी का एकमात्र विकल्प बना रहेगा।

संकाय-छात्र आपसी विचार-विमर्श प्रकोष्ठ

संस्थान में एफएसआई और संकाय-छात्र संवाद के लिए यह एक रोमांचक वर्ष रहा। संकाय और छात्रों के बीच आपसी विचार-विमर्श को अधिक बढ़ावा देने के लिए कई नई पहल की गईं। इस वर्ष की शुरुआत मार्गदर्शन कार्यक्रम से की गई जिसमें 175 छात्रों को 38 संकाय सदस्यों की सलाह से बहुत फायदा हुआ। एक ऐसे संकाय सूचना पोर्टल का शुभारंभ किया गया जो संकायों के अनुसंधान और अनौपचारिक हितों दोनों को एकीकृत करता है।

शिक्षक दिवस पर संकाय सदस्यों के परिप्रेक्ष्य से लाल ईंटों के भीतर के जीवन पर एक दिलचस्प नाटक किया गया था। प्रोफेसर राकेश बसंत, प्रोफेसर आशा कौल, प्रोफेसर सचिन जायसवाल, प्रोफेसर देबजीत रॉय, जतिन नागोरी, और विक्टर परेरा ने आईआईएमऐक्ट्स के साथ मिलकर दर्शकों को उनके अभिनय प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध का दिया था। फुटलूज़ तथा म्यूजिक क्लब ने अपने शानदार प्रदर्शन से रात को सुहाना बना दिया था। पॉटपुरी में प्रोफेसर सतीश देवधर, प्रोफेसर विश्वनाथ पिंगाली, प्रोफेसर सोभेश अग्रवाल, और अपने छात्र दल के साथ प्रोफेसर अनीश सुगथन के बीच एक दिलचस्प खेल का आयोजन देखा गया।

इस साल खेल की गली संस्करण में स्थानांतरित प्रारूप के साथ क्रिकेट मैच अधिकतम अनौपचारिक और मनोरंजक कार्यक्रम बन गया था। इसके परिणामस्वरूप छात्रों और संकायों के बीच एक आकर्षक मैच हुआ था। इस खेल के दौरान प्रोफेसरों को मैत्रीपूर्ण स्लेजिंग और शोर मचाते देखा गया।

उद्योग संवाद मंच

वर्ष 2015-16 एफआईआई के लिए उल्लेखनीय रहा। इस वर्ष के दौरान वर्ष 2014-15 में रही परियोजनाओं की संख्या 42 से वर्ष 2015-16 में 85 तक की संख्या लगभग दुगुनी तो हुई बल्कि उद्योग और संबंधित संगठनों में एफआईआई में उपस्थिति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण निवेश भी किया था। एफआईआई ने सार्वजनिक क्षेत्र की पहलों को निपुणता प्रदान करके सरकार के साथ पहले से कहीं ज्यादा अधिक नजदीकी से काम किया। एफआईआई ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ईहाट की स्थापना, गांवों में स्वच्छता समबन्धित सर्वेक्षण और आदिवासी क्षेत्रों में शौचालयों के निर्माण से संबंधित परियोजनाएँ जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में गुजरात के ग्रामीण विकास विभाग के साथ मिलकर काम किया। एफआईआई ने कई स्टार्टअपों को भी सहयोग दिया है जिसमें बाजार अनुसंधान पर परियोजनाएँ, व्यवहार्यता अध्ययन, रणनीति तैयार करना, और बाजार प्रवेश की संभावनाएँ शामिल हैं।

एफएसएसआई ने जेएडीई-यूरोपीय जूनियर उद्यम परिसंघ (यूरोप के उद्यमों का एक अंतरराष्ट्रीय गैरलाभप्रद छात्र संगठन) के साथ साझेदारी में प्रवेश किया, जो यूरोप भर में पूरी तरह से छात्रों द्वारा संचालित है। दो अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों में व्यवसाय क्लब फ्रांस इंडिया और ब्राजील जूनियर ब्राजील जूनियर कंपनी परिसंघ हैं। इन साझेदारियों को विदेशी निवेशकों की अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता और उद्योग के विस्तार से वृद्धि के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय सम्मेलनों में भागीदारी बढ़ाने में लाभ होगा।

घरेलू मोर्चे पर, एफआईआई ने टीआईई-दी इंडस एंटरप्रेन्योरस, एसआईएनइसोसाइटी फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (आईआईटी बॉम्बे), इंडिया इनोवेशन इनिशिएटिव और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ करार किया है। इन सभी ने दृश्यता और परियोजना विविधता दोनों को बहुत बढ़ावा दिया है।

कौशल (फ़िनेस)

फ़िनेस एक ललित कला क्लब है, यह कला प्रेमियों और शिक्षार्थियों का एक समुदाय है जिसका लक्ष्य परिसर में कला संस्कृति को विकसित करना और बढ़ावा देना है। यह आईआईएमए समुदाय के रचनात्मक विचारकों के लिए एक मंच प्रदान करता है ताकि वे आगे आ सकें, प्रदर्शन करें और विभिन्न कला रूपों को सीख सकें।

क्लब ने पूरे वर्ष के दौरान कई कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। क्विलिंग और ग्लास पेंटिंग कार्यशालाओं में बड़ी संख्या में समुदाय सदस्यों ने भाग लिया। क्लब ने रक्षाबंधन के दौरान प्रयास के विशिष्ट रूप से प्रतिभाशाली बच्चों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया, जहाँ उन्होंने क्विलिंग का उपयोग करके सुंदर राखी बनाई। फिनेस ने कार्टून स्ट्रिप्स आईआईएमए क्रॉनिकल्स के माध्यम से संस्थान के तेज और उग्र, मनमौजी फिर भी आनंदी जीवन को पेश करने का प्रयास किया, जो सभी को बहुत भाया। क्लब ने आनंद प्रदान सप्ताह 'जॉय ऑफ गिविंग वीक' और 'कैओस' की कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया।

फुटलूज

नृत्य हमेशा से कुछ वह चीज़ रहा है जो लोगों को अंदर से जोड़ता है, बेहद विशुद्ध खुशी, एक उत्तेजक जोश, अपने आप में आत्मविश्वास महसूस करने का और दिल की धड़कन के साथ संगीत की प्रतिध्वनि जोड़ने का एक कार्य है, यही सब कुछ है जिसके लिए फुटलूज हमेशा तत्पर रहता है।

शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत वर्ष के सबसे बड़े नृत्य शो बिग बैंग के साथ की गई। इस दौरान हिपहॉप, भारतीय शास्त्रीय, साल्सा, बॉलीवुड 'आप नाम बोलिए और हम कर दिखाएँ' बिना किसी तैयारी के गणपति विसर्जन नृत्य से लॉकिंग और पॉपिंग और लैटिन अमेरिकी से कथक तक के नृत्य किए गए। बैंग भी कुछ समारोहों में से एक था, जिसमें न केवल सदस्यों का परन्तु पूरे छात्र समुदाय का उत्साही दर्शकों के सामने अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन करने के लिए अभिवादन किया था। फुटलूज़ ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ देशभक्ति की भावना को आत्मसात किया। हमारे देश की विविधता का जश्न मनाने के लिए देश के चारों कोनों के लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया गया।

शिक्षक दिवस पर संकायों को श्रद्धांजलि देने के लिए फुटलूज, आईआईएमएक्ट्स और संगीत क्लब ने एफएसआई के साथ सहयोग किया। नए फुटलूज सदस्यों ने साल्सा और भांग़डा के प्रदर्शन द्वारा संकायों और छात्रों का समान रूप से मनोरंजन किया। जॉय ऑफ गिविंग वीक के दौरान फुटलूज द्वारा किए गए प्रदर्शन का दर्शकों ने पूरी तरह से लुत्फ़ उठाया और इसकी सराहना कीगई। दोंनो क्लबों ने कथक नृत्य रूपों से लेकर अंतरराष्ट्रीय बॉलरूम नृत्य रूप जैसे कि साल्सा का प्रदर्शन किया। हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी फूट्लूज ने संस्थान के स्थापना दिवस पर अपना योगदान देते हुए इस आयोजन में प्रदर्शन किया। संकायों, कर्मचारियों, छात्रों और उनके परिवार के सदस्यों से भरे सभागार में हिपहॉप, साल्सा और भांग़डा का प्रदर्शन किया गया।

एक नई पहल - फ्लैश मॉब ने आईआईएम के लिए इस वर्ष आयोजित संघर्ष वार्षिक अंतर आईआईएम खेल शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले छात्रों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई वर्षों के बाद, फुटलूज ने कैओस 2016 के दौरान आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया।

फुटलूज़ ने डान्स नाइट के साथ वर्ष का समापन किया जो हमारे प्यारे पुराने छात्रों को विदाई समारोह के तौर पर समर्पित होता है, इन छात्रों ने बिग बैंग के दौरान बड़े उत्साह और उर्जा के साथ नवागंतुकों का स्वागत किया था। फुटलूज ने आईआईएमए मंच पर नृत्य के अपने बकेट सूची आइटम को टिक करने के लिए सभी पुराने छात्रों को एक मंच भी प्रदान किया। क्लब ने कल्टकॉम के पुरस्कार समारोह के दौरान आश्चर्यजनक टीजर प्रदर्शन आयोजित करके समारोह के बारे में हलचल पैदा कर दी थी।

जेनेसिस

वर्ष 2015-16 उत्पाद प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी क्लब (मूल नाम जेनेसिस के रूप में पढ़िए) के लिए बहुत ही रोमांचक रहा है। परिसर पर स्थित कई अन्य क्लबों की तरह जेनेसिस ने नई पहलों की शुरुआत की। भारत में शीर्ष व्यवसाय स्कूलों के प्रौद्योगिकी क्लबों को जोड़ने के लिए एक प्लेटफार्म अखिल भारतीय आईआईएम कनेक्ट की स्थापना की गई। वर्ष के पहले बड़े समारोह का आयोजन इन्टरआईआईएम कन्वर्जन्स पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजित किया गया। कार्यक्रम को आईआईएम ए, बी और सी परिसरों में अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

एक अन्य प्रमुख पहल एक अलग उत्पाद प्रबंधन प्रकोष्ठ की रचना है। परिसर के सभी उत्साही पी एम नवांगतुक छात्र(।) के लिए लघु-पाठ्यक्रम तैयार करने में इस प्रकोष्ठ ने सहायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बाद क्लब ने कम्पनी विशेष तैयारी सामग्री के साथ-साथ बनावटी समूह चर्चाओं और बनावटी साक्षात्कारों के माध्यम से नए छात्रों(।) के मार्गदर्शन की दिशा में आगे बढा। केओस के सहयोग से परिसर में कुछ रोमांचक वक्ता श्रृंखला आयोजित करके और ऑनलाईन खेल में उत्साही लोगों के लिए खेल कार्यक्रम का आयोजन कर के पीजीपी1 के मनोरंजन स्लॉट को अधिक जीवंत बना दिया।

सामान्य प्रबंधन एवं नेतृत्व प्रकोष्ठ

वर्ष की शुरुआत ट्रेजर हंट के साथ एक बड़े स्वर के रूप में हुई जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। निदेशक प्रोफेसर आशिष नंदा के सामान्य प्रबंधन में कैरियर विषय पर के एक सत्र लिया और हेवमोर के औद्योगिक दौरे को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इससे बाद में गिफ्ट सिटी, जिसे भारत में आने वाले स्मार्ट शहरों के लिए मॉडल रूप माना जाता है, उसके दौरे के लिए प्रोत्साहित किया।

जीएमएलसी ने ओपन डे आयोजित किया, जिसमें गुजरात के दस कॉलेजों के 500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसने न केवल सहभागी छात्रों को संस्थान के अंदर के जीवन की झलक पाने में मदद की बल्कि संगठन की टीम को यह भी समझने में मदद की कि बाहर के छात्र उन्हें किस नजरिये से देखते हैं। स्थानन से पहले, जीएमएलसी ने इच्छुक छात्रों की सहायता के लिए प्रमुख समूह चर्चा, बनावटी साक्षात्कार का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, उन्हें समय बचाने में मदद करने हेतु सामान्य प्रबंधन कंपनियों के प्रोफाइल भी उपलब्ध कराए गए थे।

हेरिटेज क्लब

हेरिटेज क्लब ने छात्र समुदाय को अहमदाबाद और गुजरात की संस्कृति और विविधता के करीब लाने का पूरा प्रयास किया है।

वर्ष भर में कई हेरिटेज पैदल यात्राओं का आयोजन किया गया

जिसे ज़ोरदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। सिद्दी सैयद मस्जिद जहाँ से संस्थान ने अपना प्रतीक चिह्न लिया है उसकी सबसे अधिक प्रशंसा की गई ओर उसे देखने की बार बार माँग उठी। जामा मस्जिद, गाँधी आश्रम, और रानी सिप्री मस्जिद इन हेरिटेज पैदल यात्राओं के अन्य प्रतिष्ठित स्थल थे। इफ्तार पैदल यात्रा, रथ यात्रा फोटो भ्रमण और रात्रि बाजार यात्रा ने विविध, समृद्ध और राजस्थानी और गुजराती संस्कृति के एक प्रकार के संयोजन का आस्वादन करवाया।

इस वर्ष भी इनसाइट के दौरान वारसी बंधुओ और उस्मान मीर जैसे कुछ सुप्रसिद्ध कलाकारों का लोक संगीत प्रदर्शन और सात्विक व्यंजन मेले के दौरान कर्दम शर्मा और आरिफ मीर जैसी स्थानीय अनुभूतियों का मजा लिया गया। जब विशाल पैमाने पर व्यंजन उत्सव मनाया जा रहा था तब कलाकारों ने उनके सुरीले सुरों, पखवाज और हार्मोनियम प्रदर्शनों से भीड़ को मंत्रमुग्ध किया था।

आईआईएमैक्ट्स

नाटक और थिएटर क्लब आईआईएमऐक्ट्स की यात्रा 'ए स्लिप इन टाइम' थ्रिलर के साथ शुरू हुई। अगला नाटक था 'मिडल ओफ नोव्हेर,' जो एक स्थिति जन्य कॉमेडी था। अगले नाटक 'इल्हाम' ने सवाल ख़डे किए और एक अस्तित्वगत संकट की परिसर में सबसे अधिक बार दिखाई जानेवाली दुविधा का जवाब देने की कोशिश की गई।

इसके बाद, विनिमय सत्र में, आईआईएमएक्ट्स ने 'दारा' का मंचन किया, जिसके परिमाण आज तक मेल नहीं हो पा रहे हैं। यह नाटक ऐसे परिवार पर था जो एकदूसरे के खिलाफ कैसे ख़डा होता है उस बारे में था। संकाय नाटक में संकाय सदस्य शामिल थे और आईआईएमएक्ट्स ने स्क्रिप्ट लेखन को समन्वित किया था और बाद में उसे अभिनीत करने में भी समन्वयन किया था। इस नाटक में शिक्षकों ने छात्रों की और छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाई थी। दोनों पक्षों को पता चला कि हर किसी का जीवन वास्तव में कितना मुश्किल है। 'जॉय ऑफ़ गिविंग' का प्रहसन नाटक अत्यधिक सफल रहा।

हमने एक वीडियो 'ईमानदार सोप बॉक्स' भी शुरू किया जो मूल रूप से सोप बोक्सों के आयोजन के तरीकों पर एक विचित्र व्यंग्य था। एक अन्य नाटक ने भारत में हिजड़ों के सामने आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। आईआईएमऐक्ट्स ने कैओस के दौरान दूसरा पुरस्कार जीता जो शीर्ष पर चेरी की तरह था। 'द फाइनल ऐक्ट,' जैसा कि नाम से भी पता चलता है, टीम का आखिरी नाटक था। एक नाटक, उसके भीतर एक नाटक, उसके भी भीतर एक और नाटक .....।

अंतर्दृष्टि (इनसाइट)

पहली बार इनसाईट प्रबंधन संगोष्ठी 25 से 27 सितंबर 2016 तक तीन दिनों के लिए आयोजित की गई। इनसाईट ने फिर से आईआईएम के छात्रों को एक मंच प्रदान किया ताकि वे मीडिया से लेकर बैंकिंग तक की श्रेणी के उद्योगों पर विभिन्न प्रच्छन्न बाजार अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से उनकी पढ़ाई को अभ्यास में तबदील कर सकें।

क्लब की विपणन प्रतियोगिताओं में देशभर के 10,000 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी देखी गई। प्रमुथ प्रतियोगिता कोटलर अपनी तरह की एक ऐसी प्रतियोगिता थी जिसमें देश के शीर्ष 10 व्यवसाय स्कूलों में आयोजित परिसर दौरों से अंतिम दौर में पहुँचने वालों का चयन किया गया था। इस समारोह में वक्ता सत्र और कार्यशालाएँ थीं; प्रहलाद ककड़ द्वारा की गई विज्ञापन कार्यशाला को सबसे अधिक अंक मिले। सौरभ पंत का गुदगुदाने वाला स्टैंडअप कॉमेडी प्रदर्शन और उस्मान मीर के शानदार ग़जल प्रदर्शन के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ।

साहित्यिक संगोष्ठी डेस्क

साहित्यिक संगोष्ठी डेस्क ने वर्ष के दौरान बहुतसारी गतिविधियों का आयोजन किया। वर्ष की एलएसडी गतिविधियों की शुरुआत नवागंतुक छात्र साहित्यिक सप्ताह से की गई जिसने नए छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली साहित्यिक उम्मीदों का आस्वादन कराया। परिसर के अंदर एक बहस संस्कृति बनाने के लिए, एलएसडी ने नियमित संसदीय बहस का आयोजन किया, जिनमें से कई सत्र, सत्र के बाद रात्रि भोजन की टेबल पर उग्र चर्चाओं में बदल गई। हालांकि, उनमें से सबसे पसंदीदा कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित संकाय-छात्र वादविवाद था। यह बहस निदेशक प्रोफेसर आशीष नंदा और प्रोफेसर अजय पांडेय द्वारा एक छात्र दल के समक्ष आईआईएम अहमदाबाद का दर्शन विद्यार्थियों की व्यक्तिगत दृष्टि से जुड़ा हुआ है मुद्दे को लेकर थी। इस कार्यक्रम ने एक दिलचस्प चर्चा को उभारा, जिसमें कई लोगों को अपनी राय से संबंधित आवाज उठाने का मौका मिला। नक्षत्रीय बहस करने के बाद, क्लब को एडवांटेज इंडिया की पुस्तक लॉन्च करने का विशेषाधिकार भी दिया गया, जिसे संयुक्त रूप से श्री अब्दुल कलाम (उनकी अंतिम पुस्तक) और हमारे पूर्व छात्र श्रीजन पाल सिंह ने लिखा था।

एलएसडी ने साहित्यिक रैली, वार्षिक अंतर-अनुभाग प्रतियोगिता का आयोजन किया। भीड़ भरे कार्यक्रमों से निपटने के दौरान कुछ दिलचस्प विषयों पर चर्चाएँ की गई थी जबकि कुछ प्रश्नोतरियाँ संदेहात्मक रूप से खत्म हुई थी। जैसे कि यह परंपरा है, आईआईएमए ने इस साल भी 17 प्रतिभागियों को नीहिलान्त में भेजा था। सात कार्यक्रमों में से छह के लिए मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित करके, क्विज़िंग समुदाय के भीतर छोटे दल ने प्रतिष्ठा को बनाए रखा है।

एलएसडी ने इस वर्ष कैओस के दौरान कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया था। तीन दिनों में छः कार्यक्रमों के साथ, एलएसडी

के पास सभी के लिए कुछ न कुछ पेशकश थी आखिरी दिन, लोकप्रिय जनरल क्विज ने शानदार सांस्कृतिक उत्सव से समापन किया।

मैड क्लब

अपने पाठ्यक्रम सेलिब्रेटिंग द स्पिरिट ऑफ़ एन्टरप्रीनरशिप के लिए प्रासंगिक सामग्री बनाने के लिए मैडफिल्म क्लब को प्रोफेसर राकेश बसंत से सहयोग मिला। कॉन्फ़्लुअन्स डायरेक्टर सीरीज़ मांझी टीम से मिलिए की शुरूआत करने के लिए मैड क्लब ने कॉन्फ़्लुअन्स के साथ काम किया। इस कार्यक्रम ने फिल्म बनाने की कला और व्यवसाय का पता लगाया और यह समझने में मदद की है कि रचनात्मक भावना व्यावसायिक व्यवहार्यता के विचार के साथ कैसे काम करती है। बेहद लोकप्रिय अभिनेता नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी और राधिका आप्टे का तालियों की गडगडाहट के साथ अभिवादन किया गया।

मैड क्लब ने आईआईएमए समुदाय को पुराने युग की सराहना करने के लिए 'रिमेम्बरिग द क्लासिक्स' नामक नई क्लासिक्स मूवी की शुरुआत की। सिनेमा को चाहने वालों की खुशी के लिए उन्हें 'कैसाब्लांका' और 'सिटिजन केन' जैसी फिल्में दिखाई गईं। विनिमय छात्रों को शेक्सपियर के हेमलेट के हमारे प्रसिद्ध रूपांतरण हैदर और क्वीन के प्रदर्शन से भारत का आस्वादन कराया गया।

सिनेमा के उत्साही लोगों के जुनून और सिनेमा के ज्ञान को साझा करने के लिए सिनेमा प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। निशे क्लब के सहयोग से, मैड क्लब द्वारा स्टीव जॉब्स की दस्तावेजी फिल्म द मैन इन द मशीन दिखाई गई। कुछ प्रमुख कार्यक्रमों में से एक डीसी, साझा सामग्री को बढ़ाकर और वाईफाई पर उसे उपलब्ध कराने के द्वारा प्रोफाइल बढ़ा रहा था।

मीडिया प्रकोष्ठ

पिछले साल तक बड़े पैमाने पर बाहरी मसलों का सामना करने वाला यह मीडिया प्रकोष्ठ इस साल आंतरिक बन गया और नई दिशाओं में फैलने में कामयाब रहा। प्रथम वर्ष के छात्रों की ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के साथ वर्ष की शुरुआत जल्द हुई थी।आंतरिक ब्लॉग ने तत्काल काम करना शुरू कर दिया तथा विवादों और वार्तालापों में कदम रखा। आंतरिक प्रवचन की समग्र ताकत में योगदान करके संस्थान स्तर की गतिविधियों जैसे सोप बोक्स और चुनाव को कुछ हद तक शामिल किया। संघर्ष के सभी खेलों और बजट सत्रों जिसमें अभूतपूर्व राष्ट्रीय अत्यावश्यकता शामिल थी जैसी सभी घटनाओं के लिए मीडिया कवरेज में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी हुई। छात्रों की रुचि को खीझाने वाले प्रत्येक नए मुद्दे के साथ 'ब्रिक इन द वॉल' को आधिकारिक न्यूज़लेटर के रूप में लॉन्च किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को जीवंत स्कोर अपडेट जैसी गतिविधियों के साथ गुंजायमान रखा गया।

इतने वर्षों से मीडिया प्रकोष्ठ अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है और अगले वर्ष इसे आगे बढ़ाने के लिए इसने पुराने छात्रों की टीम को पीछे छोड़ दिया है।

मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के लिए यह वर्ष बहुत अच्छा रहा था। आने वाले बैच के लिए मार्गदर्शकों ने एक समर्थन प्रणाली का गठन किया। एलकेपी के घास के मैदान में बैठकर, तैयारी के लिए क्या क्या किया जाए उसके बारे में सलाह देने और स्थानन की तैयारी में छात्रों की मदद करके सलाहकारों ने सुनिश्चित किया कि नए बैच को शिक्षण और ग्रीष्मकालीन स्थानन के लिए बेहतर रूप से तैयार किया गया है।

मार्गदर्शन कार्यक्रम के अलावा, मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने स्थानन और इंटर्नशिप से संबंधित विभिन्न कार्यशालाओं और सत्रों का आयोजन किया। इस साल, बड़ी बहन / भाई कार्यक्रम के रूप में प्रयास के बच्चों के लिए इक्कीस सलाहकार आवंटित किए गए थे। जिन्होंने अपनी शारीरिक विकलांगताओं के बावजूद भी जीवन में उत्कृष्टता हासिल की उन आईआईएमए युवा प्रतिद्वंद्वियों को सम्मानित करने के लिए युवा सफल व्यक्तियों की बैठक का आयोजन किया गया। स्वस्थ परिसर पहल सत्रों का भी आयोजन किया गया। पहले साल के अधिकांश छात्रों को अपने मार्गदर्शकों का शानदार अनुभव रहने के कारण मार्गदर्शक बनने के लिए प्रेरित किया गया और यह उनके अनुगामी छात्रों को प्राप्त मार्गदर्शन वापस देने का भी समय था।

भोजनालय समिति

शिक्षक दिवस के रात्रिभोज से शुरुआत की गई जिसमें 600 लोग शामिल हुए थे तब से लेकर भोजनालय समिति ने रात्रिभोजों के आयोजनों में एक बड़ी सफलता हासिल की है। छात्रों द्वारा एकत्रित निधि से आईआईएमए सहायक स्टाफ के लिए रात्रिभोज जॉय ऑफ़ गिविंग डिनर आयोजित करने में मदद मिली, नव वर्ष पूर्व संध्या रात्रिभोज जिसमें 750 से अधिक छात्रों ने भाग लिया था इस आयोजन को छात्र समुदाय से काफी प्रशंसा मिली।

लोगों में भोजन को बर्बाद न करने के महत्व को संवेदनशील बनाने और उसके लिए उनमें जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए शून्य भोजन अपव्यय अभियान भी शुरूआत की गई है। बुनियादी रसोई कला नाम से भोजनालय स्टाफ की सहायता से बुनियादी खाना पकाने की कक्षाएँ भी आयोजित की गईं।

परिसर में विभिन्न खाद्य स्टॉलों की गुणवत्ता को अत्यंत महत्व दिया गया और नियमित गुणवत्ता जाँच द्वारा भोजन के गुणवत्ता मानकों को बनाए रखा जा रहा है।

संगीत क्लब

ऐसा क्लब जहाँ हाई वे से लेकर हेल जैसी फ़िल्मों के रूप में आप स्वर्ग की सीढ़ी पार गए हों ऐसा महसूस कराता है। ऐसा क्लब जहाँ आप अपनी डेविल वुमन के लिए फ़ी फॉलिन या ओल समबडी देट आई यूज़्ड टू नो को जान एवं गा सकते हैं।

जब खूबसूरत लाल ईंट का परिसर अपनी प्रणाली में लीक से हटता है तब आधी रात को छात्रावास नंबर 5 के तहखाने में खचाखच भीड़ लगना शुरू होती है बैच में से कुछ प्रतिभाशाली लोग परिसर में मधुर संगीत बनाने में उनका सबसे अधिक उत्पादक समय व्यतीत करने के लिए इकट्ठा होते हैं।

इतने वर्षों में, इस क्लब ने लोगों को इस तरह तैयार किया है कि वे जैगर की तरह आगे आ सके, रैम्प पर आग लगा दें, गिटार बजाने में कमाल दिखा सकें और गंभीर स्वर में गा सके, बास पर प्रश्न लगा दें।

निशे

निशे विपणन क्लब ने प्रारम्भ प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ब्रांड प्रश्नोतरी के साथ इस वर्ष की यात्रा शुरू की। प्रारम्भ के जिन नए छात्रों ने ब्रांड्स पर अस्पष्ट सामान्य ज्ञान का उत्तर देने में खुद को बचा लिया उनसे अनगिनत सहभागिता की। निशे ने सदा प्रतिस्पर्धी और मजेदार इंटरसेक्शन विपणन प्रतियोगिता चक्रव्यूह का आयोजन किया जिसमें ब्रांड शब्द पहेलियाँ और एडमेड (विज्ञापन निर्माण) जैसे कार्यक्रमों ने नए छात्रों को उसके प्रति दीवानेपन को बाहर लाने का मौका प्रदान किया।

निशे ने विपणन में कैरियर पर प्रोफेसर अरविंद सहाय के वक्तव्य का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। इस दौरान अत्यधिक सफल कंपनियों से विपणन में शीर्ष प्रबंधकों और अग्रणियों ने अपने अनुभवों को साझा किया निशे ने पीजीपी1 के लिए मार्केटिंग फैनटिक्स मार्गदर्शन कार्यक्रम की भी शुरुआत की ताकि उन्हें ग्रीष्मकालीन स्थानन के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके। मार्केटिंग डीमिस्टिफाइड, विपणन से संबंधित शब्दों को समझाने वाले ईमेलों की एक श्रृंखला एक नई गतिविधि थी, जिससे छात्रों को विपणन में बड़ा फायदा मिला।

निशे ने वर्ष भर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। केस प्रतियोगिता के लिए पैनासोनिक के साथ की गई साझेदारी बहुत सफल रही है और पूरे भारत में 100 से अधिक कॉलेजों ने इसमें भाग लिया। निशे ने विज्ञापन निर्माण व विज्ञापन रणनीति समारोह एड्मेनिया (विज्ञापन उन्माद) के आयोजन के लिए इनसाइट के साथ भागीदारी की जिसने देश भर के कॉलेजों से बड़ी संख्या में छात्रों को आकर्षित किया था। इस क्लब ने 'बियोंड द केस' का आयोजन करने के लिए कॉफ्लुअंस के साथ भागीदारी की इस वर्ष की आखिरी प्रतियोगिता एक ऑनलाइन ब्रांड क्विज़ 'मार्कोहिज़' थी। सभी समारोहों में देखी जाने वाली इस क्लब की ऊर्जा से क्लब की गतिशीलता और ताकत की गवाही मिलती है।

ऑप्टिमा

ऑप्टिमा संचालन क्लब ने हमेशा की तरह सामान्य शैक्षणिक और स्थानन तैयारी की गतिविधियों के अलावा कई अन्य गतिविधियों का आयोजन किया।

अमूल के औद्योगिक दौरे में भाग लेने वालों को भारत की सबसे मशहूर कंपनियों में से एक के परिचालनों को समझने का अवसर मिला। अन्य आकर्षण में श्री गणेशमूर्ति और श्री राम कुप्पुस्वामी क्रमशः पूर्व छात्र और ई-कॉमर्स तथा आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र में सम्मानित नाम के साथ वक्ता सत्र आयोजित किए गए। वक्ताओं ने परिचालन व्यवसायियों के जीवन के विशेष क्षेत्र में दिए जाने वाले पदों, भारत में उपलब्ध दिलचस्प अवसर, संचालन व्यवसायियों के विकास पथ और भारतीय रेलवे, एचपी, एक्सा, नोकिया, एटीके तथा एयरटेल के साथ काम करने के उनके अनुभवों के बारे में बात की। परिसर में ग्रीष्मकालीन और अंतिम स्थानन के दौरान संचालन संबंधी पदों के चयन करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।

पैनेसिया

पैनेसिया स्वास्थ्य सेवा क्लब के, आईआईएमए समुदाय में एक स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने और छात्रों को स्वास्थ्य सेवा उद्योग से जुड़ने में मदद करने के लिए मंच प्रदान करने के दोहरे उद्देश्य हैं। क्लब ने फार्मा उद्योग के अग्रणियों के साथ स्पीकर सत्रों का आयोजन किया। परिसर में स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए, क्लब ने रक्तदान शिविर और तीन चिकित्सा जाँचों का आयोजन किया।

परिप्रेक्ष्य (पर्स्पेक्टिव)

पर्स्पेक्टिव - फोटोग्राफी क्लब, फोटोग्राफी के प्रति उत्साही लोगों के लिए एक मंच है। पर्स्पेक्टिव ने अपने फोटोग्राफी कौशलों और तकनीकों में सुधार के इच्छुक सभी शौकिनों के लिए विभिन्न कार्यशालाओं और फोटो दौरों का आयोजन किया। कैओस में फोटोरेस जैसी जीवंत फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन करना और परिसर में मौजूद सभी छात्र निकायों के फोटोशूट आयोजित करने जैसी अन्य पहलें क्लब ने की थी।

स्थानन समिति

यह वर्ष स्थानन समिति के लिए एक रोमांचक रहा क्योंकि स्थानन प्रक्रिया में सुधार से संबंधित कई लंबे अरसे से चले आ रहे विचारों को अंत में सफलता मिली। शुरू से अंत तक ग्रीष्मकालीन स्थानन की प्रक्रिया लगभग चार महीने तक चली। पीजीपी2 छात्रों के लिए पार्श्विक स्थानन की प्रक्रिया 2016 की शुरुआत में शुरू हुई थी

और लगभग एक महीने तक चली थी। साल भर सिर्फ 100 प्रतिशत स्थानन सुनिश्चित करने पर ही जोर नहीं था, बल्कि कैरियर में छात्रों की 100 प्रतिशत योग्यता को सुनिश्चित करने पर भी था।

प्रकृति

क्लब की स्थापना इस उद्देश्य के साथ की गई ताकि समुदाय को परिसर की वनस्पतियों और जीवों की सराहना करने में सक्षम बनाया जाए और ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर समुदाय को संवेदनशील बनाया जाए। क्लब ने विमवियान ग्रीन प्रश्नोत्तरी, अपने परिसर को जानो, दो बार कपड़े एकत्रीकरण अभियान का आयोजन किया और संबंधित जागरूकता निर्माण पोस्टर अभियानों, प्रकृति फोटोग्राफी प्रतियोगिता, पक्षी यात्रा श्रृंखला और सर्वाधिक प्रशंसा प्राप्त ऐनर्जी वॉर ऊर्जा युद्धों का आयोजन किया। ऊर्जा युद्ध एक अनोखा कार्यक्रम था जिसमें प्रत्येक छात्रावास में दूसरों के खिलाफ शर्त रख दी गई थी और कम से कम ऊर्जा खपत वाले छात्रावास को विजेता घोषित किया गया था। प्रत्येक विजेता, हेरिटेज परिसर से एक और नए परिसर से एक को, हरक्यूलिस साइकिल पुरस्कार के रूप में मिली, जो क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप था।

प्रयास

सामाजिक पहल ने परिसर के पास रहने वाले वंचितों के बच्चों की संख्या 72 से 112 तक बढ़ाई। प्रयास ने 'जोय ऑफ गिविंग' सप्ताह उत्सव और डॉ. अरविंद गुप्ता के एक सत्र के साथ अपने काम की शुरुआत की। बच्चों से उनकी इच्छाएँ लिखवाई गईं और इन्हें इकट्ठा और समेकित किया गया और आईआईएमए समुदाय के साथ साझा किया गया।

इटली के विनिमय छात्रों ने प्रयास के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से एक इटालियन व्यंजनो के रात्रिभोज का आयोजन किया। प्रति प्लेट 350 रुपए की कीमत पर समुदाय के सदस्यों को कुछ विशुद्ध इटालियन व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। फाइन आर्ट्स क्लब के सहयोग से, प्रयास ने बच्चों के लिए एक ड्राइंग प्रतियोगिता की व्यवस्था की। इसका विषय था अपना घर छोड़ने के बाद आप क्या देखना चाहते हैं।

प्रयास क्लब ने फिनेस क्लब के सहयोग से एक विशेष राखी बनाने की कार्यशाला आयोजित की। अगस्त के महिने में आयोजित इस कार्यशाला के दौरान, लड़कियों ने अपने भाइयों के लिए कागज से राखी बनाई, जबकि लड़कों ने अपनी बहनों के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाए। लगभग 50 बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के भाग के रूप प्रदर्शन किया। यह वर्ष वास्तव में प्रयास के बच्चों के लिए एक यादगार वर्ष रहा।

सार्वजनिक नीति

सार्वजनिक नीति क्लब का उद्देश्य नीति क्षेत्र में छात्रों के कैरियर को बढ़ावा देना और नीति पर बहस को सुगम बनाना रहा है।

क्लब ने चल रहे नीतिगत मुद्दों पर कई सत्र आयोजित किए, जिन्हें आईआईएमए समुदाय के लिए खुला रखा गया था। एक खुली चर्चा के बाद सत्रों के प्रारूप में दो क्लब सदस्यों द्वारा एक पूर्व-चयनित विषय पर एक प्रस्तुति शामिल थी। क्लब ने प्रस्तावित आईआईएम विधेयक पर और, एक संगठित नागरिक संहिता की आवश्यकता, जीएसटी विधेयक और भूमि अधिग्रहण कानून की आवश्यकता पर सफलतापूर्वक सत्रों का आयोजन किया। इन्हीं विषयों पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता के बाद सत्रों का आयोजन किया गया। क्लब ने निशे के सहयोग से उपभोक्ता संरक्षण कानून के एक सत्र के माध्यम से स्थानन के लिए छात्रों की तैयारी में सहायता प्रदान की।

क्लब ने डॉ. रघुराम राजन (गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक), श्री हर्षवर्धन मोदी (प्रमुख अधिकारी, आरटीओ अहमदाबाद), प्रोफेसर टी.टी. राम मोहन (मौद्रिक नीति विषय पर), प्रोफेसर हर्ष मंदर (सांप्रदायिक हिंसा पर), और प्रोफेसर सेबस्टियन मॉरिस और अनुराग अग्रवाल (भारतीय संविधान पर) के अतिथि वक्ता सत्रों का भी आयोजन किया।

आरटीईआरसी

शिक्षा का अधिकार संसाधन केंद्र (आरटीईआरसी) आज की मौजूदा शैक्षणिक असमानताओं को ठीक करने का एक प्रयास है। प्रोफेसर अंकुर सरीन और आशीष रंजन (पीजीपी 2012-2014) ने इस कल्याण कार्य के लिए पूरे समय काम करने का फैसला किया है। आज की मुख्य टीम में अनुसंधान सहयोगी, इंटर्न और स्वयंसेवकों को शामिल किया गया है। छात्र दल मुख्य टीम के साथ और देश भर से अन्य परिसरों के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर काम करता है। टीम ने आरटीई अधिनियम की धारा 12 (1) (सी) और सरकारी स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समितियों के कामकाज के कार्यान्वयन के लिए प्रचार अभियान जैसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से योगदान दिया है। टीम ने नीति कार्यान्वयन पर एक शीतकालीन स्कूल भी आयोजित किया, जिसमें अध्यापनविदों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मीडिया कर्मियों और देश भर के करीब 80 छात्रों की प्रतिभागिता देखी गई। इग्नाइट; शैक्षिक पहल केंद्र द्वारा कॉन्फ्लुअन्स के दौरान आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में देश भर के परिसरों की अच्छी भागीदारी देखी गई। शिक्षा स्थल पर स्थायी प्रभाव बनाने के एक अवसर के रूप में आरटीई संसाधन केंद्र को देखा जाता है।

स्माइल

संस्थान ने सामुदायिक सेवा सहायता कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, वाघ बकरी चाय समूह और अहमदाबाद नगर निगम के साथ मिलकर वस्त्रापुर और उसके आसपास रहने वाले वंचित छात्रों के लाभ के लिए ज्ञान शक्ति मार्ग पुल के नीचे स्माइल एसएमआईएलई (विशिष्ट पढ़ाई के लिए छात्र मध्यस्थता पहल) एक अनुपूरक शिक्षा / संसाधन केंद्र स्थापित किया है। कक्षा 9, 10, 11 और 12 (विज्ञान, कला और वाणिज्य) के छात्रों के लिए कक्षाएँ आयोजित की जाती हैं। यह केन्द्र निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करता है वातानुकूलित कक्षाएँ, एक पूर्णतः कार्यात्मक पुस्तकालय, गतिविधि कक्ष, खेल, पानी के कूलर, शौचालय आदि। केन्द्र छात्रों और बीच में ही पाठशाला छोड़ने वालों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करने के बारे में योजना बना रहा है।

स्माइल में की जा रही सभी गतिविधियों को छात्र स्वयंसेवकों द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसकी बढ़ती लोकप्रियता के साथ बाहरी स्वयंसेवकों ने भी केन्द्र में अध्यापन करना शुरू कर दिया है।

छात्र स्वयंसेवकों के साथ एक सौहार्दपूर्ण संबंध साझा करते हैं। उनमें समुदाय के अपने होने की ही भावना रहती है जो स्माइल केंद्र का जूनून है। नियमित शिक्षण सत्रों के अलावा, स्वयंसेवको को कक्षाओं के बाद छात्रों के साथ संवाद करते, साथ मिलकर चाय-नाश्ता करते, उनके मौहल्ले की मुलाकात करते और कभी-कभी उनके घरों की अचानक मुलाकात करते देखा जा सकता है।

खेल समिति

खेल समिति आईआईएमए समुदाय में नियमित रूप से खेलों का आयोजन करने के लिए जिम्मेदार है। यह वर्ष यलगार के साथ शुरू हुआ, जिसमें नए भर्ती हुए छात्रों को अपने वरिष्ठ सदस्यों को सभी खेलों में कठिन मुकाबला करते देखा गया। इसके बाद अक्टूबर में शौर्य का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली और इंदौर तक के दूरस्थ संस्थानों के छात्रों ने तीन दिन तक चलने वाले इस खेल आयोजन में भाग लिया। इसमें एक अच्छे अंतर से संस्थान समग्र विजेता के रूप में उभरा।

केक पर चेरी की तरह समिति का अंतिम आयोजन संघर्ष था। आईआईएम ए, बी, सी और एल ने प्रमुख अंतरआईआईएम टूर्नामेंट के लिए ट्रॉफी पर कब्जा करने के लिए आपस में कड़े मुकाबले किए। संस्थान में पूरे वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम में एक बहुत ही उत्सवी और आनंद उल्लास का माहौल देखा गया। अंत में, तैयारी के दो महीनों के बाद जनवरी में परिणाम मिला, जब आईआईएम अहमदाबाद ने ट्रॉफी पर जीत बनाए रखने में कामयाबी पाई, लगातार तीसरे साल इस टूर्नामेंट को जीत लिया। हमारे कबड्डी खिलाड़ियों के साथ साथ संकायों को भी प्रसारण में दिखाकर स्टार स्पोर्ट्स ने प्रायोजकता से प्रसारण किया वह एक और बोनस था। ट्रॉफी जीतने के बाद, सभी टुकड़ियों ने भी परिसर के चारों ओर एक बहुत ही उल्लासपूर्वक जीत पर जुलूस निकाल कर खुशी जताई।

स्टारगेजर्स

स्टारगेजर्स - सितारें अवलोकन कर्ताओं की टीम, खगोल विज्ञान को बढ़ावा देने और ब्रह्माण्ड विज्ञान, विज्ञान कथा, अंतरिक्ष तकनीक, भौतिकी और दर्शन पर आधारित नवीन और रोमांचक घटनाओं का आयोजन करने वाला एक विशेष हित समूह है। पिछले वर्ष इस समूह द्वारा आयोजित प्रमुख आयोजनों में निम्नलिखित शामिल हैं। :-

- **रात्रि आकाश दर्शन सत्र**: सितारों, नेबुला, ग्रहों और परिसर से दिखाई देने वाली अन्य आकाशीय वस्तुओं के बारे में अतिरिक्त जानकारी के साथ यह एक शानदार सत्र रहा। यह सत्र श्री डी. श्रीनिवासन जो सशस्त्र बल कार्यक्रम से हैं उनके द्वारा दिया गया था, जो पिछले 20 वर्षों से खगोल विज्ञान के शौकीन और उत्साही रहे हैं।
- **चंद्र अवलोकन सत्र**: सुपरमून चंद्र ग्रहण की घटना का अवलोकन करने के लिए और चन्द्रमा को उनकी पूर्ण भव्यता में अवलोकित करने ने लिए दूरबीन के साथ एक व्यावहारिक एवं क्रियाशील सत्र आयोजित किया गया।
- **फिल्म प्रसारण - अपोलो 13**: वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक क्लासिक फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म में अपोलो 13 के चालक दल को चन्द्र तक जाने के रास्ते में अवकाश यात्रा के दौरान जो अनिश्चितताओं ओर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था उसकी जानकारी दी गई।
- **स्टार पहेली:** खगोल विज्ञान के दिलचस्प सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं का परीक्षण करने के लिए स्टारगेज़र्स द्वारा वार्षिक खगोल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

महिला नेतृत्व सोसायटी

